नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 172 | नई दिल्ली, शुक्रवार 20 सितम्बर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

श्रद्धा कपूर की स्त्री2 नहीं थकने वाली... पेज-12

## एक नजर

### मोहना सिंह तेजस लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला पायलट बनीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहना सिंह आईएएफ के तेजस लड़ाकू स्क्वाड्रन का हिस्सा बनने वाली भारत की पहली महिला पायलट बन गई हैं। मोहना जून 2016 में भारतीय वायुसेना में शामिल होने वाली पहली तीन महिला लड़ाकू पायलटों में से एक थीं। उन्हें गुजरात के नलिया में स्थित नंबर 18 फ्लाइंग बुलेट्स स्क्वाड्रन सौंपा गया है। मोहना ने हाल ही में तरंग शक्ति बहुपक्षीय हवाई युद्ध अभ्यास में भाग लिया। वह पहले नंबर 3 फाइटर स्क्वाड्रन का हिस्सा थीं, उन्होंने मिग-21 बाइसन विमान उड़ाया। अवनी चतुर्वेदी, भावना कंठ और मोहना सिंह भारतीय वायुसेना की पहली महिला फाइटर पायलटों के बैच में शामिल हुई थीं। केंद्र सरकार ने पायलट आधार पर महिलाओं के लिए फाइटर स्ट्रीम खोलने का फैसला लेने के एक साल के अंदर, उन्हें 2016 में आईएएफ में कमीशन किया था। फरवरी 2018 में अवनी चतुर्वेदी मिग-21 बाइसन उड़ाकर अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थी, जिन्होंने जामनगर बेस से उड़ान भरी थी। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि 2022 में शुरू की गई महिला लड़ाकू पायलटों की प्रायोगिक योजना को अब स्थायी योजना में बदल दिया है। स्क्वाड्रन लीडर मोहना भारतीय वायुसेना की एक प्रमुख महिला फाइटर पायलट हैं। उनके पिता, प्रताप सिंह, एक रिटायर्ड एयरफोर्स ऑफिसर हैं और उनकी मां, मंजू सिंह टीचर हैं। मोहना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के एयरफोर्स स्कूल से प्राप्त की और बाद में पंजाब के अमृतसर में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। वह जून 2016 में भारतीय वायु सेना में शामिल हुईं। अवनी और भावना के साथ पहली महिला फाइटर पायलटों के समूह का हिस्सा बनीं।

### गाजा सिटी स्कूल पर इजरायली हमले में पांच बच्चों समेत आठ की मौत

**गाजा, एजेंसी।** गाजा शहर के पूर्व में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली विमानों ने शुजाय्या पड़ोस में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले इब्न अल-हेथम स्कूल पर बमबारी की। गाजा सिविल डिफेंस ने एक प्रेस बयान में कहा, हमारी टीमों ने इजरायली हवाई हमले के परिणामस्वरूप पांच बच्चों और दो महिलाओं सहित आठ पीड़ितों के शव बरामद किए हैं। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि हवाई हमले से स्कूल के प्रांगण और कक्षाओं में काफी नुकसान हुआ है। इस बीच इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा शहर में इब्न अल-हेथम स्कूल के नाम से जाने जाने वाले कमांड और कंट्रोल सेंटर पर हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाया। इजरायल ने सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के आतंक का बदला लेने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू किया है, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर में किया वादा

# जम्मू कश्मीर को वापस मिलेगा राज्य का दर्जा

- विधानसभा चुनाव : पीएम मोदी ने कटरा में रैली को किया संबोधित



**श्रीनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर हमला करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही इन 'तीन खानदानों' का सियासी एजेंडा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भारतय जनता पार्टी (भाजपा) ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन्होंने (कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस)जम्मू-कश्मीर को सिर्फ तशद्दुद यानी डर और इंतशार यानी अराजकता ही दी है। उन्होंने कहा, लेकिन अब जम्मू-कश्मीर, इन तीन खानदानों के शिकंजे में नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद से आजाद करना, जम्मू कश्मीर के खिलाफ साजिश करने वाली हर ताकत को हराना और यहां के नौजवानों को यहीं पर रोजगार के मौके दिलाना यह मोदी का इरादा है और मोदी का वादा है। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के अपने दौरे का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि तब उन्होंने जम्मू-कश्मीर की बबार्दी के लिए 'तीन खानदान' को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा, तब से दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक, ये लोग बौखलाए हुए हैं। इन्हें लगता है कि इन पर कोई कैसे सवाल उठा सकता है? इन्हें लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आप सबको लूटना इनका पैदाइशी हक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर की वर्तमान पीढ़ी को 'तीन खानदानों' के हाथों तबाह नहीं होने देंगे और इसलिए वह यहां अमन की बहाली के लिए पूरी ईमानदारी से जुटे हैं। उन्होंने कहा, आज देखिए, पूरे जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं। बच्चों के हाथ में कलम, किताबें और लैपटॉप हैं। आज स्कूलों में आग लगने की खबरें नहीं आती, बल्कि आज यहां नए स्कूल, नए कॉलेज, एम्स, मेडिकल कॉलेज और आईआईटी बनने की खबरें आ रही हैं।

प्रधानमंत्री ने लोगों से चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार जम्हूरियत, अमन और खुशहाली के लिए आपके बीच में हैं। पहले चरण के चुनाव के तहत जम्मू-कश्मीर में हुए मतदान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस 'बंपर मतदान' ने पत्थरबाजी और दहशतगर्दी की हमदर्द पार्टियों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, यहां की अवाम को मोदी की सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है।

प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान लोगों ने 'मोदी-मोदी', 'खुशामदीद मोदी' और 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारे लगाए, जिस पर मोदी ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। चुनाव में जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने के प्रमुख मुद्दे पर भी मोदी ने अपना पक्ष रखा और कहा कि उन्होंने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा। उन्होंने कहा, भाजपा ही इस प्रतिबद्धता

### सब का मकसद जम्मू कश्मीर की तेज तरक्की

पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत कश्मीरी भाषा में की। उन्होंने कहा कि हम सब का मकसद जम्मू कश्मीर की तेज तरक्की है। तेज तरक्की का जज्बा और बुलंद करने के पैगाम के साथ मैं आपके बीच में आया हूं। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जम्हूरियत का त्योहार चल रहा है। पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना राज्य में वोटिंग हुई है। हम सभी के लिए ये खुशी और गर्व की बात है कि इतनी बड़ा तादाद में लोग वोटिंग लिए घरों से बाहर निकले। किश्तवाड़ में 80 फीसदी से ज्यादा वोटिंग, डोडा में 71 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग। ये नया इतिहास बना है। ये इतिहास जनता ने रचा है।

### बबार्दी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले जब जम्मू-कश्मीर आया था तो कहा था कि यहां की बबार्दी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से दिल्ली से लेकर कश्मीर तक ये लोग बोखलाए हुए हैं। तीन खानदानों को लगता है कि इनपर कोई कैसे सवाल उठा सकता है। इन्हें लगता है जैसे तैसे कुर्सी पर कब्जा करना और लोगों को लूटना इनका पैदायशी हक है। जम्मू कश्मीर की आवाम को जायज हक से अलग रखना ही इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने जम्मू कश्मीर को केवल डर और अराजकता ही दी है। पीएम मोदी ने कहा कि इन तीन खानदानों के राज में जम्मू कश्मीर के नौजवानों ने जो भोगा है जो तकलीफ सही वो अक्सर बाहर नहीं पाती है।

### बच्चों का भविष्य बर्बाद किया गया- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आज वादी में जो नौजवान 30 साल का है उनमें से कई पढ़ाई लिखाई से महरूम रह गए। बहुत लोग ऐसे हैं जिन्हें 10वीं-12वीं या कॉलेज पहुंचने में देश के बाकी बच्चों से देर लगी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन खानदान फेल हुए है। इन्होंने दशकों तक नफरत का सामान बेचा। कश्मीर में जो स्कूल जलाए गए वो आग भी इनके नफरत के बाजार में बिकती थी। इन्होंने नए स्कूल नहीं बनाए लेकिन स्कूल को आग के हवाले करने वालों को शह देते थे। जो स्कूल कॉलेज बच गए वहां भी कई महीनों तक पढाई नहीं हो पाती थी। हमारे नौजवान पढ़ाई से दूर थे और ये तीन खानदान उनके हाथों में पत्थर थमा कर महफूज रहते थे। इन्होंने अपने फायदे के लिए हमारे बच्चों का भविष्य बर्बाद किया है।

### बच्चों के हाथ में पत्थर नहीं बल्कि पेन-किताब

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर को टेरर से आजाद कराना। साजिश करने वालों को हराना, यहां के नौजवानों को यहीं नौकरी का अवसर दिलाना ये मोदी का वादा है। हमारी एक और पीढ़ी-नस्ल को इन तीन खानदानों के हाथों में तबाह नहीं होने दूंगा। यहां अमन की बहाली के लिए मैं पूरी इमानदारी से जुटा हूं। देखिए पूरे जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं, बच्चों के हाथ में पत्थर नहीं बल्कि पेन-किताब और लैपटॉप हैं। आज स्कूलों में आग लगने की खबरें नहीं आती। आज यहां नए स्कूल-कॉलेज, एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी बनने की खबरें आ रही हैं।

## व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण से हटे मीडिया: उपराष्ट्रपति धनखड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत के खिलाफ खतरनाक मंसूबे रखने वालों से सावधानी बरतनी चाहिए।

श्री धनखड़ ने गुरुवार को यहां संसद भवन में संसद टीवी के तीसरे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के दौरान कहा कि देशविरोधी ताकतें राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम उन लोगों के साथ संबंध नहीं रख सकते ,जिनका अस्तित्व ही भारत के विरोध से स्थापित है। वे भारत के अस्तित्व को चुनौती देने के आकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर कुछ लोग राष्ट्रीय प्रगति और संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। देश के अंदर और बाहर कुछ लोग भारत की संस्थाओं और राष्ट्रीय प्रगति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री धनखड़ ने राष्ट्रीय विमर्श को आकार देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और कहा कि पत्रकारिता में व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण से हटने और संस्थानों के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट करते हुए, श्री धनखड़ ने अनुचित आलोचना की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में चिंता व्यक्त की।

## नवादा में महादलितों का घर फूंकने में 28 पर केस

# मुख्य आरोपी नंदू पासवान समेत 15 अरेस्ट

**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा में महादलित परिवार के घरों को आग के हवाले करने के मामले में 28 नामजद लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने इस कांड के मुख्य आरोपी नंदू पासवान को भी पकड़ लिया है। इस केस के ज्यादातर आरोपी दलित हैं। बता दें कि मुफस्सिल थाना इलाके में देदौर गांव में नदी किनारे बसे कृष्णा नगर टोले में महादलित समाज के घरों को बुधवार रात आग के हवाले कर दिया गया था। आरोपियों ने मौके पर फायरिंग भी की थी।



बिहार सरकार में मंत्री रत्नेश सदा ने गुरुवार को घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ितों से बातचीत कर राहत मुहैया कराने एवं उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। टना की जांच के लिए पटना के अपर पुलिस महानिदेशक (विधि व्यवस्था) संजय सिंह, मगध रेंज के आईजी क्षत्रनील सिंह और कमिश्नर प्रेम सिंह मीणा गुरुवार दोपहर नवादा पहुंचे। डीएम-एसपी समेत विभिन्न पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक कर पूरे हालात पर चर्चा की। बाद में तीनों अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।

पूरा मामला जमीन विवाद में दबंगों द्वारा कृष्णा नगर टोले में स्थित महादलित परिवारों के घरों को फूंक दिए जाने, क्षतिग्रस्त करने एवं फायरिंग करने से जुड़ा है।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार

नवादा कांड में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के प्राण बिगहा गांव निवासी नंदू पासवान, महेश पासवान, अखिलेश कुमार, नंदू पासवान का बेटा रामनगीना, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार उर्फ अभिषेक कुमार, विक्रम पासवान, दीपक पासवान, मुकेश पासवान, वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के ठेरा सराय गांव निवासी विकास पासवान, काशीचक थाना क्षेत्र के उपरावां (वर्तमान निवास प्राण बिगहा) गांव निवासी पवन पासवान, नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के रघनाथपुर गांव निवासी दशरथ चौहान, रामशरण चौहान, बद्री चौहान एवं सिपाही चौहान शामिल हैं।

## हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना: राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूत नौसैनिक क्षमता की जरूरत पर बल देते हुए नौसेना के शीर्ष कमांडरों से मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है।

श्री सिंह ने गुरूवार को यहां नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण में कमांडरों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को और अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए और कमांडरों को समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर आज के अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने हिंद महासागर में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए



भारतीय नौसेना की सराहना की और इस क्षेत्र को आर्थिक, भू-राजनीतिक, व्यापार और सुरक्षा पहलुओं की दृष्टि से संवेदनशील बताया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक समय समुद्र तटों से घिरा हुआ देश था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीप देश के रूप में देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में प्रथम उत्तरदाता के रूप में विश्वसनीयता के लिए भारतीय नौसेना की तत्परता की सराहना की।

श्री सिंह ने कहा, दुनिया के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो इसे मूल्यवान बनाता है। वहीं, समुद्र में समुद्री डकैती, अपहरण, ड्रोन हमले, मिसाइल हमले और समुद्री केबल कनेक्शन में व्यवधान जैसी घटनाएं इसे बेहद संवेदनशील बनाती हैं। हमारी नौसेना ने इंडो-पैसिफिक के सभी हितधारक देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके समुद्री डकैती विरोधी अभियानों को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सराहना मिल रही है। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है। जब भी जरूरत होगी, हम क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षमता विकास के लिए अत्याधुनिक जहाजों, पनडुब्बियों आदि को शामिल करके भारतीय नौसेना को और अधिक शक्तिशाली बनाने के सरकार के प्रयास को दोहराया। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय शिपयार्डों में 64 जहाज और पनडुब्बियां निमार्णाधीन हैं, और 24 अतिरिक्त प्लेटफार्मों के लिए ऑर्डर दिए गए हैं।

श्री सिंह ने कहा कि, पिछले पांच वर्षों में, नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का त्वरित विकास हुआ है। नौसेना के स्वदेशीकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कमांडरों को 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के संकल्प को और मजबूत बनाने के तरीके तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नौसेना को 'खरीदार' से 'निमार्ता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा।

रक्षा मंत्री ने एकीकरण और संसाधनों के इष्टतम उपयोग के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हालांकि भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की अपनी ताकत, जनादेश और काम करने के तरीके हैं, लेकिन देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए और अधिक समन्वय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में आयोजित ह्यटेक डेमोह्ल में भी भाग लिया। नौसेना के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन हथियार और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम इंजीनियरिंग प्रतिष्ठान सहित विभिन्न एजेंसियों ने स्वदेशी समाधानों का प्रदर्शन किया, जिसमें स्वायत्त प्रणाली, डोमेन जागरूकता, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो और अन्य विशिष्ट तकनीकी पहल शामिल हैं।

## कोलकाता रेप केस: जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने का किया ऐलान

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर मामले के बाद प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया है। डॉक्टर्स शनिवार से काम पर वापस लौटेंगे। हालांकि, अभी इमरजेंसी सेवाएं ही खुलेंगी, जबकि ओपीडी सेवाएं चालू नहीं होंगी। जूनियर डॉक्टर्स 9 अगस्त की रेप की घटना के बाद से ही विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकाता पुलिस कमिश्नर को हटाए जाने समेत पांच मांगें रखी थीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद डॉक्टर्स की ज्यादातर मांगों को मान लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए डॉक्टर्स से काम पर वापस लौटने के लिए कहा था।



आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कहा, "शनिवार से बंगाल के सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन, आवश्यक सेवाएं आंशिक रूप से बहाल होंगी। बंगाल में बाढ़ प्रभावित लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।" उन्होंने कहा, "न्याय के लिए हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।" प्रदर्शनकारी डॉक्टरों में से एक डॉ. अकीब ने कहा कि वे विरोध को अलग तरीके से लेंगे। विरोध के 41वें दिन, उन्होंने कहा, "पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट यह कहना चाहता है कि हमने अपने आंदोलन के दौरान बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन कई चीजें अभी भी हासिल नहीं हुई हैं... हमने कोलकाता के पुलिस आयुक्त और डीएमई, डीएचएस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आंदोलन खत्म हो गया है। हम इसे नए तरीके से आगे बढ़ाएंगे।" अकीब ने कहा, "हम अभी भी मांग करते हैं कि प्रमुख सचिव को हटाया जाए।"

गुरुवार को ही पश्चिम बंगाल सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा और कुशल कामकाज पर निर्देशों की एक सूची जारी करते हुए कहा है कि इन्हें तुरंत लागू करने की जरूरत है। ये निर्देश सरकार द्वारा इन्हीं मुद्दों पर आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों के साथ बैठक के एक दिन बाद जारी किए गए हैं।

# शादी का झांसा देकर 50 से अधिक महिलाओं से ठगी करने वाला गिरफ्तार




नई दिल्ली, एजेंसी। शादी का झांसा देकर विभिन्न राज्यों की 50 से अधिक महिलाओं से लाखों रुपये धोखाधड़ी करने वाले शातिर ठग मुकीम अय्यूब खान को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। जीवनसाथी डॉट कॉम और शादी डॉट कॉम जैसी वैवाहिक वेबसाइटों पर आकर्षक विवरण के साथ फर्जी आइडी बनाकर वह शादी के बहाने हाई-प्रोफाइल व सामान्य महिलाओं को बनाता था शिकार था। महिलाओं को झांसे में लेने के लिए वह खुद को सरकारी विभाग में वरिष्ठ अधिकारी होने का दावा करता था। डीसीपी क्राइम ब्रांच संजय कुमार सेन के मुताबिक मुकीम अय्यूब खान, शास्त्री पार्क में रहता था। वैसे मूलरूप से वह उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। कई राज्यों की रहने वाली महिलाओं से ठगी करने के कारण उक्त राज्यों की पुलिस मुकीम की तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच को गत दिनों जानकारी मिली कि मुकीम खान नाम के शख्स ने शादी के बहाने कई महिलाओं को धोखा दिया है। विभिन्न राज्यों की पुलिस के लिए वह वांछित है। एसीपी सुशील कुमार डैला की टीम ने मुकीम खान को पकड़ने के लिए छानबीन शुरू कर दी।

पुलिस टीम अलग-अलग राज्यों में सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी करती रही लेकिन शुरू में उसका कोई अता पता नहीं चल रहा था क्योंकि मुकीम खान लगातार नई वारदातों को अंजाम देकर ठिकाना बदल लेता था। बुधवार को पुलिस को पता चला कि मुकीम अय्यूब खान वडोदरा, गुजरात से दिल्ली आ रहा है। पुलिस ने उक्त सूचना के आधार पर निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मुकीम ने बताया कि वह खुद को सरकारी विभाग में वरिष्ठ अधिकारी बताकर हाई-प्रोफाइल मुस्लिम अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा आदि महिलाओं और युवतियों को शादी का शिकार बनाता था। टारगेट तय करने के बाद वह महिलाओं से अपना मोबाइल नंबर साझा कर उनसे लुभावनी बातें कर उन्हें मनगढ़ंत कहानी बताता था कि वह सरकारी नौकर है। पत्नी की मृत्यु के कारण पारिवारिक समस्याओं के कारण वह इकलौती बेटी की देखभाल करने में असमर्थ है। आरोपी महिलाओं को वह पत्नी और बेटी की तस्वीरें भी शेयर करता था। महिलाओं का विश्वास जीतने के लिए वह उनके स्वजन से मिलकर शादी के बारे में बात करता था, शादी की तारीख आदि तय करता था। भोली-भाली महिलाएं व उनके स्वजन जब उसपर भरोसा कर लेती थीं, तब रिसॉर्ट, मैरिज हॉल, होटल आदि की बुकिंग के नाम पर वह मोटी रकम लेकर गायब हो जाता था। पुलिस का दावा उसने देश भर में कई महिलाओं को धोखा दिया है जिनमें अधिकांश महिलाएं तलाकशुदा व विधवा महिलाएं हैं क्योंकि नकली सहानुभूति और लुभावनी बातों के माध्यम से उनका विश्वास जीतना उसके लिए आसान था। आरोपी मुकीम के तीन बच्चे भी हैं मुकीम खान की शादी 2014 में हुई और उसके तीन बच्चे हैं। 2020 में पहले उसने शादी डॉट कॉम पर अपनी आइडी बनाई और कामकाजी महिला की रुचि के आधार पर वह उनसे मिलने वडोदरा गुजरात चला गया। बातचीत के बाद उसने उक्त महिला से शादी के लिए राजी हो गया। महिला तलाकशुदा महिला थी और उसकी पांच साल की बेटी थी। वडोदरा छोड़ने से पहले मुकीम ने उनसे यह कहकर 30000 रुपये ले लिए कि उसने अपना वॉलेट खो दिया है। महिलाओं को निशाना बनाने के लिए घूमता रहा शादी के बाद दोनों कुछ समय साथ रहे लेकिन मुकीम के मन में महिलाओं को इस तरह से धोखा देकर आसानी से पैसा कमाने का आपराधिक विचार आया। इसके बाद 2023 में उसने प्रीत विहार की एक महिला से इसी तरह झांसे में लेकर शादी कर ली। वह भी विधवा थी और उसकी पांच साल की बेटी है। इसी तरह देश के विभिन्न राज्यों में वह वैवाहिक साइटों से महिलाओं को निशाना बनाने की फिराक में घूमता रहा। शादी के नाम पर लक्षित महिलाओं से वह नकदी, मोबाइल फोन और गहने जैसे महंगे सामान भी ले लेता था। परिजन से मिलने के लिए हवाई टिकट बुक कराता था आरोपी अगर उसे ऐसी महिलाओं के पास कोई महंगा सामान नहीं मिलता था, तो वह नकदी की कमी या एटीएम के काम न करने की कहानी बनाकर महिलाओं को उनके नाम पर महंगे फोन और वाहन खरीदने का लालच देता था। अगर वे ऐसा नहीं करतीं और उनके पास नकदी थी तब वह उनके नाम पर वित्तपोषित करवा वह सामान ले लेता था और फिर उसे बेच देता था। कभी-कभी उसके रेलवे टिकट, हवाई टिकट भी पीड़ितों द्वारा अपने परिवार के साथ शादी के लिए मिलने के उद्देश्य से बुक किए जाते थे। आरोपी एक न्यायिक अधिकारी को बना चुका है शिकार उसकी शिकार हाई प्रोफाइल मुस्लिम महिलाएं यहां तक कि एक न्यायिक अधिकारी भी हुई हैं।

एक घटना में उसने एक महिला को अपनी तरफ से कुछ पैसे देकर उसके नाम पर उपहार के रूप में एक स्कूटी बुक की और पैसे की कमी के नाम पर शेष रकम महिला से ही वसूल की गई। स्कूटी की डिलीवरी लेने के बाद वह घूमने निकला और गायब हो गया। पुलिस का कहना है कि मुकीम ने कई महिलाओं को धोखा दिया है लेकिन कुछ ने ही उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके खिलाफ यूपी के रायबरेली, रामपुर, गोमती नगर, लखनऊ व दिल्ली में पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रशासनिक जड़ता के कारण पश्चिमी दिल्ली के बदतर जिंदगी जीने को मजबूर : उपराज्यपाल



नई दिल्ली, एजेंसी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हाल ही में पश्चिमी दिल्ली के मुंडका, नांगलोई, फिरनी रोड, रोहतक रोड का दौरा कर स्थानीय समस्याओं को जाना। उन्होंने गुरूवार को इन इलाकों में फैली गंदगी और बदहाली की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की और मुख्यमंत्री तथा मनोनीत मुख्यमंत्री से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा। एक्स पर किए पोस्ट में सक्सेना ने कहा की सरकार की उपेक्षा और संबंधित प्रशासनिक जड़ता के कारण पश्चिमी दिल्ली के लाखों लोग नरक से भी बदतर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि 2-2 फुट के गड्ढों और सीवर की पानी में डूबी विलुप्त सडकें, वर्षों से सफाई न होने से गाद भरे उफनते नाले, सीवर मिला घुटने भर बदबूदार पानी, सड़ते कूड़े, बैक फ्लो मारती सीवर लाइन, जहरीले कीड़े और मच्छरों के बीच सैंकड़ों लोग उद्गार और रोष व्यक्त करने को बेबस हैं।

उन्होंने कहा कि आम तौर पर उपेक्षित ये इलाके और इनके लोग पिछले कई सालों से सोशल मीडिया पर अपना कष्ट और रोष उजागर कर रहे हैं। क्षेत्र के निवासियों, नागरिक संगठनों, सांसद एवं पार्षद के लगातार अनुरोध के बाद सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और तुरंत राहत उपलब्ध कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि उपराज्यपाल लगातार दिल्ली के अलग-अलग इलाकों का दौरा कर स्थानीय समस्याओं को उजागर करते रहते हैं।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

## अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, आरोपी कारचालक गिरफ्तार



नई दिल्ली, एजेंसी। गांधी नगर इलाके में गुरुवार को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। घायलों में से एक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान लखनऊ, उत्तर प्रदेश स्थित तेली बाग लगुआखेड़ा गांव निवासी 40 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। जबकि घायल सुंदर नगरी निवासी मोहम्मद इस्लाम हैं। पुलिस ने आरोपी कारचालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पहचान 38 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। इसके साथ ही उसकी कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस आरोपी कारचालक से पूछताछ करते हुए मामले की जांच कर रही है। शाहदरा जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि गांधी नगर थाने में सड़क हादसे की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने पुलिस को बताया कि पुस्ता रोड पर मदर डेयरी के पास कार वाले ने 2-3 लोगों के ऊपर कार चढ़ा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस को कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली। कार सड़क के बीचोबीच डिवाइडर पर चढ़ी हुई थी। स्थानीय लोगों से पूछताछ व जांच से पता चला कि दो लोग हादसे में घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए एसडीएन अस्पताल ले जाया गया है। इसके अलावा आरोपी कारचालक राहुल पुलिस को मौके पर मौजूद मिला। उसे पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस टीम घायलों का बयान लेने के लिए अस्पताल पहुंची। वहां पुलिस को घायल सुंदर नगरी निवासी मोहम्मद इस्लाम मिले। वहीं, दूसरे घायल की पहचान 40 वर्षीय सोनू की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों व घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पकड़े गये आरोपी कारचालक से पूछताछ करते हुए मामले की जांच कर रही है।

# राजघाट के पास तेज रफ्तार कार रेलिंग से टकरायी, पांच छात्र हुए घायल



नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तरी दिल्ली में राजघाट के समीप बृहस्पतिवार तड़के एक तेज रफ्तार कार के एक रेलिंग से टकरा जाने से पांच छात्र घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस कार में सवार पांच लोग गुरुग्राम के एक पब में जन्मदिन की पार्टी मनाकर घर लौट रहे थे। पांचों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया ऐसा जान पड़ता है कि कार तेज रफ्तार से चलायी जा रही थी तथा शांतिवन और गीताकॉलोनी के बीच चालक उस पर से नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हुआ। रेलिंग का एक हिस्सा कार में घुस गया। पुलिस के मुताबिक दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र 19 वर्षीय अश्विनी मिश्रा ने अपना जन्मदिन मनाने के लिए एक रात के लिए कार किराए पर ली थी। पुलिस के अनुसार मिश्रा, अश्विनी पांडे (19), केशव (20), कृष्णा (18) और उज्ज्वल (19) बुधवार रात गुरुग्राम के जी टाउन नामक पब में गये थे।

मिश्रा, पांडे और केशव पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर के रहने वाले हैं जबकि कृष्णा साकेत का एवं उज्ज्वल छत्तरपुर का निवासी है। पुलिस का कहना है कि लौटते वक्त मिश्रा कार चला रहा था। पुलिस ने एक बयान में कहा, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से गुजरने के दौरान अपने मोबाइल फोन पर गाना बदलने के दौरान मिश्रा का ध्यान बंट गया और गाड़ी पर उसका नियंत्रण नहीं रहा। ऐसे में कार रेलिंग से जा टकरायी। पुलिस के मुताबिक मिश्रा, पांडे, केशव एवं कृष्णा दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के विद्यार्थी हैं जबकि उज्ज्वल एक निजी महाविद्यालय में पढ़ता है। पुलिस के अनुसार पांचों को दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें मिश्रा एवं पांडे की हालत नाजुक है।

## डूसू चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन आज, 20 सितंबर तक नाम वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए आज का दिन अहम है। आज नामांकन करने का अंतिम दिन है। उम्मीदवार दोपहर तीन बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। सवा तीन बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी। इसके बाद उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होगी।

20 सितंबर दोपहर 12 बजे तक नाम वापसी प्रक्रिया होगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः डीयू प्रशासन ने आखिरी दिन होने के चलते नामांकन प्रक्रिया के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। नामांकन के दौरान छात्र संगठनों द्वारा किसी भी तरह का हुड़दंग न किया जा सके, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। नामांकन केंद्र पर पुलिस और डीयू सुरक्षाकर्मियों का कड़ा पहरा रहेगा। गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद भावी उम्मीदवारों को जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा कराना होगा।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया करोल बाग इलाके में दुर्घटनास्थल का दौरा



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने करोल बाग इलाके में इमारत ढहने से हुई दर्दनाक मौतों पर दुख जताते हुए सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने आज घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि यह चिंताजनक है कि प्रशासन को लगातार जर्जर मकानों को दोबारा बनाने के आवेदन करने के बावजूद निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण इजाजत नही मिली जिसका परिणाम अम्बेडकर गली में ईमारत ढहने से 5 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि घायलों और मरने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दिल्ली में असंवेदनशील सरकार की नाकामियों के कारण दिल्ली में अलग-अलग कारणों से लगातार लोग मर रहे है। उन्होंने कहा कि घायलों और मरने वालों को उचित मुआवजा दिया जाए, मरने वालों में प्रवासी मजदूर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जल भराव, करंट, नालों में डूबने और ईमारतों में दबने के कारण मरने वालां को अभी तक सरकार ने कोई मुआवजा नहीं दिया है। श्री यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ईमारत ढहने के बाद अभी तक मलबा उठाने की प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की है जबकि पड़ोसियों को कहना है कि मलबे में कुछ लोग दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द मलबा उठाने का उचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि ईमारत ढहने से नजदीकी घरों में भी दरारे पड़ी है, हमारा कहना है कि पड़ौसी घरों के लिए भी प्रशासन उचित इंतजाम करे और भविष्य में और ऐसे दुखद हादसे न हो इसलिए सरकार को जर्जर ईमारतों का असेसमेंट करना चाहिए। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता ने जिन लोगों को चुनकर सत्ता सौंपी है वो नकारा साबित हो गए है। आम आदमी पार्टी की सरकार चौतरफा नाकाम साबित हुई है।

# हरियाणा में अरविंद केजरीवाल 20 सितंबर से करेंगे चुनाव प्रचार की शुरूआत : संदीप पाठक



नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल कल से हरियाणा में चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पहली बार हरियाणा में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ईश्वर की कृपा और आपकी दुआओं से भाजपा के षडयंत्र और चंगुल से निकलकर जेल से बाहर आ गए हैं। अब अरविंद केजरीवाल हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल 20 सितंबर से हरियाणा में चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। अरविंद केजरीवाल कल यमुनानगर के जगाधरी विधानसभा में अपना पहला रोड शो करेंगे। जगाधरी के बाद अरविंद केजरीवाल डबवाली, रानिया, भिवानी, मेहम, पूंडरी, कलायत, रेवाड़ी, दादरी, असंध, बल्लभगढ़ और बादरा में भी चुनाव प्रचार करेंगे। फिलहाल अरविंद केजरीवाल जी 11 जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे, जहां पर उनके 13 कार्यक्रम होंगे। इसके बाद का उनका शेड्यूल आने वाले कुछ दिनों में मीडिया के साथ शेयर कर दिया जाएगा। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि अगर आप हरियाणा की राजनीति को देखेंगे तो यह बड़ा स्पष्ट है कि भाजपा इस बार पूर्ण रूप से हरियाणा से साफ होने वाली है।

# डूसू चुनाव के लिए 15 से ज्यादा प्रत्याशियों ने किया नामांकन

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव वर्ष 2024-25 सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार शाम तीन बजे खत्म हो गई। अंतिम दिन दोपहर से ही प्रत्याशियों ने नामांकन के लिए आना शुरू कर दिया था। एबीवीपी, एनएसयूआई, आइसा और एसएफआई की ओर से कुल 15 से ज्यादा प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। एबीवीपी की ओर से छह, जबकि आइसा और एसएफआई की ओर से पांच-पांच प्रत्याशियों ने चार पदों के लिए नामांकन किया है। वहीं, एनएसयूआई से भी पांच प्रत्याधियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी संगठन कल नामांकन वापसी के बाद अपने अपने प्रत्याशियों को अंतिम रूप देंगे। अगस्त के अंतिम सप्ताह में डूसू चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद 4 सितंबर से डूसू चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नामांकन के अंतिम दिन आज नामांकन ऑफिस के बाहर गेट नंबर चार के पास दिल्ली पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दिल्ली पुलिस के जवानों के अलावा यहां अर्धसैनिक बल के जवानों की भी तैनाती की गई थी। उधर, नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों की भीड़ आने के चलते डीयू के आर्ट्स फैकल्टी के सामने स्थित गेट नंबर 4 को बंद ही रखा गया। प्रत्याशियों के अलावा यहां से और किसी को भी जाने की अनुमति नहीं थी। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर गेट के बाहर छात्रों को रोकने की व्यवस्था की थी। बिना जांच के किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। बावजूद इसके विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से आर्ट्स फैकल्टी की ओर जाने वाले छात्रा मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही। बड़ी संख्या एबीवीपी और एनएसयूआई के छात्र कार्यकर्ता अपना शक्ति प्रदर्शन करने के लिए गाड़ियों का काफिला लेकर पहुंचे थे। अब नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 20 सितंबर को नामांकन पत्रों की वापसी के बाद बाकी बचे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद प्रत्याशियों को बैलट नंबर आवंटित कर दिए जाएंगे।

बता दें, इससे पहले तय कार्यक्रम के अनुसार डूसू चुनाव के लिए 17 सितंबर को नामांकन की आखिरी तारीख थी। लेकिन, कुलसचिव कार्यालय द्वारा तारीख में संशोधन करके इसे 19 सितंबर कर दिया था।

# एक नजर

## लाला सूरजभान जैन की 41वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ता रहे लोकतंत्र सेनानी व आपातकाल बंदी लाला सूरजभान जैन की 41वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिल्ली के भोलानाथ नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने वहां पहुँचकर जैन को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर सचदेवा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के क्रम में जरूरतमन्दों के लिए संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का अवलोकन किया व चिकित्सकों से समुचित परामर्श प्रदान करने का आग्रह किया।

## गैंगस्टर हाशिम बाबा गिरोह के दो शूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और मेरठ एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार तड़के कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा गैंग के दो शूटर अनस खान और असद अमीन को मुठभेड़ के बाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी थी। इन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों बदमाश ग्रेटर कैलाश में जिम मालिक नादिर शाह की हत्या करने वाले शूटरों के भी बेहद करीबी बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से कुल आठ राउंड फायरिंग की गई। दरअसल नादिर शाह हत्याकांड में गैंगस्टर हाशिम बाबा का नाम सामने आया है। इसलिए पुलिस अब पकड़े गए इन दोनों शूटरों से भी पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या इनकी भी इस हत्याकांड में कोई भूमिका रही है? या फिर इन्होंने आरोपी शूटरों को किसी तरह की कोई मदद पहुंचाई है? बहरहाल इनके कब्जे से तीन पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी अनस पर हत्या और हत्या के प्रयास के चार मामले दर्ज हैं।

## चोरी की मोबाइल बेचने वाले दो धरे

नई दिल्ली, एजेंसी। द्वारका जिला पुलिस की एंटी-बर्गलरी सेल ने 18 सितंबर को दिल्ली से चोरी और लूट के मोबाइल को उत्तर प्रदेश और बिहार में बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों अजय कुमार और बिजेंदर के पास से 20 मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले एक माह में 60 मोबाइल यूपी और बिहार में बेच चुके हैं। दोनों आरोपी झपटमारी और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों से सस्ते दामों में मोबाइल खरीदते हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों के संपर्क में रहने वाले बदमाशों की पहचान कर रही है।

## फर्जी दस्तावेज लगाकर जमानत मांगने वाले पर केस दर्ज करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी। साकेत कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को उस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जिसने अपनी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए जाली मेडिकल दस्तावेज जमा किए थे। एडिशनल सेशन जज सुगंधा अग्रवाल त्रिलोक चंद चौधरी की अर्जी पर सुनवाई कर रही थीं, जो आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू ) द्वारा दर्ज धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश मामले में आरोपी हैं। चौधरी को 3 अगस्त को चिकित्सा कारणों से चार सप्ताह की अंतरिम जमानत दी गई थी। इसके बाद उन्होंने जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए याचिका दायर की और कहा कि उनकी स्थिति असुरक्षित है क्योंकि वह 100 प्रतिशत हृदय अवरोध और अनियंत्रित मधुमेह से पीड़ित हैं। अदालत ने कहा कि चौधरी ने 11 सितंबर को अपनी मेडिकल रिपोर्ट जमा की थी। डॉक्टर ने उनके रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण में लाने के एक महीने बाद कोरोनरी एंजियोग्राफी और स्टेंट डालने की सलाह दी थी। उसी डॉक्टर ने आरोपी को 2 सितंबर को यह कहते हुए छुट्टी दे दी थी कि उसकी चिकित्सीय स्थिति स्थिर है। जांच अधिकारी (आईओ) की सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार, चौधरी की जांच नहीं की गई क्योंकि वह 11 सितंबर को डॉक्टर के पास नहीं गया था। अदालत ने कहा कि पर्चे पर डॉक्टर की मुहर नहीं थी और डॉक्टर की लिखावट और हस्ताक्षर पहले की रिपोर्टों से अलग थे। अदालत ने साकेत पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस अधिकारी (एसएचओ) को चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

## सत्येंद्र जैन ने नई जमानत याचिका दायर की

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने धन शोधन मामले में नई जमानत याचिका दायर की। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जमानत आवेदन पर विशेष सीबीआई जज राकेश सयाल ने ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत जमानत अर्जी पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगी। वहीं मुख्य मामले में जहां आरोप पत्र पर बहस हो रही है को 5 अक्तूबर के लिए सूचीबद्ध किया है। सत्येन्द्र जैन की ओर से वकील विवेक जैन पेश हुए। जैन को मई 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। जैन की याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुकदमे के लंबित रहने के दौरान आरोपी को अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखा जा सकता। जैन की डिफॉल्ट जमानत याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। उनकी पिछली जमानत अर्जी और अंतरिम जमानत अर्जी ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दी थी। हालाँकि, उन्हें स्वास्थ्य आधार पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम अनुमति दी गई थी। कई माह तक अंतरिम जमानत पर रहने के बाद उन्हें दोबारा न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

## दिल्ली के कुछ इलाकों में शुक्रवार को 12 घंटे तक पेयजल आपूर्ति नहीं होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में शुक्रवार को 12 घंटे तक पेयजल आपूर्ति नहीं होगी। दिल्ली जल बोर्ड ने यह जानकारी दी है। इस संबंध में जारी बयान के मुताबिक प्रभावित इलाकों में सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़ गंज, ओल्ड एवं न्यू राजेंद्र नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, छावनी क्षेत्र के कुछ हिस्से तथा नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के तहत आने वाले कुछ के इलाके एवं दक्षिण दिल्ली के इलाके शामिल हैं। बयान के अनुसार, डॉ. आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक, सिविल लाइंस के परिसर में चंद्रावल वाटर वर्क्स से निकलने वाली 500 मिलीमीटर व्यास वाली राइजिंग मेन में लीकेज की मरम्मत के चलते चंद्रावल वाटर वर्क्स के बंद रहने के कारण 20 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से 12 घंटे तक चंद्रावल वाटर वर्क्स से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## अवैध शराब के साथ दो तस्कर पकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी। वसंत कुंज पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने 17 सितंबर की देर रात दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों विनोद और शिवम सैनी के पास से एक कार और अवैध शराब बरामद की 41 पेटी बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि इंस्पेक्टर अरविंद प्रताप सिंह की टीम 17 सितंबर को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बंगाली बस्ती, रंगपुरी के पास से कार से आ रहे विनोद और शिवम सैनी को जांच के लिए रोका। इसके बाद कार से अवैध शराब बरामद हुई।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत






**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** गुरुवार को नोएडा में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार से मा. सांसद त्रिवेंद्र रावत का भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को आगे ले जाते हुए आगमन हुआ । विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु चलाए जा रहे देशव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज नोएडा के सेक्टर-71 स्थित जनता फ्लैट में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार से मा. सांसद त्रिवेंद्र रावत एवम गौतम बुद्ध नगर सांसद डा महेश शर्मा भाजपा पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिसोदिया एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे। त्रिवेंद्र रावत ने आज नोएडा में सभी के साथ सम्मिलित होकर स्थानीय लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलवाई। उन्होंने बताया सदस्यता अभियान के तहत कोई भी देशवासी 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर या नमो ऐप के माध्यम से आसानी से पार्टी का सदस्य बन सकता हैं।

आज जिस तरह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश को विश्व गुरु बनने के लिए तत्पर हैं और उसी दिशा में कार्यरत हैं हम उनको उनके इस महाअभियान में सदस्यता के माध्यम से सहभागिता निभा सकते हैं। इस मौके पर महामंत्री उमेश त्यागी,गणेश जाटव,मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह,पूनम सिंह, युदवीर चौहान,गिरीश कोटनाला,विनोद शर्मा, एस पी चमोली,प्रमोद बहल, मुकेश शर्मा,पंकज झा,विवेक मिश्रा,रवि मिश्रा,अमित नागपाल,उमेश यादव,मीनाक्षी चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ पांच गिरफ्तार



**फरीदाबाद, एजेंसी।** पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने हनीट्रैप कर लोगों को फंसाकर पैसे ऐंठने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो युवतियां भी शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में सानिया (23) पत्नी सलीम, रेशमा (45) पत्नी रफीक उर्फ भीम, रहीश (48), इरफान (27) तथा फरीद (27) का नाम शामिल है। आरोपित सानिया व इरफान फरीदाबाद के गांव फतेहपुर तगा, रहीश व फरीद कुरेशीपुर तथा रेशमा धौज गांव की रहने वाली है। आरोपित रहीश लकड़ी का काम करता है, फरीद की मीट की दुकान है, इरफान मजदूरी करता है तथा दोनों महिलाएं हाउसवाइफ है।

पुलिस के अनुसार 10-12 आरोपित मिलकर हनीट्रैप गिरोह चलाते हैं, जिनमें मुखिया सानिया, सानिया का पति सलीम, सानिया के फूफा रफीक, बुआ रेशमा, काले उर्फ मुबारक इत्यादि हैं। गिरोह में शामिल सानिया लोगों को अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में उलझाकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए उकसाती है और बाद में सभी मिलकर उसे ब्लैकमेल करके पीड़ित से पैसे ऐंठ लेते हैं।

उन्होंने बताया कि 11 सितंबर 2024 को धौज थाने में साजिश, एक्सटॉर्शन, स्नैचिंग, अपहरण इत्यादि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपितों ने आरिफ निवासी नूंह के साथ इस प्रकार की वारदात को अंजाम दिया था। सानिया ने फरवरी 2024 में आरिफ को फोन करके अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। 23 फरवरी 2024 को सानिया ने आरिफ को बताया कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है। इसलिए उसने आरिफ को अपनी जान बचाने के लिए बुलाया। आरिफ ने यह बात अपने दोस्त काले उर्फ मुबारिक को बताई तो वह सानिया को बचाने के लिए आरिफ के साथ चल दिया। रात नौ बजे आरिफ गाड़ी लेकर बल्लभगढ़ तेवतिया फार्म के पास पहुंचा, जहां उसे सानिया मिली और वह उसे लेकर नेकपुर गांव पहुंचे। नेकपुर गांव में पहुंचते ही सानिया ने आरिफ को बातों में फंसा लिया और उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए उकसाने लगी। योजना के अनुसार इतनी देर में ही सानिया का पति सलीम व अन्य साथी मौके पर पहुंच गए। सानिया के साथी आरिफ को धमकाने लगे कि वह सानिया के साथ गलत काम करने की कोशिश कर रहा था और उसे ब्लैकमेल करने लगे। आरोपितों ने आरिफ से 10 लाख रुपये मांगे। आरिफ ने बेइज्जती के डर से इधर-उधर से पैसे एकत्र कर कुल 3.51 लाख रुपये उनको दे दिए।

## पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**फरीदाबाद, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज फरीदाबाद पुलिस ने एसीपी विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में गुरुवार को अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन द्वारा अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने के लिए आस्वस्त करना और वहीं अपराधियों मे भय पैदा करना है ताकि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे और आमजन निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थान पर फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को शांतिपूर्ण मतदान के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

# खेतों से बिजली की मोटर चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश



**ऋषि तिवारी**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली ग्रेटर नोएडा पुलिस ने खेतों से बिजली की मोटर चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से एक बिजली मोटर, मोटर के पुर्जे, एक स्टेपलाइजर, भारी मात्रा में कॉपर वायर, अवैध हथियार और एक कार बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की पहचान रबूपुर के मिजार्पुर निवासी वहीद फकीर उर्फ रैन्चो, दनकौर निवासी शहनवाज पुत्र शमशाद, गुलावठी निवासी शहजाद और उस्मानपुर निवासी कपिल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी चोरी, लूट आदि के मुकदमों में पहले भी जेल जा चुके है। आरोपी किसानों के खेतों मे लगी ट्यूबवैल की बिजली मोटर से कॉपर की तार चोरी करते थे। वह पहले दिन में खेतों मे घूमकर रैकी करते थे और रात को बिजली की मोटर चुरा लिया करते थे। आरोपी कार से होकर आते थे और चोरी का सामान लेकर फरार हो जाते थे। गैंग के सदस्य राह चलते फेरी वाले कबाड़ियों को मोटर को बेच दिया करते थे और उससे मिलने वाले पैसों को आपस में बांट लिया करते थे।

# बिन बारिश जलभराव से जूझे वाहन चालक

## बुधवार को हुई बारिश का पानी गुरुवार को भी भरा रहा



**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** शहर में गुरुवार को बारिश नहीं हुई, लेकिन वाहन चालक जलभराव से जूझे। बुधवार को हुई बारिश का पानी नगर निगम ने नहीं निकलवाया, जिस कारण लोगों को दूसरे दिन भी समस्या हुई। हैरानी की बात है कि अंडरपास और शहर के मुख्य स्थानों पर भी गुरुवार को पानी भरा रहा, जिस कारण यातायात भी बाधित हुआ। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण नगर निगम के पंप बुधवार को वीआईपी रूट व इसके आसपास जमे रहे ताकि यहां पानी न भरे। मुख्यमंत्री दोपहर बाद चले गए, लेकिन निगम के अधिकारियों ने शहर के बाकी स्थानों पर हुए जलभराव की सुध नहीं ली। इसीलिए दिन भर हुई बारिश में शहर भर में जमा पानी गुरुवार को भी भरा रहा। सबसे ज्यादा समस्या अप्सरा बॉर्डर पर हुई, जहां एक सड़क किनारे पड़े कूड़े के ढेर के साथ गंदा पानी भी भरा रहा। दिल्ली से आने वाले मार्ग पर एक बार में एक ही वाहन निकल रहा था, जिस कारण सुबह के समय जाम लग गया और इसके बाद भी वाहन रेंगते रहे। वसुंधरा अंडरपास का भी यही हाल था, यहां गुरुवार को भी एक फुट तक पानी भरा रहने से वाहन चालकों को परेशानी हुई। साहिबाबाद अंडरपास से रोजाना 20 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं, लेकिन यहां भी लोगों को समस्या हुई। मोहन नगर पर डीसीपी कार्यालय के सामने बस अड्डा के पास भी दिन भर रहा। इसके अलावा कनावनी चौकी के पास भी वाहन चालक जलभराव से परेशान रहे। जलकल विभाग के सहायक अभियंता ओम प्रकाश का कहना है कि देर रात तक बारिश के कारण कई स्थानों पर दोबारा पानी भर गया। शिकायत के आधार पर पंप भेजकर पानी की निकासी करा रहे हैं।

## जिला न्यायालय से समीप खड़ी अधिवक्ता की कार से बैग चोरी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय के समीप खड़ी एक अधिवक्ता की कार से बैग चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। बैग में मोबाइल, नगदी और अन्य जरूरी कागजात थे। पीड़ित की तहरीर पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता शशांक प्रताप ने बताया कि वह न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। अधिवक्ता ने बताया कि उनकी कार न्यायालय के समीप खड़ी थी। कार में उनके साथी अधिवक्ता विपिन भाटी का बैग रखा था। जब वह वापस लौटे तो किसी ने कार की खिड़की का लॉक तोड़कर बैग चोरी कर लिया।

# एक नजर

## सिटी क्रिकेट ने तीन विकेट से जीता मुकाबला

**गाजियाबाद, एजेंसी।** सिटी क्रिकेट ने जीएमएस ग्राउंड पर खेले गए मैच में अम्बिका क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हरा दिया। हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले यथार्थ सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक्सटेंशन स्थित जीएमएस ग्राउंड पर गाजियाबाद अंडर 17 कप खेला जा रहा है। सिटी क्रिकेट और अम्बिका क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अम्बिका क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 212 रन बनाए। सचिन यादव ने 42 और सौरभ ने 40 रन का योगदान दिया। यथार्थ ने दो विकेट लिए। लक्ष्य की हासिल करने उतरी सिटी क्रिकेट की टीम ने 35.1 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बना मैच जीत लिया।यथार्थ सिंह ने 44 रन की अहम पारी खेली। अभय को तीन विकेट मिले। हरफनमौला प्रदर्शन करने के लिए यथार्थ को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## शिक्षकों के लिए डिजिटल शिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने सीएसआर प्रोजेक्ट समर्थ के तहत क्षेत्र के खानपुर गांव में एक दिवसीय डिजिटल शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 16 सरकारी स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि टीचमिंट टेक्नोलॉजी के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों को शिक्षण विधियों में डिजिटल उपकरणों को शामिल करने के बारे में बताया।

परिवर्तन प्रबंधन पर आयोजित विशेष सत्र में जोहरी विंडो मॉडल के जरिए शैक्षणिक वातावरण में डिजिटल ढांचे को प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में शिक्षकों ने शिक्षा में डिजिटल उपकरणों को लागू करने, कौशल विकास को बढ़ाने समेत कई अहम मुद्दों पर उपयोगी जानकारी हासिल की। वहीं इस दौरान इंटरएक्टिव स्मार्ट एलईडी पैनल के प्रभावी उपयोग के लिए 10 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्मार्ट इंटरएक्टिव पैनल्स से सुसज्जित 16 स्कूलों में से शीर्ष 3 स्कूलों को पट्टिका, प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## मुरादनगर गंगनहर में नहाते समय बहे दो युवक

**गाजियाबाद, एजेंसी।** मुरादनगर गंगनहर में शनि मंदिर गंगा घाट पर बुधवार को नहर में नहाते समय दो बह गए। दोनों युवक अपने परिवार व दोस्तों के साथ नहर में नहाने आए थे। पीएसी के गोताखोर युवकों की तलाश में लगे हैं। गाजियाबाद के नेहरूनगर निवासी सन्नी पुत्र इकबाल प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे और सूरज पुत्र विजय 12वीं में पढ़ता था। बुधवार शाम करीब सात बजे सन्नी व सूरज परिवार व कॉलोनी के लोगों के साथ मुरादनगर गंगनहर पर पूजा-अर्चना करने आए थे। पूजा-अर्चना के बाद सन्नी व सूरज अन्य लोगों के साथ नहर में नहाने लगे। नहाते समय दोनों नहर में कुछ आगे चले गए और पानी के तेज बहाव में बह गए। खुद को पानी में डूबता देख दोनों शोर मचाया लेकिन, नहर पर कोई गोताखोर नहीं था, जिस कारण दोनों नहर में बह गए। सूचना मिलते ही मौके पर पीएसी का फ्लड दस्ता पहुंचा और युवकों की तलाश में सर्च अभियान चलाया। काफी कोशिश के बाद भी युवकों का पता नहीं चल सका। नहर में बहे सन्नी के पिता चाय व सूरज के पिता रंगाई-पुताई का काम करते हैं। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि युवकों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को पत्र लिखा गया है।

## आईआईटी रुड़की की टीम ने बाल चिकित्सालय का जायजा लिया

**नोएडा, एजेंसी।** बाल चिकित्सालय की मरम्मत कार्य के लिए आईआईटी रुड़की की टीम ने अस्पताल का जायजा लिया। टीम इसकी रिपोर्ट जल्द ही बाल चिकित्सालय प्रबंधन को भेजेगी। इसके आधार पर मरम्मत कार्य शुरू किए जाएंगे। सेक्टर-30 स्थित बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान की मरम्मत के लिए एक एजेंसी ने 14 करोड़ रुपए निर्धारित किए थे। इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेजी गई है। इसी सिलसिले में आईआईटी रुड़की की टीम ने दो दिन पहले बाल चिकित्सालय की स्थिति का जायजा लिया। अस्पताल में छह साल से कई जगह सीलन, पानी टपकने, बेसमेंट में जलभराव सहित कई दिक्कतें आ रही हैं। इससे मरीज और तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो ऑपरेशन भी टाले जा चुके हैं। बाल चिकित्सालय के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि आईआईटी की टीम ने यहां आकर जायजा लिया। रिपोर्ट मिलते ही शासन को भेज दी जाएगी।

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसीपी से मिलने पहुंचे महिला के परिजन

**नोएडा, एजेंसी।** अस्पताल में भर्ती सोरखा जाहिदाबाद की महिला के मायके पक्ष के लोग ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को एसीपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। जिला हापुड़ सिंभावली के पीड़िता के भाई दीपक ने बताया कि उनकी बहन फोर्टिस अस्पताल में भर्ती है। 10 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोग 1.15 लाख रुपये जमा कराकर भागे हुए हैं। उसके बाद से कोई भी लौटा नहीं है। कमरे में बंद कर मारने-पीटने से बहन के दिमाग पर बुरा असर पड़ा है। उनकी बहन कोमा से बाहर नहीं आ पा रही है। उन्होंने आशंका जताई है कि बहन को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

# सीएम को लिखे पत्र में संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग उठाई

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेनो वेस्ट स्थित 130 मीटर रोड से सैनी गांव-सुनपुरा से वाया बादलपुर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे तक सड़क निर्माण के मुद्दे को लेकर एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री और प्राधिकरण को पत्र लिखा है। पत्र में एमएलसी ने दस वर्षों से लंबित संपर्क मार्ग को जल्द पूरा करने की मांग की है। जन आंदोलन सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि दादरी क्षेत्र के लोग लंबे समय से लंबित संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर सक्रिय हैं। एमएलसी श्री चंद शर्मा ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को पत्र लिखा है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है। एमएलसी ने बताया कि गौतमबुद्धनगर के दादरी क्षेत्र और गाजियाबाद के मध्यवर्ती क्षेत्रों को ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट से जोड़ने के लिए कोई उपयुक्त संपर्क मार्ग नहीं है। मौजूदा समय में दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के ऊपर सिर्फ दो रेलवे क्रॉसिंग हैं, जो बेहद छोटे और संकीर्ण हैं। फाटक बंद होने की स्थिति में यहां पर लंबा जाम लग जाता है। इससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कारण यह क्षेत्र ग्रेनो वेस्ट से व्यावहारिक रूप से कटा हुआ है। इसके लिए 130 मीटर रोड से वाया सैनी गांव होते हुए ईस्टर्न पेरिफेरल तक आवश्यक भूमि का अधिग्रहण भी हो चुका है, लेकिन परियोजना अभी भी लंबित पड़ी है। यह परियोजना गौतमबुद्धनगर जिले की दादरी तहसील के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे गाजियाबाद और ग्रेनो वेस्ट के बीच सुगम यातायात की सुविधा प्राप्त होगी।

# नोएडा में नशेबाज 3 युवकों ने मंदिर से किया रुपयों से भरी दान-पेटिका चोरी, गिरफ्तार




**नोएडा, एजेंसी।** हाईटेक शहर नोएडा में अब चोरों ने मंदिरों में रखे दान-पात्रा चोरी करने लगे हैं। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के एक मंदिर से दान पेटिका चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन नशेबाज चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दान पेटिका मय चोरी के 18 हजार 540 रुपए बरामद किया है। वहीं दूसरी तरफ गत दिनों सेक्टर-99 के वेस्ट व्यू अपार्टमेंट स्थित मंदिर से दानपात्र और कलश चोरी होने के मामले का खुलासा थाना सेक्टर-39 पुलिस अबतक नहीं कर पाई है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि कल रात को लेबर चौक के पास स्थित शिव मंदिर से रूपयों से भरी दान पेटिका चोरी हो गई थी। इस मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से दादरी रोड़ पिलर नंबर-49 के पास के पास से श्याम पुत्र मुकेश, लखन पुत्र स्व. गोविन्दा तथा सचिन पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गयी दान पेटिका व चोरी के 18,540 रुपए बरामद हुए है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि वे नशा करने के आदी है। उनके द्वारा 18 सितंबर की रात करीब 2 बजे लेबर चौक के पास से शिव मन्दिर में शीशे का गेट तोड़कर दान पात्र चोरी किया गया था। एक दान पात्र को तोड़कर हमने पैसे निकाल लिये थे तथा छोटे दानपात्र को चोरी करके ले आये थे और उसको तोड़कर उसमें रखे रुपये निकाल लिये थे। बदमाशों ने बताया कि उन्होंने कुछ पैसे नशे के कार्य में खर्च कर दिए हैं। वहीं दूसरी तरफ गत दिनों सेक्टर-99 के वेस्ट व्यू अपार्टमेंट स्थित मंदिर से दानपात्र और कलश चोरी हो गया। सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नरोत्तम शर्मा ने बताया है कि मंदिर की दान पेटी बीते एक साल से बंद थी। उसमें काफी पैसा था। चोर मंदिर से कलश और दान पेटी चोरी कर फरार हो गए। मंदिर में दस दिन के अंदर दो बार चोरी की घटना हो चुकी है। अपार्टमेंट के गेट नंबर एक पर सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती होती है इसके बाद भी मंदिर में चोरी हो गई। पुलिस मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# लड़कियों से वेश्यावृत्ति करवाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद, एजेंसी।** एसीपी मदन सिंह के नेतृत्व में महिला थाना एनआईटी व थाना सूरजकुंड की टीम ने सेक्टर-21 में छापा मारकर लड़कियों से वेश्यावृत्ति करवाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सन्नी भाटी, प्रवीण, विमल तथा अमरजीत का नाम शामिल है। आरोपी सन्नी भाटी अंखीर, आरोपी प्रवीण मदनपुर खादर दिल्ली, आरोपी विमल गांव जालाबाद, कन्नौज उत्तर प्रदेश तथा अमरजीत गांव हाजीपुर, हरदोई उत्तर प्रदेश का निवासी है। गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि सेक्टर 21ए में 93 नंबर कोठी में वेश्यावृत्ति करवाई जा रही है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते एसीपी मदन सिंह के नेतृत्व में महिला थाना एनआईटी तथा सूरजकुंड की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सेक्टर 21 स्थित कोठी में रेड डाली जहां 4 लड़कियां वैश्यावृति के लिए लाई गई थी। पुलिस द्वारा 4 आरोपियों को मौके से काबू किया गया।

आरोपियों से 2400 रुपये बरामद किए गए। आरोपी से पूछताछ में पता चला की आरोपी विमल और प्रवीण वैश्यावृति के लिए लडकियां लाने ले जाने का काम करते है। मौके पर बरामद लड़कियां वेश्यावृत्ति के लिए ला रखी थी जो यूपी, पश्चिम बंगाल, दिल्ली इत्यादि राज्यो की रहने वाली थी।

## नोएडा में युवती समेत 5 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नोएडा, एजेंसी।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न जगहों पर रहने वाले एक युवती समेत पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-77 में रहने वाले गुलाब सिंह पुत्र बाबू सिंह उम्र 64 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि उसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाले सुरेंद्र शर्मा पुत्र राम भजन उम्र 58 वर्ष मूल निवासी जनपद शाहजहांपुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# ट्रेन में यात्रा करने वाले दंपती का हैंडबेग चोरी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** झांसी से ट्रेन में यात्रा करने वाले सिद्धार्थ विहार निवासी दंपती का हैंडबैग चोरी हो गया। हैंडबैग में 22 हजार रुपये तथा सात हजार की ज्वेलरी रखी थी। पीड़ित ने घटना की शिकायत जीआरपी थाना हजरत निजामुद्दीन में शिकायत दी थी, जो ट्रांसफर होकर विजयनगर आ गई। विजयनगर पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सिद्धार्थ विहार सेक्टर-10 स्थित ब्रह्मपुत्र एनक्लेन में रहने वाले विकास सिंह का कहना है कि 28 जुलाई को वह अपनी पत्नी अमुल्य सिंह के साथ झांसी से वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन से ट्रेन संख्या 1244 में बैठे थे। पत्नी ने अपनी पायल निकालकर बाकी सामान के साथ रख ली और सामान चेक करके रात करीब साढ़े 12 बजे लॉक लगाकर दोनों सो गए। सुबह पांच बजकर नौ बजे वह दिल्ली में ट्रेन से उतरकर घर चले गए। घर पर सामान चेक किया तो कपड़ों के बीच में रखा हैंडबेग चोरी हो गया। हैंडबैग में 22 हजार रुपये तथा करीब सात हजार रुपये की पाजेब रखी थीं। घटना के संबंध में विकास सिंह ने जीआरपी थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन दिल्ली में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि केस ट्रांसफर होकर विजयनगर भेजा गया है। मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# लीला मंचन के दौरान 3डी साउंड इफेक्ट में सुनाई देंगी चौपाइयां

**नोएडा, एजेंसी।** शारदीय नवरात्र के साथ ही शहर में दुर्गा पूजा और रामलीला मंचन की शुरूआत हो जाएगी। इसके लिए दुर्गा पूजा समिति और रामलीला मंचन कमेटियों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। इस बार लीला मंचन और दुर्गा पूजा के दौरान 3डी साउड इफेक्ट तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इस तकनीक के जरिए दूर बैठे हुए दर्शक भी रामलीला मंचन के दौरान चौपाई और डायलॉग आसानी से सुन सकेंगे। शहर में मुख्य रूप से तीन स्थानों पर रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने भी मंजूरी दे दी है। रामलीला मंचन के दौरान सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए है। इसी के साथ रामलीला मंचन कमेटियां इस वर्ष आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए मंचन को आधुनिक रूप देने के लिए मेहनत कर रही हैं। सेक्टर-62 स्थित रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडली की ओर से होने वाली रामलीला में 360 डिग्री साउंड सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। इस बार 3डी साउंड इफेक्ट के उपयोग से मंचन के दौरान हर कलाकारों के डायलॉग हर दिशा से सुनाई देंगे। श्रीराम मित्र मंडल के महासचिव मुन्ना शर्मा ने बताया कि रामलीला में आधुनिक साउंड सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। करीब पांच लाख का एक स्पीकर होगा, जिसे आठ स्थानों पर लगाया जाएगा। इससे दूर तक बैठे हुए दर्शक भी रामलीला मंचन के दौरान चौपाई और डायलॉग आसानी से सुन सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंचन के दौरान भगवान राम द्वारा चलाए जाने वाले तीर-कमान और हथियारों की आवाज भी बैकग्राउंड में सुनाई देगी। इसके अलावा साउंड के साथ विशेष लाइन का उपयोग किया जाएगा।

# ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी सोसायटी में बिना मजल के तीन कुत्तों को टहलाने पर मचा बवाल



**नोएडा, एजेंसी।** पालतू कुत्तों को लेकर नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुत्तों को लेकर बने नियम-कानून कुत्ता पालकों के लिए केवल कागजी आदेश बने हुए हैं। ताजा मामला थाना बिसरख क्षेत्र का सामने आया है। जिसमें एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक शख्स बिना मजल (मुंह की पट्टी) के अपने तीन कुत्तों को रात में घुमा रहा है। इस पर सुरक्षाकर्मी उसे मजल लगाकर कुत्तों को टहलाने की बात करता हुआ दिखाई दे रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बार फिर कुत्ते को लेकर जमकर बवाल मचा है। थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-2 सोसायटी के 14जी एवेन्यू में बेसमेंट में कुत्ता घुमाने और शौच कराने से मना करने पर कुत्ते के मालिक अखिलेश ने सुरक्षाकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार किया।

इस मामले में पीड़ित ने थाना बिसरख में कुत्ते के मालिक के खिलाफ शिकायत की है। कुत्ते के मालिक द्वारा सुरक्षाकर्मी को घमकी देने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्मों पर वायरल हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की पाठशाला: पीलीभीत में एएसपी ने छात्राओं को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ, साइबर अपराध से ऐसे करें बचाव



**पीलीभीत।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। नई तकनीक से अच्छे काम हो रहे हैं, वहीं अपराधी इसका प्रयोग हथियार के रूप में भी कर रहे हैं। इससे लोगों को आर्थिक और मानसिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि स्मार्टफोन का सकारात्मक प्रयोग किया जाए। यह बातें अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विक्रम दहिया ने बृहस्पतिवार को अमर उजाला की ओर से जीजीआईसी में आयोजित पुलिस की पाठशाला में कहीं।

छात्राओं को संबोधित करते हुए एएसपी विक्रम दहिया ने कहा कि स्मार्टफोन से एक ओटीपी साझा होने से आपकी जीवन भर की पूंजी खाली हो सकती है। किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। छात्राओं से कहा कि कोई भी समस्या होने पर डरने की जरूरत नहीं है। अगर कोई छेड़खानी कर रहा है या फिर स्कूल से घर जाने तक परेशान कर रहा है। ऐसे में तत्काल शिक्षक, अभिभावक या पुलिस से मदद लें। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।

अपराधी डीपफेक से बना रहे वीडियो

एएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट की प्राइवेसी बनाए रखें। किसी अनजान से बात न करें और न ही उससे अपनी जानकारी साझा करें। आजकल डीपफेक के माध्यम से ऐसी वीडियो बनाई जा रही हैं, जिसमें किसी का भी चेहरा गलत तरीके से लगाया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति की आवाज का सैंपल लेकर उसी आवाज में कुछ भी बुलवाया जा रहा है।

अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आए तो न करें रिसीव

एएसपी ने बताया कि इस तरह के मामले में भी सामने आते रहते हैं जिनमें लोगों को अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आती है। इसे रिसीव करने पर आपकी वीडियो को रिकॉर्ड कर लिया जाता है। इसके बाद अपराधी वीडियो में छेड़छाड़ कर व्यक्ति को ब्लैकमेल करते हैं, जिसमें कई बार लोग मजबूर होकर रुपये भी दे देते हैं। ऐसे मामले पढ़े-लिखे, संभ्रांत लोगों के साथ भी हो रहे हैं। इसलिए कभी अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आए तो कैमरे पर उंगली रख लें या उसका कैमरा छत की ओर कर दें। इससे आपकी वीडियो सामने वाले के पास नहीं पहुंच सकेगा।

आपात नंबरों को रखें याद

एएसपी ने छात्राओं को मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया। साथ ही आपात स्थिति में काम आने वाले नंबरों 1090, 112 व 100 आदि की जानकारी दी। कहा कि भारत का कोड +91 है। इसके अलावा अगर किसी दूसरे कंट्री कोड से कॉल आए तो उसे न उठाएं। बताया कि महिला पुलिस सुरक्षा के लिए सादा कपड़ों में विद्यालयों व चौराहों पर खड़ी रहती है, ताकि अराजक तत्व महिलाओं को परेशान नहीं कर सके।

### दरिंदगी की इंतहा: पत्नी को 3 लाख में बेचा, खरीदारों ने हर रात लूटी आबरू; मन भरा तो...फिर करने चले थे सौदा

**आगरा।** आगरा के थाना अछनेरा क्षेत्र की महिला ने पति और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए। वह दीवानी के गेट पर बृहस्पतिवार सुबह एक अधिवक्ता को बदहवास हालत में मिली। उनका कहना था कि पति ने दो युवकों को बेच दिया। एक महीने से उनके चंगुल में थी। दोनों ने दुष्कर्म किया। वह उसे बेचने के लिए दूसरी जगह ले जा रहे थे। गाड़ी से मौका पाकर भाग आई। हालांकि पीड़िता ने थाने में तहरीर नहीं दी। उसे परिजन घर ले गए।

अधिवक्ता ओमवीर सिंह चाहर ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे वह दीवानी के गेट नंबर-2 पर आए तो एक महिला बदहवास हालत में उनसे पानी मांगने लगी। वो पानी की बोतल लेकर आए। बाद में उससे परेशानी का कारण पूछा। उसने बताया कि वह अछनेरा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। दिसंबर 2023 में शादी हुई थी। ससुराल मथुरा के थाना मगोर्रा क्षेत्र में है। पति किसान हैं। आरोप लगाया कि वह पिछले महीने मायके आई थी। 13 अगस्त को पति आया। बाइक से ससुराल के लिए उसे साथ लेकर निकला। गांव के बाहर ससुराली मिल गए। एक गाड़ी भी थी, जिसमें दो युवक और थे। पति ने कहा कि घूमने जाना है। इसलिए गाड़ी लेकर आए है। उसमें उसे बैठा दिया। जब तक वह कुछ समझ पाती, दोनों युवकों ने उसे पकड़कर रुमाल सुंघा दिया, जिससे उसे होश नहीं रहा।

कमरे में बंधक बनाकर रखा

होश में आने पर वह एक कमरे में बंद थी। सुनसान जगह पर उसे बंधक बनाया था। युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। वह 3 लाख रुपये में पति से उसे खरीदने की कहने लगे। उसे कमरे में बंद करके रखते थे। खाने के लिए थोड़ा बहुत दिया करते थे। बृहस्पतिवार को दोनों उसे दूसरी जगह बेचने के लिए ले जा रहे थे। सुबह वह उनके साथ आई थी। भगवान टाकीज चौराहे युवक नाश्ता करने लगे। तभी वह भाग निकली।

पुलिस को शिकायत का इंतजार

थाना न्यू आगरा पुलिस ने जानकारी पर महिला के बयान लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती ने पति पर उसे बेचने का आरोप लगाया था। पीड़िता से तहरीर देने के लिए कहा था। मगर, लिखित शिकायत नहीं की। भाई आया था। वह उसे लेकर चला गया। पुलिस को लिखित शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव: सीएम योगी ने कार्यकताओं को दिया मंत्र... बूथ जीतिए, चुनाव जीतिए



**लखनऊ** मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधकारियों संग बैठक की। सीएम ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ जीतिए, चुनाव जीतिए। सीएम ने मंडल स्तर के पदाधिकारियों से भी सांगठनिक रिपोर्ट ली और कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत कीजिए।

सीएम योगी ने कहा कि हमें चुनाव बूथ पर लड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्र दिया है कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। हमें हर बूथ पर जीत दर्ज करनी है। पदाधिकारी बूथों की कटेगरी निर्धारित कर लें। ए कैटेगरी के बूथ पर बड़ी जीत दर्ज करनी है। बी कैटेगरी के बूथों को ए कैटेगरी तथा सी कैटेगरी के बूथों को बी कैटेगरी में लाना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस (25 सितंबर) पर पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथों पर जाएं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से चल रही प्रदेश, अयोध्या व मिल्कीपुर में चल रहीं विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएं। कार्यकताओं से संवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगठन की योजना के अनुसार किसान, अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी सहित सभी वर्गों के सम्मेलन आयोजित किए जाएं। 30 सितम्बर तक सभी प्रकोष्ठों, विभागों की बैठक तथा सभी मोर्चा के सम्मेलन आयोजित हों।

# सीएम बोले- 'फ्लोट' से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा, बोले, 'थूक लगी रोटियां और हापुड़ वाला जूस तो नहीं मिलेगा'

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर में आज से 15- 20 वर्ष पहले नौका विहार और रामगढ़ ताल नाम से लोगों के मन मे भय होता था। लेकिन ,इन सात वर्षों में यहां का नजारा बदल गया है। साल वर्ष पहले ये क्षेत्र विकास से कोसों दूर था। अब, ये पर्यटन का स्थल हो गया है। सात साल पहले जहां लोग दिन के उजाले में यहां आने में भयभीत होते थे, वो अब रात में इत्मीनान से यहां का लुत्फ उठाते हैं। वो भी अकेले नहीं, परिवार के साथ। पहले, रामगढ़ गंदगी व अपराध का गढ़ बना हुए था। आज पर्यटन का एक केंद्र हो गया है। फर्टिलाइजर बंद था, मेडिकल कालेज बीमार था।

दिनभर जाम से जूझते थे। आज शहर को सड़कें, फोर लेन व सिक्स लेन सड़कें मिल चुकी हैं।। आज एयरपोर्ट सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। खाद कारखाना फिर से चालू हो गया है। मेडकिल कालेज बेहतर हुआ। एम्स भी सेवा दे रहा है। रामगढ़ ताल 1700 एकड़ क्षेत्र में विकसित होकर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

पहले क्रूज आया। अब फ्लोटिंग रेस्टोरेंट सुविधा देंगे। इससे पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि कम से कम हापुड़ वाला जूस नहीं मिलेगा, थूक लगाकर रोटियां तो नहीं मिलेंगी। यहां जो मिलेगा शुद्ध मिलेगा। जो फाइव स्टार होटल में सुविधा मिलती है, अब यहां मिलेगी। लेक के चारों ओर सड़क बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस गोरखपुर के नाम से 15-20 साल पहले भय होता था, सात वर्ष पूर्व जहां सुविधाओं की कल्पना ही बेमानी थी, वही गोरखपुर अब




आधुनिक सोच के साथ विकास और रोजगार का संगम और नया पर्यटन हब बन रहा है।

सीएम योगी गुरुवार को रामगढ़ताल में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट ह्यफ्लोटह्ल का बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद ताल की जेटी पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आवासीय परियोजना ग्रीनवुड अपार्टमेंट के सात आवंटियों को आवंटन प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग आज से डेढ़ दशक पहले गोरखपुर के नाम से डरते थे। सात वर्ष पूर्व तक भी गोरखपुर विकास से कोसों दूर था। आज जिस स्थान (रामगढ़ताल क्षेत्र) पर यह आयोजन हो रहा है, वहां तो आना ही सपना था। मुख्यमंत्री ने कहा रामगढ़ताल गोरखपुर की गंदगी और अपराध का गढ़ बन चुका था।

सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों और मंत्रियों के लिए अलग से फोर्स लगानी पड़ती थी। गोरखपुर का खाद कारखाना बंद हो चुका था। यहां का बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्वयं बीमार हो गया था। गोरखपुर के लोगों को दिनभर जाम में फंसना पड़ता था।

**फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का सघन निरीक्षण किया मुख्यमंत्री ने...**रामगढ़ताल की जेटी पर बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में पहुंचे। यहां उन्होंने प्रवेश द्वार पर फीता काटा और सभी स्टाफ को रेस्टोरेंट शुभारंभ की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के सभी तलों पर भ्रमण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और प्रसन्नता जताई।

### क्वालिटी के साथ समय से पहले पूरा करें ग्रीनवुड अपार्टमेंट का निर्माण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आवंटियों को शुभकामनाएं देते हुए जीडीए के अफसरों को निर्देशित किया कि अपार्टमेंट का निर्माण क्वालिटी को ध्यान में रखते हुए समय से छह माह पूरा करें। उन्होंने कहा कि जीडीए ने इसे जुलाई 2027 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। लेकिन, कोशिश होनी चाहिए कि 2027 में मकर संक्रांति के पूर्व ही निर्माण पूर्ण कर आवंटियों को सौंप दें ताकि आवंटी अपने आवास में मकर संक्रांति मना सकें और मकर संक्रांति का प्रसाद अपने इस आवास में ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्रीनवुड अपार्टमेंट अच्छे वातावरण में बन रहा है और यहां के फ्लैट्स की कीमतें कुछ ही सालों में कई गुना बढ़ जाएंगी।

इस दौरान फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के प्रबंध निदेशक आलोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को यहां दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर सूक्ष्म जलपान भी किया।

**कुल 479 फ्लैट्स होंगे ग्रीनवुड अपार्टमेंट में...**ग्रीनवुड अपार्टमेंट रामगढ़ताल के समीप 5.20 एकड़ में बनाया जा रहा है। 374.49 करोड़ रुपये की लागत और मिवान तकनीकी से बनने वाले इस आवासीय प्रोजेक्ट में थ्री बीएचके एचआईजी के 300 तथा फोर बीएचके एचआईजी के 179 फ्लैट्स बनेंगे। इस अपार्टमेंट का निर्माण जुलाई 2027 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है।

**फाइव स्टार सुविधाओं वाला है फ्लोटिंग रेस्टोरेंट...रामगढ़ताल में बना है फ्लोटिंग रेस्टोरेंट फाइव स्टार सुविधाओं वाला है। जीडीए का दावा है कि यह उत्तर भारत का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट है। कुल 9600 वर्गफुट क्षेत्रफल और तीन मंजिला इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में** एकसाथ 100 से 150 आगंतुक बैठ सकते हैं।

### मृतप्राय थी रामगढ़ झील, अब नई आभा से आकर्षित कर रही पर्यटकों को...

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल कभी मृतप्राय हो चला था। जबकि आज 1800 एकड़ में फैली यह प्राकृतिक झील पर्यटकों को नई आभा के साथ आकर्षित कर रही है। यहां नए-नए होटल खुल रहे हैं। रामगढ़ताल में क्रूज की सुविधा पहले ही शुरू हो गई थी। आज फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी शुभारंभ हो गया है। अब प्राकृतिक झील के किनारे जलपान और भोजन करने का मन हुआ तो यह सुविधा गोरखपुर में ही उपलब्ध हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा आधुनिक सोच के साथ विकास भी हो रहा है और यह विकास रोजगार का भी माध्यम बन रहा है।

### सीएम योगी के नेतृत्व में हुआ गोरखपुर का ऐतिहासिक विकास : रविकिशन...

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि गोरखपुर पहले क्या था यह किसी से छिपा नहीं है और अब क्या हो गया है यह भी सभी लोग देख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मात्र सात साल में गोरखपुर में ऐतिहासिक विकास हुआ है। गोरखपुर में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सौगात सीएम योगी की प्रेरणा से ही मिली है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म स्टार होने के चलते मैं मुंबई से भी जुड़ा हूं लेकिन अब मुझे गोरखपुर मुंबई से भी सुंदर लगता है।

चारों तरफ झील की खूबसूरती को देखने के बाद क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट चले गए और फिर चिड़ियाघर जाकर प्रकृति के साथ आनंद उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शानदार लाइटिंग से गोरखपुर में रात्रि का नजारा बेहद आकर्षक लगता है। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थानीय लोगों और देश-दुनिया के पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शानदार कनेक्टिविटी से अब यहां होटलों की चेन खुलने जा रही है। जल्द ही कन्वेंशन सेंटर भी बनने जा रहा है।

### नैनी दून एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश, रेलवे ट्रैक पर रखा था खंभा



**रामपुर** बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा स्थित रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर दूर रामपुर-काठगोदाम रेलवे लाइन पर बुधवार की देर रात कुछ आसामाजिक तत्वों ने टेलीफोन का पुराना खंभा अवरोध के रूप में पटरियों पर रख कर नैनी जन शताब्दी ट्रेन को पलटने का प्रयास किया। इस दौरान देहरादून से काठगोदाम जा रही रही नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन चालक ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को ट्रैक पर रोक दिया। इसके बाद खंभे को हटाकर ट्रेन को रेलवे स्टेशन तक ले गया। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी।

**साजिश की आशंका को लेकर मचा हड़कंप...**इसके बाद अधिकारियों में कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन को पलटने की साजिश की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया। रात में ही एसपी विद्यासागर, एएसपी अतुल श्रीवास्तव, एसपी जीआरपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष में ज्योति कलश संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जुटे प्रतिष्ठित साहित्यकार, संगीतमय प्रस्तुति स्वरांजलि के माध्यम से साहित्यकारों को किया नमन

### लखनऊ में ज्योति श्री सम्मान से सम्मानित हुई पुष्पा विसेन

द न्यूज 15 ब्यूरो

**लखनऊ।** हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष में ज्योति कलश संस्कृति संस्थान लखनऊ ने हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित साहित्यकारों की संगीतमय प्रस्तुति स्वरांजलि के माध्यम से साहित्यकारों को नमन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर कुमकुम धर, कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मश्री डॉ विद्या विंदु सिंह अति विशिष्ट अतिथि नारायणी साहित्य अकादमी नई दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पुष्पा सिंह विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी







चौधरी एवं के? के पाठक रहे। गीत - वंदना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो कवि सोहनलाल द्विवेदी दो -मैं नीर भरी दुख की बदली कवि -महादेवी वर्मा 3 कहो तुम रूपसि कौन कवि -सुमित्रानंदन पंत 4- ईमन बजा कवि -सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 5- बीती विभावरी जाग री कवि- जयशंकर प्रसाद 6 -सखि वे मुझसे कह कर जाते कवि -मैथिली शरण गुप्त - 7- चंदन है तो महकेगा ही कवि- रमानाथ अवस्थी 8 मैं तुम्हारी मौन करुणा का सहारा चाहता हूं कवि- रामकुमार वर्मा 9- ओ मधुर प्यार के स्मित मन कवि- कनक वर्मा। हिंदी पखवाड़े के पांचवे दिन ज्योति श्री सम्मान 2024 वरिष्ठ साहित्यकार डा. पुष्पा सिंह विसेन को उनके उत्कृष्ट साहित्य सृजन के लिए दिया गया।

### सुरेंद्र सिंह को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने पर शिक्षकों में हर्ष

**शुभचिंतकों द्वारा बधाइयों का सिलसिला जारी**

**अफजलगढ़।** अनुभवी एवं वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र सिंह को विद्या विभूति सम्मान से सम्मानित किए जाने पर साथी शिक्षकों एवं उनके शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है। इस सम्मान प्राप्ति पर क्षेत्र के अनेक शिक्षक स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर शिक्षक सुरेंद्र सिंह को उनके विद्यालय एवं आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाइयां एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं जो सिलसिला लगातार जारी है। बीते 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर यूपी के जनपद अमरोहा के कस्बा मंडी धनौरा में संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता एवं विश्व हिंदी मंच के अध्यक्ष यतींद्र कटारिया के संचालन में विश्व हिन्दी मंच द्वारा आयोजित भव्य समारोह में ज्ञान चारित्र्य एवं राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन व भाषा एवं संस्कृति के अप्रतिम योगदान के लिए विकासखंड अफजलगढ़ क्षेत्र के संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन के सहायक अध्यापक सुरेंद्र सिंह को कार्यक्रम आयोजकों द्वारा विद्या विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया।

सुरेंद्र सिंह को यह सम्मान पत्र केरल के महामहिम राज्यपाल एवं मूर्धन्य विद्वान आरिफ मोहम्मद खान




व उपस्थित अन्य अतिथियों के कर कमलों से प्राप्त हुआ है। सुरेंद्र सिंह को मिले इस महत्वपूर्ण सम्मान पर क्षेत्र के अनेक शिक्षकों व उनके शुभचिंतकों एवं परिजनों में हर्ष की लहर है और उन्हें इस सम्मान प्राप्ति के लिए बधाइयां दी जा रही हैं। कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार जोशी, महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर किरण हजारिका, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अवनी सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक वीरेंद्र सिंह व रेल मंत्रालय भारत सरकार के विशेष कार्याधिकारी वीपी चौधरी आदि अनेक अनेक नामचीन राजनेताओं, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, मूर्धन्य विद्वानों आदि की गौरवमयी उपस्थिति में मिले इस सम्मान पर शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कर हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार एवं विकास पर उनका उनका यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

एआरपी पूनम रानी भी सम्मानित

अफजलगढ़। मंडी धनौरा में गत दिनों आयोजित हिंदी महोत्सव में सम्मानित हुए अफजलगढ़ क्षेत्र के शिक्षक सुरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की अफजलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष एआरपी पूनम रानी को भी इस कार्यक्रम में आयोजक टीम द्वारा उपस्थित अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया है। शिक्षिका पूनम रानी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दिए जाने के साथ-साथ संगठन में शिक्षिकाओं के हितार्थ कार्य करने में भी सक्रिय भूमिका निभाती है।

### भीड़ ने प्राचीन धर्मस्थल परिसर में बनी मजार तोड़ी हंगामे के दौरान सीओ से धक्कामुक्की, तनाव

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर के सिंधौली में प्राचीन धर्मस्थल में मजार को तोड़कर शिवलिंग स्थापित करने के बाद बृहस्पतिवार को सहोरा गांव में फिर से तनाव की स्थिति बन गई। लाठी-डंडे लेकर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मजार की ओर बढ़ रही भीड़ को संभालने के लिए कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। लेकिन भीड़ नहीं मानी। मजार को तोड़ दिया। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को समझाया। तब जाकर हंगामा शांति हुआ। गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। सहोरा गांव में प्राचीन धर्मस्थल परिसर में दूसरे समुदाय की मजार बनी थी। कई साल पहले भी दोनों पक्षों में तनातनी हो गई थी। तब पुलिस ने दूसरे समुदाय के भीड़ एकत्रित करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ दिन पहले किसी व्यक्ति ने मजार पर सजावट के लिए झालर लगा दी थी। मंगलवार को लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने विरोध जताते हुए पुलिस को सूचना दी।

### फिरोजाबाद ब्लास्ट: मकान और खेतों में मिला इतना विस्फोटक,फिर हो सकता था बड़ा धमाका



**फिरोजाबाद** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद क्षेत्र के नौशहरा में हुए धमाके के बाद आज भी कई घरों में बारूद रखा हुआ है। कभी भी दूसरा कोई बड़ा हादसा हो सकता है। टूटे मकानों के अंदर पटाखा बनाने की सामग्री भारी मात्रा में रखी हुई है। यही नहीं कुछ मकानों और खेतों में आज भी कई किलो तैयार पटाखे रखे हुए हैं। इनको ग्रामीणों की सूचना पर इंस्पेक्टर व उनकी टीम ने मकान और खेतों से बरामद कर लिया। अगर पुलिस सही समय पर जब्त नहीं करती तो हादसे की पुनरावृत्ति से इन्कार नहीं किया जा सकता। गांव नौशहरा में घनी आबादी के बीच विस्फोटक तैयार किया जा रहे थे। इलाके के अधिकांश घरों में विस्फोटक रखा हुआ था। आज भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। अभी भी टूटे हुए मकानों में पटाखे बनाने की सामग्री रखी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को गांव में अभी भी विस्फोटक होने की जानकारी दी। इसके बाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार एवं फायर ब्रिगेड की टीम ने गांव में संदिग्ध स्थानों पर छानबीन की। धमाके वाले स्थान से चंद कदमों की दूरी पर पटाखा बनाने की सामग्री का जखीरा रखा हुआ था। वहीं गांव में माधव नामक युवक के खाली पड़े मकान में तैयार पटाखों के कार्टून मिले। इनको जब्त कर लिया गया।

इसके अलावा पुलिस ने जब खेतों में जाकर सर्च अभियान चलाया तो खेत में भी प्लास्टिक के एक बोर में तैयार करे हुए पटाखे रखे हुए मिले। काफी मात्रा में तैयार पटाखों का जखीरा जब्त किया गया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने गांव में अभी भी विस्फोटक होने की जानकारी दी थी। इसके चलते पटाखों को जब्त किया गया।

### तैयार हो रही आकाश आनंद की यूपी वापसी की राह, उपचुनाव में प्रचार के लिए हो रही मांग



**लखनऊ।** बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रचार के लिए डिमांड हो रही है। पार्टी कार्यकर्ता हरियाणा चुनाव में आकाश के तेवर और प्रचार के उनके अंदाज को देखकर उत्साहित हैं और उन्हें यूपी के उपचुनावों में प्रचार की कमान सौंपने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो बसपा विधानसभा में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए उपचुनाव में पूरा दम लगा रही है। पार्टी ने सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी तय कर दिए हैं, जिनका उपचुनाव की तारीख की घोषणा के बाद औपचारिक रूप से एलान कर दिया जाएगा। पार्टी में मायावती के बाद दूसरे नंबर के नेता बनते जा रहे आकाश आनंद को हरियाणा चुनाव की कमान सौंपना सही फैसला साबित हो रहा है। वहां उन्होंने इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन को सफलतापूर्वक अमली जामा पहनाया और अपने प्रचार से सुर्खियों में भी बने हैं।

चुनाव प्रचार के लिए उन्होंने पहली बार रथ भी तैयार कराया है। इससे उनकी यूपी में उपचुनाव से पहले वापसी हो सकती है। बता दें, लोकसभा चुनाव के बाद बसपा सुप्रीमो ने आकाश आनंद को नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से हटा दिया था। चुनाव नतीजे आने के बाद उनकी पार्टी में वापसी तो हुई, लेकिन यूपी और उत्तराखंड की जिम्मेदारी नहीं दी गई। लोकसभा चुनाव के दौरान मायावती के बाद आकाश आनंद की जनसभाओं की सबसे ज्यादा मांग रही। हालांकि, सीतापुर में एक भड़काऊ भाषण देने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया था जिसके बाद मायावती ने नाराजगी जताते हुए उनसे सारी जिम्मेदारी वापस ले ली थी।

# आईपीएस काम्या मिश्रा के बाद शिवदीप लांडे का इस्तीफा

## रिजाइन के पीछे पीके इफेक्ट तो नहीं



दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** ऐसा लग रहा है कि बिहार के कुछ सुपर कॉप अब अपने 'फ्यूचर प्लान' पर काम कर रहे हैं। आईपीएस काम्या मिश्रा के बाद आईपीएस शिवदीप वामनराव लांडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। शिवदीप लांडे की हाल ही में पूर्णिया रेंज के आईजी बनाए गए थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके खुद अपने इस्तीफे की जानकारी दी है। आईपीएस लांडे ने अपने 18 साल के कार्यकाल में बिहार की सेवा की है और अब नए क्षेत्रों में काम करने की इच्छा जताई है। आईपीएस काम्या मिश्रा के बाद आईपीएस शिवदीप लांडे के इस्तीफे की खबर ने हलचल मचा दी। इससे पहले आईपीएस काम्या मिश्रा ने भी इस्तीफा दिया था, जो अब तक स्वीकार नहीं हुआ है। इस स्थिति में पुलिस विभाग का रुख क्या होगा, ये देखना दिलचस्प होगा। मगर, किसी ने भी अपने फ्यूचर प्लान का अब तक खुलासा नहीं किया है। मगर, कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि 2 अक्टूबर को लॉन्च होने वाली प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को जॉइन कर सकते हैं।

शिवदीप लांडे ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षो से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी वर्षो में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है। अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस (आईपीएस) से त्यागपत्र दिया है परन्तु मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी।'

2006 बैच के आईपीएस शिवदीप लांडे मूल रूप से महाराष्ट्र के अकोला के रहने वाले हैं। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले शिवदीप ने स्कॉलरशिप की मदद से पढ़ाई की। बाद में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास की और आईपीएस अधिकारी बने। वैसे तो शिवदीप लांडे बिहार कैडर के अधिकारी थे, लेकिन उन्होंने कुछ समय महाराष्ट्र में भी काम किया। जब वे बिहार में एसटीएफ के एसपी थे, तब उनका तबादला महाराष्ट्र कैडर में हो गया था। महाराष्ट्र में उन्होंने एटीएस में डीआईजी के पद तक काम किया। इसके बाद उनकी वापसी बिहार हुई।

वहीं, दरभंगा में ग्रामीण एसपी के पद पर तैनात आईपीएस काम्या मिश्रा को भी बिहार में 'लेडी सिंघम' के नाम से जाना जाता था। दिल्ली यूनिवर्सिटी से पास आउट काम्या मिश्रा ने 2019 में पहले ही अटेम्प्ट में यूपीएससी क्लीयर किया था। यूपीएससी में एग्जाम में उनको 172वां रैंक आया था। मूल रूप से ओडिशा की रहने वाली काम्या को बिहार कैडर एलॉट किया गया। काम्या के पति अवधेश दीक्षित आईआईटीयन हैं और बिहार कैडर के आईपीएस हैं। उनकी पोस्टिंग फिलहाल मुजफ्फरपुर में है और 2021 में दोनों की शादी उदयपुर में हुई थी।

आईपीएस शिवदीप लांडे और आईपीएस काम्या मिश्रा की बिहार में पहचान एक ईमानदार और कर्मठ अधिकारी के तौर पर रही है। दोनों के इस्तीफे के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वे सामाजिक कार्यों में रूचि लेना चाहते हैं। भविष्य में शिव लांडे क्या करेंगे, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। शिवदीप से पहले दरभंगा की ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने भी इस्तीफा दिया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में अनुमान लगाया जा रहा है कि 2 अक्टूबर को लॉन्च होने वाली प्रशांत किशोर की पार्टी से हाल में इस्तीफा देने वाले अधिकारी जुड़ सकते हैं।

# आभार कम और वार ज्यादा,तेजस्वी की आभार यात्रा तब्दील हुई उलाहना यात्रा में?



दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अब पूरी तरह से राजनीतिक हमलावर के अंदाज में आ गए हैं। कहने को वो भले आभार यात्रा कर रहे हैं पर राजनीतिक प्रतिद्वंदिता का खेल तेजस्वी यादव के अंतर्मन में इतना समा गया है कि उनकी यात्रा मानों उलाहना यात्रा में तब्दील हो गई है। इस उलाहने के लिए नेता प्रतिपक्ष के हृदय में दो ही चेहरे घर कर गए हैं। इनमें एक चेहरा तो राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का है जबकि दूसरा बड़ा चेहरा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की रूप रेखा तैयार कर रहे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने काफी आक्रमक रूप अख्तियार कर लिया है। परंतु इस आक्रात्मकता में तहजीब कहीं न कहीं पीछे छूट जा रही है। नतीजा ये कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमलावर हुए तेजस्वी यादव ने क्या कुछ नहीं कह डाला। मुजफ्फरपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते तेजस्वी यादव का गुस्सा फूटा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अंधा, बहरा और गूंगा तक कह डाला। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार को अब कुछ दिखाई नहीं देता है, दिखता भी है तो बोलते नहीं। राज्य में लॉ एंड ऑर्डर एक बड़ी समस्या बन गई है। यहां अपराध बढ़ चुका है। अपराधी के मन में पुलिस का डर नहीं रह गया है। इन घटनाओं पर लगाम लगाने की जरूरत है। पुलिस शराब वसूली के पीछे पागल है। पूरे बिहार में यही हाल है। डबल इंजर की सरकार में भी कोई पीड़ित परिवारों को पूछने वाला नहीं है।

उलाहना देने वाले तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि 'पीएम मोदी बिहार के सबसे बड़े दुश्मन हैं। चुनाव आने के समय वे सिर्फ वादा कर देते हैं, मगर पूरा नहीं करते। न जाने कब उन्होंने विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन मिला सिर्फ स्पेशल पैकेज। पीएम मोदी जातीय जनगणना पर भी कुंडली मार कर बैठे हैं।' नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव विधि व्यवस्था की खराब स्थिति पर तो आक्रामक थे ही, उन्होंने बढ़ते अपराध पर ज्ञापन भी सौंपा। अब उनके हमले का कोण नीति आयोग के आंकड़े बन गए हैं। इन आंकड़ों को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोलते तेजस्वी ने कहा कि '15 वर्षों से अधिक बिहार में एनडीए की सरकार है।

इसके बावजूद बिहार महंगाई में सबसे टॉप पर है। देश में सबसे अधिक गरीबी बिहार में है। यह हाल तब है जब बिहार में एनडीए की सरकार 15 सालों से ज्यादा है। दस वर्षों से केंद्र में इनकी डबल इंजन सरकार है। बावजूद महंगाई के मामले में देश भर में बिहार सबसे टॉप पर हैं। आखिर बिहार में रिकॉर्डतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के लिए जिम्मेदार कौन है? आखिर कब तक नीतीश कुमार अपनी सत्तालोलुप्ता, स्वार्थपूर्ति और अनैतिक पलटा-पलटी का शिकार बिहार को बनाते रहेंगे?'

# अतिक्रमण हटाने का कार्य पुलिस बल की कमी के कारण टला




संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर/बन्दरा।** बन्दरा अंचल के हत्था में अतिक्रमण खाली करने का कार्य पुलिस बलों के अभाव में नहीं हो सका। बन्दरा अंचल के अधिकारी अंकुर राय ने बताया कि आज अतिक्रमण खाली होना था, पर पुलिस लाइन में पुलिस बल उपलब्ध नहीं थे, इसलिए अतिक्रमण नहीं हट पाया। उन्होंने बताया कि अब अगली तिथि तय होने पर अतिक्रमण हटाया जा सकेगा।

# पूसाः बथुआ गांव में करंट लगने से एक मजदूर की मौत, तीन की हालत गंभीर



संवाददाता।

**पूसा।** पूसा थाना क्षेत्र के बथुआ गांव में छत ढ़लाई के बाद मिक्चर मशीन का सामान खोलने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ। करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

ग्रामीणों ने इस हादसे की सूचना भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार को दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। भाकपा-माले ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

- **पूसा थाना क्षेत्र की घटना पर भाकपा-माले ने जताई चिंता**
- **10 लाख रुपये मुआवजे की मांग**

भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और घायलों के इलाज में किसी प्रकार की कमी न की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घायलों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने की भी मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीण इस घटना से बेहद आक्रोशित हैं और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बिना सुरक्षा किट के बिजली तार मरम्मती करने क्यूल नदी में उतरा मजदूर डूबा

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, बिजली विभाग और संवेदक पर लापरवाही का लगाया आरोप



संवाददाता।

**जमुई।** जमुई में बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है यहां गरीब मजदूर की जान से खिलवाड़ किया गया है। मामला जमुई के खैरमा स्थित क्यूल नदी का है। दरअसल क्यूल नदी में 33 हजार बिजली तार पानी के बढ़ते बहाव से गिर गया। उंसके बाद विभाग के अधिकारी व ठीकेदार द्वारा मजदूर को बुलाया गया और बिना सुरक्षा किट के ही नदी में प्रवेश करने का फरमान दे दिया। जिस वजह से नदी में बालू उठाव से बने गड्ढा और पानी का बहाव तेज रहने की वजह से मजदूर की डूबकर मौत हो गई। उंसके बाद स्थानीय तैराक व एनडीआरएफ की टीम के द्वारा खोजबीन शुरू की गई, फिर ड्रोन कैमरे की मदद से मजदूर के शव को 24 घंटे बाद 500 मीटर की दूरी से बरामद किया गया। मृतक मजदूर की पहचान खैरा प्रखंड के जितझिंगोई गांव निवासी सत्येंद्र यादव के पुत्र विवेक यादव के रूप में हुई है। मामले में आक्रोशित लोगों ने खैरमा पुल के पास सड़क को जाम कर दिया और बिजली विभाग के अधिकारियों व ठीकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। जाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोष्ट लोगों ने बताया कि कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता व ठीकेदार संजय उर्फ डब्बू भालोटिया द्वारा जबरण मजदूर को मोरम्मति कार्य करने के लिए बिना सेफ्टी के नदी में भेजा गया था। जिस वजह से मजदूर विवेक यादव की डूबकर मौत हुई है।

# झाझाः गलत हरकत करता देख पिता ने पीट-पीटकर पुत्र की कर दी हत्या

संवाददाता।

**जमुई।** जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र अंतर्गत फोकसा गांव में भाई की पत्नी के साथ गलत हरकत करना भरत मांझी को मंहगा पड़ गया। पिता बेनी मांझी ने अपने दूसरे पुत्र जानो मांझी के साथ मिलकर भरत मांझी की पीट-पीट कर हत्या कर दी और शव को धान की खेत में फेंक दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक के शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। हालांकि पुलिस ने जांच के दौरान कुछ ही घंटों में मामले का उद्भेदन कर आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया।

घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि धान के खेत में भरत मांझी का शव छुपाने की सूचना मिली थी। घटना को गंभीरता को देखते हुए एसपी चंद्रप्रकाश द्वारा उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष संजय कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया।




- **पुलिस ने आरोपित पिता को किया गिरफ्तार**
- **मृतक अपनी भाई की पत्नी के साथ दुष्कर्म का किया था प्रयास,काफी दिनों से कर रहा था तंग**

साथ ही एफएसएल टीम के द्वारा भी घटनास्थल का साक्ष्य जुटाया गया। घटना को लेकर पूछताछ किए जाने पर यह बात सामने आई कि आपसी विवाद के कारण भरत मांझी की हत्या उन्हीं के पिता और भाई जानो मांझी ने किया है। वही त्वरित कार्रवाई करते हुए बेनी मांझी को फोकसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है एवं घटना में उपयोग किए जाने वाले खून लगा कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया गया है।

# नीतीश सरकार ने बढ़ाई मिहिर कुमार सिंह की जिम्मेदारी, वित्त विभाग में गईं आशिमा जैन

## फिर कई आईएएस अधिकारियों का तबादला



संवाददाता।

**पटना।** बिहार सरकार ने एक बार फिर कई आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। इन अधिकारियों को नए विभागों में नियुक्त किया गया है। कुछ को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपे गए हैं। ये तबादला आदेश सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी किया गया है। 1993 बैच के आईएएस अधिकारी और पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को सामान्य प्रशासन विभाग में मुख्य जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। 2002 बैच के आईएएस अधिकारी और कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल परिवहन विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे।

बिहार में हुए प्रशासनिक फेरबदल में 2008 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. आशिमा जैन का नगर विकास विभाग से तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब वित्त विभाग की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। डॉ. आशिमा जैन पहले नगर विभाग और आवास विभाग की सचिव थीं। अब उनकी जगह पर कौन आएगा, इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

इस फेरबदल में 2008 बैच के ही एक और आईएएस अधिकारी बी. कार्तिकेय धनजी को भी सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्तिकेय धनजी अभी राज्य परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण बदलाव में 2008 बैच के आईएएस अधिकारी और गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार को अगले आदेश तक जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसके अलावा 2021 बैच के आईएएस अधिकारी और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी लक्ष्मण तिवारी का तबादला कर दिया गया है। उन्हें छपरा सदर का नया अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। लक्ष्मण तिवारी को कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति एवं धारा 163 में निहित शक्तियां भी दी गई हैं।

# कांटी : एनटीपीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चलाया स्वच्छता अभियान

संवाददाता।

**कांटी(मुजफ्फरपुर)।** स्वच्छता ही सेवा के तहत एनटीपीसी कांटी ने कांटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान के तहत एनटीपीसी और सामुदायिक केंद्र के सभी वरीय अधिकारी ने भाग लिया और समूचे स्वास्थ्य केंद्र को साफ किया। आपको बताते चले की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सम्पूर्ण देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एनटीपीसी कांटी भी विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चला रहा है।

स्वच्छता ही सेवा के तहत विभिन्न स्कूल, स्वस्थ केंद्र, इत्यादि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया जायेगा।

स्वच्छता अभियान के बाद लोगो को संबोधित करते हुए श्री मधु एस., परियोजना प्रमुख,



एनटीपीसी कांटी ने लोगो को स्वच्छता अपनाने की अपील की और दूसरे लोगो को भी स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर आप लोग स्वच्छता को अपनाते है तो आपके बीमार पड़ने की संभावना कम हो जाती है। इस मौके पर श्री तापस साहा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवम प्रचालन), श्री महेशकुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अन्य वरीय अधिकारी, वरीय डॉक्टर, स्वास्थकर्मी, ग्रामीणवासी एवम सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# जदयू नेता मनोरमा देवी के साथ बस मालिक पर भी एनआईए का शिकंजा

## नक्सल कनेक्शन का शक, बड़े राज बाहर आएंगे?

संवाददाता।

**गया/पटना।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के कार्यकताओं के साथ गैरकानूनी गतिविधियों में कथित संलिप्तता की जांच को लेकर गया जिले में बिहार विधान परिषद की एक पूर्व सदस्य (एमएलसी) सहित दो लोगों के परिसरों पर बृहस्पतिवार को तलाशी ली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि यह तलाशी अभियान बिहार के मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को फिर से खड़ा करने और सशक्त करने की भाकपा (माओवादी) की साजिश के संदर्भ में एनआईए की जांच का हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने गया जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और गोइंथा गांव में बस मालिक द्वारिका यादव के परिसरों में तलाशी ली। यह मामला 2023 में रोहित राय और प्रमोद यादव नामक आरोपियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद के साथ भाकपा (माओवादी)



मगध क्षेत्रीय संगठन समिति से संबंधित दो पुस्तिकाओं की बरामदगी और जब्ती से संबंधित है। दोनों अपने सहयोगियों के साथ कथित तौर पर गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे और भाकपा (माओवादी) की हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ठेकेदारों और ईंट भट्ठा मालिकों से अवैध तौर पर राशि की उगाही भी कर रहे थे।

अधिकारी एनआईए की कार्रवाई के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। मनोरमा देवी से जुड़े परिवार के सदस्यों को पहले भी भाकपा (माओवादी) के कैडरों के साथ संबंध के आरोप में जांच एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था। कई बार प्रयास किये जाने के बावजूद मनोरमा देवी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सकीं। गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आशीष भारती ने पत्रकारों से कहा, ह्यएनआईए ने गया में अपने तलाशी अभियान के लिए जिला पुलिस से सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था... जिसे केंद्रीय जांच एजेंसी को मुहैया कराया गया था।

# बिहार चुनाव से पहले 'पावरफुल' होना चाहते हैं मांझी



दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) यानी हम अब राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी ने झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल में अपना विस्तार करना शुरू कर दिया है। पार्टी का मानना है कि इन राज्यों में अच्छा प्रदर्शन करके वो राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर सकती है। हम के संस्थापक अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का कहना है कि हम अब राज्य की नहीं बल्कि देश स्तर की पार्टी है। इसी सोच के साथ पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल को पार्टी ने अपना सॉफ्ट टारगेट बनाया है।

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम लगातार वहां कार्यक्रम कर रही है। हाल ही में रांची में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भी हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन का दावा है कि झारखंड में हम 5 से 6 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। केरल में भी पार्टी को विस्तार करने में सफलता मिली है। केरल की दो पार्टियों ने हम में विलय कर लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार के अनुसार, केरल की लेबर पार्टी का हम में विलय हुआ है। साथ ही कई अन्य प्रांतों की छोटी-छोटी पार्टियों से भी बातचीत चल रही है।

बिहार में क्षेत्रीय दल द्वारा राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए जोर आजमाइश होते रहा है। आरजेडी को एक बार राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल चुका है। जेडीयू अभी राष्ट्रीय पार्टी बनने की राह पर अग्रसर है। और अब हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने भी इस दिशा में कदम बढ़ाया है। भले हम के लिए दिल्ली दूर हो पर इनके बढ़ते कदम झारखंड , यूपी होते केरल को नापने जा रही है। वर्तमान में हम के पास लोकसभा में एक सीट है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जीतन राम मांझी गया से जीते थे और अभी केंद्रीय मंत्री हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने बिहार में चार सीटें ( इमामगंज, टेकारी, बारचट्टी और सिकंदरा ) जीती थीं। कुल मिलाकर कहा जाए तो हम पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। ऐस में अब देखना होगा कि आने वाले समय में पार्टी को कितनी सफलता मिलती है।

# "दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा",नवादा अग्निकांड को चिराग पासवान ने बताया शर्मनाक

संवाददाता।

**नवादा।** बिहार के नवादा की घटना पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मकानों को जलाए जाने की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मामले की जांच कर रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। चिराग ने कहा कि यह दुखद घटना है। यह निंदनीय और शर्मनाक है। मैं राज्य सरकार के साथ संपर्क में हूं। सबसे पहले तो यह सुनिश्चित करना होगा कि पीड़ितों का पुनर्वास हो और घायलों का इलाज हो। नवादा के मांझी टोला में दबंगों ने 70-80 घरों को आग के हवाले कर दिया। आग ने पूरे गांव को अपने चपेट में ले लिया। घटना के एक दिन बाद पुलिस ने अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। नवादा के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने मुफस्सिल थाना अंतर्गत मांझी टोला में बुधवार शाम को हुई इस घटना के बारे कहा, ह्जिला पुलिस ने घटना के सिलसिले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और



अन्य लोगों की तलाश जारी है। मामले की जांच के लिए पुलिस ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और वे जल्द ही एक रिपोर्ट प्रस्तुत करके यह बताएंगे कि कितने मकान क्षतिग्रस्त हुए या जल गए और सभी आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वे मांझी टोला में पीड़ितों को भोजन सामग्री और पीने के पानी समेत सभी राहत सामग्री प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के लिए अस्थायी टेंट लगाए गए हैं और उन्हें वहां शिफ्ट किया जा रहा है। डीएम ने इन खबरों का खंडन किया कि घटना के दौरान खंभों से बंधे कुछ मवेशियों की भी जलकर मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है।

घटना के तुरंत बाद नवादा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव धीमान ने शाम 7 बजे के आस-पास फोन पर जानकारी मिली थी कि मांझी टोला में कुछ घरों में आग लगा दी गई है। उन्होंने कहा था कि पुलिस तुरंत दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने में कुछ समय लगा।



चरण सिंह

विचार

## जनता के हित में तो नहीं है एक देश और एक चुनाव !'

मोदी सरकार की कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक देश एक चुनाव प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद विपक्ष ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। विपक्ष का कहना है कि जब भी चुनाव आते हैं तभी भाजपा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए अनाप-शनाप मुद्दे ले आती है। एक देश एक चुनाव के पीछे सरकार का तर्क है कि बार-बार चुनाव होने से खर्च ज्यादा आता है। अधिक समय तक आचार संहिता लगी होने के कारण विकास अवरुद्ध होता है। वैसे तो कांग्रेस भी एक देश और एक चुनाव का विरोध कर रही है पर इसके लागू होने से क्षेत्रीय दलों को नुकसान हो सकता है। एक देश एक चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे हावी होने से उनके वजूद पर खतरा मंडरा सकता है। देश में एक साथ चुनाव होगा तो राष्ट्रीय मुद्दे हावी रहेंगे। क्योंकि क्षेत्रीय दल क्षेत्रीय मुद्दे पर चुनाव लड़ते हैं, ऐसे में वे पिछड़ जाएंगे। यदि अब तक काम देखा जाए तो पता चलेगा कि अधिकतर जनता के काम चुनाव करीब आने के समय हुए हैं। जन प्रतिनिधि भी जनता की सुध चुनाव के समय ही लेते हैं। यदि देश में चुनाव एक साथ होने लगे तो जनता को कोई पूछने वाला नहीं है। क्योंकि चुनाव में काम की कोई अहमियत नहीं रह जाएगी। राष्ट्रीय मुद्दे हावी होने के चलते जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में काम नहीं कराएंगे।

एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को कैबिनेट से पास करने के मामले पर यह तो कहा जा सकता है कि जब चुनाव आयोग चार राज्यों हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड और महाराष्ट्र में एक साथ चुनाव न करा पाए तो पूरे देश के लोकसभा और विधानसभा चुनाव कैसे कर पाएंगे। जब केंद्र सरकार को यह प्रस्ताव कैबिनेट से पास करना ही था तो अच्छा संदेश देने के लिए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के साथ ही झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव भी कराने चाहिए थे। वैसे भी देश के आजाद होने के बाद 1952 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे। उसके बाद कई राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हुए पर उसके बाद धीरे-धीरे अलग-अलग चुनाव होने लगे।

एक देश एक चुनाव पर भाजपा इसलिए जोर दे रही है क्योंकि अधिकतर राष्ट्रीय मुद्दों को प्रधानमंत्री अपनी ओर मोड़ लेते हैं। क्योंकि केंद्र के साथ ही अधिकतर राज्यों में बीजेपी की ही सरकार है। ऐसे में बीजेपी चाहती है कि इसका फायदा उसे मिले। इसमें दो राय नहीं कि एक देश चुनाव से देश की जनता को कोई फायदा नहीं होने जा रहा है। जो सरकार काम करना चाहती है वह आचार संहिता का ही इंतजार क्यों करे। देश में लोकतंत्र के लिए एक से बढ़कर एक कानून है । बस इन कानून को अमली जामा पहनाने वाला शासक होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि चुनाव ही होते हैं जिनके के चलते विधायक, सांसद और सरकारें कुछ काम करा देते हैं। नहीं तो पांच साल तक इनके पीछे भागते रहो।

एनडीए में शामिल अधिकतर दल मोदी सरकार के इस फैसले के साथ हैं तो विपक्ष में अधिकतर दल इसके विरोध में। बसपा पहले इसका विरोध कर रही थी आज की बैठक में बसपा ने इसका समर्थन कर दिया है। वैसे भी बसपा तो केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही है। जहां तक खर्च कर बात है तो यदि भ्रष्टाचार पर अंकुश लग जाए तो काफी चुनाव जैसे खर्च की कोई अहमियत नहीं रहेगी। एक देश एक चुनाव में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की बात है। उसके 100 दिन बाद निकाय और पंचायत चुनाव कराये जा सकते हैं।

## विलुप्त होती परंपराएं: मिट्टी के बर्तनों और लाल दूध की यादें



दीपक कुमार तिवारी

आज के आधुनिक युग में जहाँ मोमो, पिज्जा और बर्गर जैसे विदेशी व्यंजन हर घर में अपनी जगह बना चुके हैं, वहीं पुरानी भारतीय परंपराएं और उनके साथ जुड़ी कई अद्वितीय चीजें धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। विशेष रूप से ग्रामीण भारत की संस्कृति और वहां की खानपान की आदतें समय के साथ धुंधली होती जा रही हैं।

**हड़िया और बरोसी का युग:**

एक समय था जब हर घर में मिट्टी के बर्तनों का विशेष महत्व होता था। हड़िया और बरोसी जैसे बर्तन घर के रसोईघर की शोभा बढ़ाते थे। दूध जब हड़िया में धीरे-धीरे गरम होता, तो उसकी मलाई लाल रंग की हो जाती थी। उस मलाई का स्वाद अविस्मरणीय होता था। जब रोटी पर वह मलाई रखकर उसे नून (नमक) और मिर्च के साथ खाया जाता था, तो उसका आनंद कुछ और ही होता था।



**हड़िया का लाल दूध और मेहमानों की मेजबानी:**

आज जब मेहमानों का स्वागत चाय या कोल्ड्रिंक से किया जाता है, तब कभी मेहमानों को हड़िया में पकाया गया लाल दूध परोसा जाता था। इस दूध का स्वाद ऐसा होता था कि लोग इसे बार-बार पीने की इच्छा जताते थे। चाय और कोल्ड्रिंक जैसे आधुनिक पेय पदार्थों का कोई नामोनिशान नहीं था।

**खुरचन का अद्भुत स्वाद:**

हड़िया में पकाए गए दूध की एक और खासियत थी–उसकी खुरचन। जब रात को दूध के नीचे की खुरचन निकाली जाती थी, तो उसका स्वाद अद्वितीय होता था। बच्चों में तो खुरचन खाने को लेकर अक्सर झगड़े हो जाया करते थे, क्योंकि इस स्वाद की तुलना किसी और व्यंजन से नहीं की जा सकती थी। यह एक अलग ही मिठास और संतोष प्रदान करता था, जो आज के आधुनिक व्यंजनों में मिलना मुश्किल है।

**आधुनिकता में खोती परंपराएं:**

अब समय के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन, हड़िया और बरोसी जैसे पारंपरिक बर्तन घरों से गायब हो गए हैं। उनके स्थान पर स्टील, कांच और अन्य आधुनिक बर्तन आ गए हैं। न तो अब वह लाल मलाई वाली दही रही, और न ही बरोसी में पकाया गया दूध। आज के बच्चे पिज्जा, बर्गर और मोमो के स्वाद के आदी हो गए हैं, लेकिन वे शायद ही कभी उन पारंपरिक व्यंजनों के बारे में जान पाएंगे जिनका कभी उनके पूर्वज आनंद लेते थे।

**बचपन की यादें:**

यह सब केवल उन पुरानी यादों का हिस्सा बनकर रह गया है। खुद के बचपन की यादें जब ताजा होती हैं, तो वह हड़िया का लाल दूध, उसकी मलाई और खुरचन का स्वाद जुबान पर आ ही जाता है। इन पारंपरिक अनुभवों का महत्व न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए था, बल्कि यह हमारे जीवन की सादगी और आत्मीयता का प्रतीक भी था।

आज भले ही आधुनिकता ने हमारी जीवनशैली को बदल दिया हो, लेकिन इन पुरानी परंपराओं और उनके साथ जुड़ी यादों का महत्व कभी कम नहीं होगा।

# तीन पेंशन वाले देश में एक चुनाव



अरुण श्रीवास्तव

देश की भावी पीढ़ी के लिए दो तरह की शिक्षा व्यवस्था क्यों? रईसों बच्चों के लिए कान्वेंट स्कूल और गरीबों के बच्चों के लिए मौलिक सुविधाओं से विहीन सरकारी स्कूल। गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल व कमीशन वाली दवाएं तो रईसों के लिए फाइव स्टार होटल को मात देने वाले भव्य अस्पताल। जब नागरिक एक हैं तब ये भेदभाव क्यों? इलेक्शन को ही ले लीजिए। हर मतदाता के वोट की कीमत एक ही होती है चाहे वह अंबानी हो अदानी हो या निचले पायदान के 80 करोड़ वो लोग जो 5 किलो मुफ्त राशन के सहारे जीने को मजबूर हैं।
उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन को हरी झंडी दी।

फिर निकला 'एक देश एक चुनाव' जिन्न'। यह जिन्न जिसे वक्त ने देश की आजादी के साथ ही कुछ वर्षों तक बोतल में कैद कर रखा था। आजादी मिलने के क ई बार लोक सभा चुनाव ही विधानसभा चुनाव भी होते रहे पर बीच में विधानसभा भंग होने के साथ ही एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने का सिलसिला भी भंग हो गया। अपने तीसरे कार्यकाल के पहले स्वाधीनता दिवस समारोह के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश संबोधित करते हुए करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी ने कहा था कि,' अब समय आ गया है कि एक देश एक चुनाव' की ओर हमें आगे बढ़ना चाहिए। हालांकि इसके तुरंत बाद ही हमारे चुनाव आयोग ने दो राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की मुनादी कर दी जबकि होने चार राज्यों में चाहिए। मतलब यह विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का चुनाव आयोग एक साथ चार राज्यों में चुनाव नहीं कर सकता प्रधानमंत्री जी लाल किले से एक देश एक चुनाव की बात करते हैं। यानी पूरे देश में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने की सिफारिश करते हैं। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि लोकसभा का चुनाव और यदि इसके साथ ही किसी प्रदेश की विधानसभाओं के चुनाव पड़ गए तो तमाम तरह की व्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं। चुनाव आयोग चुनाव की प्रक्रिया को द्रोपदी के चीर की तरह खिंचता जाता है। मतलब दो-दो महीने तक चुनाव की प्रक्रिया चलती है। एक छोटी से राज्य में भी कई चरणों में चुनाव कराने का फैशन सा हो गया है ऐसे में एक देश एक चुनाव की बात अव्यावहारिक लगती है। यहां पर यह भी ध्यान देने वाली बात है कि एक देश एक चुनाव की परंपरा टूटी क्यों? वह कौन सी दिक्कत या मुसीबत आ गई थी कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव भविष्य में एक साथ नहीं हो पाए।

बताते चलें कि यह विविधताओं का देश है। जितने प्रदेश हैं उससे ज्यादा बोली, पढ़ी और समझी जाने वाली भाषाएं हैं। एक प्रदेश में ही कई-कई भाषाएं और बोलियों को लिखने-पढ़ने और समझने वाले लोग मिल जाएंगे। देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की ही बात करें तो यहां पर भोजपुरी, अवधी बोलने वालों की संख्या काफी ज्यादा है। यही नहीं अन्य प्रदेशों से लगे जिलों में उन प्रदेशों की भाषा बोली ही माध्यम है। जैसे मथुरा की ओर बढ़ें तो वहां की बोली खड़ी बोली से बिल्कुल अलग है तो मेरठ और सहारनपुर की बोली बिल्कुल अलग। मध्य प्रदेश से लगा उत्तर प्रदेश का जिला बांदा की बोली का रींवा की बोली का काफी प्रभाव है। वैसे भी एक कहावत है 'कोस कोस में बदले पानी, चार कोस पर वाणी'। एक देसी कहावत है 'बनारस की ऐली-गैली मिजार्पुर के रे इलाहाबाद की ऐसी बोली बाप को काहें बे'। इलाहाबाद से लगे वाराणसी में भोजपुरी बोली जाती है तो इलाहाबाद से ही लगे प्रतापगढ़ में अवधी। कहने का मतलब यह कि जब एक जिले में इतनी विविधता है तो एक देश में क्यों नहीं होगी? फिर उत्तर भारत और दक्षिण भारत में तो अनुलोम विलोम का का रिश्ता रहता है ऐसे में क्या एक देश एक इलेक्शन कामयाब रहेगा?

किसी भी देश में एकरूपता अच्छी बात है, पर जब एक ही देश में एक ही प्रदेश में या एक ही विभाग में भिन्नता रहे तब ये सोचने को मजबूर होना पड़ता है कि ऐसा क्यों?

बात मुद्दे की, कैबिनेट ने एक देश एक इलेक्शन पर मुहर लग गई वह भी इस स्थिति में की सरकार का दोनों सदनों में दो तिहाई क्या पूर्ण बहुमत भी नहीं है फिर इस तरह के मुद्दे लोकसभा और राज्यसभा से ही पास नहीं होते प्रदेश की विधानसभाओं में भी इन्हें पारित कराना पड़ता है। कैबिनेट की मुहर लगने से पहले क्या सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन पर अपने सहयोगी दलों सहित अन्य राजनीतिक दलों से किसी तरह का विचार विमर्श किया है? यदि नहीं ये भी रास्ते का रोड़ा बन सकता है।

वैसे एक देश एक चुनाव ही क्यों ? एक देश एक शिक्षा क्यों नहीं? एक देश एक स्वास्थ्य व्यवस्था क्यों नहीं? जब देश एक है और देश के नागरिक एक हैं तो यह दोहरापन क्यों? केंद्र सरकार के कर्मचारियों को ही लें तो तीन तीन पेंशन।

प्रदेश सरकार के कर्मचारियों में भी भेद-भाव क्यों? सरकार एक है और उसके कर्मचारी भी तो दोअंखी क्यों? मसलन नियुक्तियों को लें या सेवानिवृत्ति को। इसमें अंतर क्यों? केंद्र सरकार ने अपने के कर्मचारियों के लिए ही तीन तरह के पेंशन की व्यवस्था कर रखी है ओपीएस, एनपीएस और यूपीएस ऐसा क्यों? उत्तर प्रदेश को ही लें जो खुद को उत्तम प्रदेश कहता है। इसके शिक्षा विभाग में प्राइमरी शिक्षकों के सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है तो उच्च शिक्षा में काम करने वाले लोगों की 65 और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों की 60 वर्ष है ऐसा क्यों? चिकित्सकों के सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है। एक ही विभाग के बाबू को पूरे सेवाकाल में कई प्रमोशन मिलते हैं शिक्षकों को नहीं।

देश की भावी पीढ़ी के लिए दो तरह की शिक्षा व्यवस्था क्यों? रईसों बच्चों के लिए कान्वेंट स्कूल और गरीबों के बच्चों के लिए मौलिक सुविधाओं से विहीन सरकारी स्कूल। गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल व कमीशन वाली दवाएं तो रईसों के लिए फाइव स्टार होटल को मात देने वाले भव्य अस्पताल। जब नागरिक एक हैं तब ये भेदभाव क्यों? इलेक्शन को ही ले लीजिए। हर मतदाता के वोट की कीमत एक ही होती है चाहे वह अंबानी हो अदानी हो या निचले पायदान के 80 करोड़ वो लोग जो 5 किलो मुफ्त राशन के सहारे जीने को मजबूर हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन को हरी झंडी दी। इस संबंध में मोदी सरकार का कहना है कि भारत जैसे विशाल देश में कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। कभी लोकसभा का तो कभी विधानसभा का। तो कभी उप चुनाव। इस दौरान आचार संहिता के कारण सरकारी कामकाज बुरी तरह से प्रभावित होता है। एक देश एक चुनाव होने से जहां सरकारी खर्चे में कमीं आएगी वहीं पर कामकाज में भी बाधित नहीं होगा।

यहां यह जानना भी जरूरी है कि अन्य परियोजनाओं की तरह ही 'वन नेशन वन इलेक्शन' मोदी सरकार का सपना नहीं। देश की आजादी के बाद पहला आम चुनाव 1951 52 में हुआ। 1957 1962 और 1967 तीन आम चुनाव तक जारी रहा हालांकि 1968 और 69 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग हो जाने के कारण यह व्यवस्था भी भंग हो गई। 1970 में लोकसभा को समय से पहले ही भंग कर दिया गया और 1971 में नए चुनाव कराए गए। इस समय जो लोकसभा चल रही थी वह 15 महीने पहले ही भंग कर दी गई क्योंकि इंदिरा गांधी की सरकार अल्प में थी और वो पूर्ण बहुमत चाहती थीं।

यानी कि जो समस्याएं पहले थीं जिसके कारण एक साथ लोकसभा और विधानसभा के चुनाव नहीं हो पाए वह तो अब भी है। देश की आजादी के बाद शुरूआती दौर में हुए चुनाव के नतीजे एकतरफा रहे। गठबंधन की सरकारें नहीं रहीं सबसे बड़े दल के रूप में कांग्रेस थी जो लगातार कई दशक तक सत्ता में रही। आज का दौरा गठबंधन सरकारों का है और क्षेत्रीय दल पहले की अपेक्षा कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं ऐसे में वन नेशन वन इलेक्शन के व्यावहारिक तौर पर कामयाब होने के लक्षण नहीं दिख रहे है। उदाहरण के लिए लोकसभा या विधानसभाओं के चुनाव होने के 6-7 महीने बाद ही यदि सरकार अल्पमत में आ जाती है तो उस स्थिति में क्या होगा? राष्ट्रपति शासन की भी समय सीमा है। जो सीमित समय तक के लिए बढ़ाई जा सकती है। फिर हर चुनाव के साथ ही कुछ प्रदेशों में उपचुनाव भी होते हैं तो वन नेशन वन इलेक्शन के दौर में यह व्यवस्था कैसे चल पाएगी यह भी गंभीर विषय है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

# ज़िंदा माता पिता को रोटी तक नहीं और मरने के बाद खीर पूड़ी



ऊषा शुक्ला

जीवित रहते है माता पिता को कभी दो वक़्त की रोटी नहीं दी। और मृत्यु पश्चात पितृ पक्ष आते ही समाज को दिखाने के लिए महाभोग किए जा रहे हैं। मृत्यु से कुछ समय पहले माता पिता के मुख में है चंद्र रोटी के टुकड़े डालने का केवल मात्र एक ही लोभ था कि किसी तरह इनकी जायजाद , उनका पैसा हड़प लिया जाए। हो सकता हो कि अगर मृत्यु से चंद दिनों पहले उन्हें रोटी खिलाने का यह सेवा करने का ढोंग न किया होता तो शायद वृद्ध माता पिता ने अपनी सारी संपत्ति किसी आश्रम में दान कर दी होती । यह भी हो सकता था कि मजबूर भारत माता पिता अपनी सारी संपत्ति अपने किसी ऐसे बच्चे के नाम कर जाते ,जो निर्दोष था जिसे जान बूझ कर घर से दूर रखा गया। ऐसी संतान जिसने पूरे जीवन अपने माता पिता का एक भी पैसा अपने परिवार पर खर्च न किया हो । हो सकता हो माता पिता अपने इस बच्चे का एहसान उतारना चाहते हो जिसने कभी भी अपने माता पिता के सामने झोली नहीं फैलायी। कैसा कलयुग आ गया है कि कोख से जन्मे सन्तान चंद रुपयों की खातिर अपने ही वृद्ध माता पिता के साथ राजनीति खेलना शुरू कर देती है। बिस्तर पर बीमार पड़े अपने बेटे की एक झलक पाने के लिए तड़प रहे पिता को इस तरह प्रताड़ित किया कि सुनने वालों की रूह कांप गई। रिश्तों से बढ़कर पैसा आखिर कब हुआ है। लेकिन अनपढ़ लोगों के लिए पैसा ही सब कुछ है। पैसा और मकान पाने की खातिर कुछ अज्ञानी अनपढ़ अपने माता पिता को मौत के घाट उतार सकते हैं। अब तक तो सुनते थे अब तो अपनी जान पहचान में ऐसे निर्दयी कठोर संता ने देख ली। भगवान सारे पाप माफ कर देते हैं पर अपने ही माता पिता पर हाथ उठाने वाले कुपुत्र को कभी माफ नहीं करते हैं। एक बेटा एक बार अपने माता पिता से कुछ बोल भी ले पर वह या कैसे बर्दाश्त कर लेता है कि उसकी पत्नी उसके ही माता पिता को मार रही है ,पीट रही है और इससे सेवा का नाम दे रही है।कई बुजुर्ग बिल्कुल बेसहारा हैं, उनके बाद कोई इनका नाम लेने वाला भी नहीं है। वह बताते हैं कि मां-बाप की मौत के बाद सारे रिश्ते-नातेदार उनसे दूर हो गए। सबने दुत्कार दिया, कोई दो रोटी तक नहीं दे सका।

पितृ पक्ष शुरू हो गए हैं। घर-घर लोग अपने पूर्वजों की डआत्मा की शांति के लिए सुबहड उठकर काले तिल, फूल और चावल के साथ उन्हें जल अर्पित करेंगे, ताकि उनके पूर्वज जहां भी हों, उन्हें शांति मिले। जरा सोचो जब तक पूर्वज ज़िंदा थे उन्हें थप्पड़ मारे जाते थे कोई उनको धक्का देता था। गालियां दी जाती थी। और जब मर गए हैं तो केवल मात्र है अपने आपको बचाने के लिए पिंडदान किया जा रहा है उनकी आत्मा की शांति की दुआ की जा रही है। चार कंधों पर चलती हुई लाचार पिता की आह बोल उठी काश कोई एक कंधा जीवित रहते मिल जाता है तो शायद मेरी आत्मा को शांति मिल जाती। जीवित रहते हैं जिन माता पिता को तिल तिल तज पाया गया आज उन्हीं को पिंडदान किया जा दिया जा रहा है। तना ही नहीं पूर्वजों के श्राद्ध के लिए पंडितों को भोज कराया जाएगा, उन्हें वस्त्र और दान दक्षिणा दी जाएगी और तो और परिवार के लोग जिन भूले-भटके पितरों के बारे में नहीं जानते, अमावस्या के दिन उनका भी तर्पण और श्राद्ध करेंगे लेकिन वृद्धाश्रमों में रह रहे असहाय बुजुर्गों की मौत के बाद उनका तर्पण कौन करेगा, इस सवाल पर वृद्धाश्रम में जीते जी गुमनान जिंदगी काट रहे बुजुर्ग अपना मुंह छिपा लेते हैं। उनकी आंखों में आंसू डबडबा जाते हैं। कुछ वृद्ध अपने ही घर में दीवारों को देख देख करके आँसू बहा रहे होते थे। निर्दयी संतान को जरा भी तरस नहीं आयी कि पिता को इतना भी मत तड़पा कि उनके हाय निकल जाए।दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं । जिसका कोई मूल्य नहीं होता है । जो करना है जीते जी कर लें मृत्यु के पश्चात कोई लाभ माता-पिता को प्राप्त नहीं होता है । जिन्होंने हमें जन्म दिया , भोजन , वस्त्र और ना जाने क्या -कया दिया उनका हम हिसाब भी नहीं लगा सकते । स्वयं गीले में सोकर हमें सुखे में सुलाया , हमें अच्छे देने के लिए स्वयं वस्त्र का त्याग किया , मेहनत करके अपने अपने तन का त्याग किया , हमारे शिक्षा अच्छे से हो इसलिए मनोरंजन का त्याग किया । ऐसे सभी पूजनीय माता-पिता को भोजन भी नहीं देने वाली संतानों से ज्यादा दरिद्र कोई नहीं । माता-पिता तो त्याग और बलिदान, समर्पण, की पराकाष्ठा है ।

# भीड़भाड़ को न्यौता देती टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें



-डॉ. सत्यवान सौरभ

(आज भारत की टोल प्रणाली के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ भीड़भाड़ और विलम्ब हैं। फास्टैग सिस्टम शुरू होने के बावजूद, टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें और देरी एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। तकनीकी गड़बड़ियाँ और कुछ क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान विधियों का कम इस्तेमाल इस समस्या को और बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, टोल प्लाजा में निरंतर लगने वाला ट्रैफिक जाम। उच्च परिचालन लागत में टोल प्लाजा के संचालन और रखरखाव की लागत, जिसमें कर्मचारियों का वेतन, बुनियादी ढाँचे का रखरखाव और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है, वित्तीय बोझ को बढ़ाती है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। )

भारत का टोल रोड नेटवर्क वर्ष 2023 में 45,428 किलोमीटर तक विस्तारित हो गया, जो वर्ष 2019 के 25,996 किलोमीटर से 75% की वृद्धि है। इस विस्तार के बावजूद, चुनौतियाँ बनी हुई हैं, क्योंकि हालिया डेटा टोल संग्रह में विलम्ब को दशार्ता है, जो यातायात भीड़ में योगदान देता है। सड़क यात्रा दक्षता और राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना आवश्यक है, जिसके लिए वर्तमान उपायों के विश्लेषण और अतिरिक्त समाधानों की आवश्यकता है। आज भारत की टोल प्रणाली के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ भीड़भाड़ और विलम्ब हैं। फास्टैग सिस्टम शुरू होने के बावजूद, टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें और देरी एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। तकनीकी गड़बड़ियाँ और कुछ क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान विधियों का कम इस्तेमाल इस समस्या को और बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, टोल प्लाजा में निरंतर लगने वाला ट्रैफिक जाम।

उच्च परिचालन लागत में टोल प्लाजा के संचालन और रखरखाव की लागत, जिसमें कर्मचारियों का वेतन, बुनियादी ढाँचे का रखरखाव और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है, वित्तीय बोझ को बढ़ाती है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। टोल डेटा में विसंगतियों (जैसे डेटा में हेरफेर और रिपोर्ट किए गए और वास्तविक ट्रैफिक के बीच भारी अंतर) का खुलासा किया गया है, जैसे कि पुणे एक्सप्रेसवे पर। टोल दरों में असमानता, अलग-अलग क्षेत्रों और राजमार्गों के हिस्सों में टोल दरों में भिन्नता और वाहन के प्रकारों के आधार पर असंगत मूल्य निर्धारण, यात्रियों के बीच भ्रम और असंतोष उत्पन्न करते हैं। टोल मूल्य निर्धारण के लिए पारदर्शिता और स्पष्ट तर्क की कमी जनता के असंतोष को बढ़ाती है। बुनियादी ढाँचे के एकीकरण का अभाव होने से कई टोल सड़कें, राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क या शहरी परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकृत नहीं हैं, जिसके कारण अकुशलताएँ उत्पन्न होती हैं।

भारत की टोल प्रणाली की चुनौतियों से निपटने के लिए शुरू की गई सरकारी पहलें फास्टैग कार्यान्वयन के माध्यम से राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली, कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देती हैं और स्वचालित टोल शुल्क कटौती के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके टोल प्लाजा पर भीड़ को कम करती हैं, और अब यह सभी वाहनों के लिए अनिवार्य है। एक राष्ट्र, एक फास्टैग पहल ने देश भर में टोल संग्रह को मानकीकृत किया, जिससे राजमार्ग संचालक या राज्य की परवाह किए बिना सभी टोल प्लाजाओं पर फास्टैग की अंतर-संचालन क्षमता सुनिश्चित हुई, जिससे यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला और टोल शुल्क पर भ्रम कम हुआ।

सरकार, टोल प्लाजा पर भीड़भाड़ जैसी समस्याओं को दूर करने और दूरी आधारित टोल संग्रह के लिए वाहन ट्रैकिंग सुनिश्चित करने हेतु जीपीएस आधारित टोल संग्रह प्रणाली का परीक्षण कर रही है, जिससे भौतिक टोल बूथों की आवश्यकता कम हो जाएगी। सरकार ने यातायात की निगरानी और टोल चोरी को रोकने के लिए टोल प्लाजा पर सीसीटीवी सिस्टम लगाए हैं। फास्टैग और नकद भुगतान दोनों को स्वीकार करने वाली हाइब्रिड लेन भी सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ फास्टैग का उपयोग कम है। निजी भागीदारों को शामिल करने के लिए टोल रोड विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पेश किए गए हैं, जिसका उद्देश्य बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता को बढ़ाना, सेवा वितरण में सुधार करना और टोल प्लाजाओं का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करना है।

भारत की टोल प्रणाली को और बेहतर बनाने वाले उपाय करने की सख्त जरूरत है। जीपीएस आधारित टोल संग्रह, जो यात्रा की गई दूरी के आधार पर शुल्क लेता है, को अपनाने में तेजी लाने से भौतिक टोल प्लाजा को समाप्त किया जा सकता है, जिससे भीड़भाड़ और राजस्व लीकेज को कम किया जा सकता है, तथा एक अधिक कुशल, पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित की जा सकती है। बेहतर डेटा एकीकरण और विश्लेषण से टोल प्लाजा पर डेटा विश्लेषण और रियल टाइम निगरानी का लाभ उठाकर भीड़भाड़ का पूवार्नुमान लगाया जा सकता है, टोल चोरी का पता लगाया जा सकता है और यातायात प्रवाह को अनुकूलित किया जा सकता है, जबकि व्यापक यातायात प्रबंधन प्रणालियों के साथ टोल डेटा को एकीकृत करने से सड़क अवसंरचना प्रबंधन में सुधार होता है।

एक गतिशील मूल्य निर्धारण मॉडल जो यातायात की मात्रा और दिन के समय के आधार पर टोल दरों को समायोजित करता है, वह व्यस्ततम घंटों में भीड़भाड़ को प्रबंधित करने , अधिक कुशल सड़क उपयोग को प्रोत्साहित करने और अड़चनों को कम करने में मदद कर सकता है। सरकार स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली के साथ निगरानी बढ़ाकर और कठोर दंड लगाकर, अनुपालन में सुधार करके तथा राजस्व संग्रह को बढ़ाकर टोल चोरी पर अंकुश लगा सकती है। स्थानीय यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्गों का विकास और टोल-मुक्त सड़कों का विस्तार करने से टोल के प्रति जनता का विरोध कम हो सकता है, जबकि पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के लिए कम दरों की पेशकश से सतत परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

हालाँकि सरकारी पहलों ने कार्यकुशलता के मामले में सुधार किया है, लेकिन भीड़भाड़ और चोरी जैसे मुद्दों के लिए अधिक सशक्त समाधान की आवश्यकता है। जीपीएस-आधारित टोलिंग और गतिशील मूल्य निर्धारण जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ इनके? सख्त प्रवर्तन से टोल प्रणाली को बेहतर बनाया जा सकता है। इन उपायों को लागू करने से सभी उपयोगकताओं के लिए अधिक सुव्यवस्थित, प्रभावी और निष्पक्ष टोलिंग अनुभव सुनिश्चित होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# महिलाओं को हर माह 2100 रुपये: शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास, BJP के घोषणा पत्र में क्या-क्या

**रोहतक** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज रोहतक से हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कुलदीप बिश्नोई ओमप्रकाश धनखड़, सुभाष बराला, सुधा यादव, अशोक तंवर भी पहुंचे हैं।




**सरकार ने 10 सालों में पूरे किए वादे- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष**...भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने कहा कि आज 2024 के चुनाव को लेकर संकल्प पत्र भाजपा का जारी किया जा रहा है। इस संकल्प पत्र में जो भी बातें होंगी, उसे सरकार बनने पर लागू किया जाएगा। 2014 और 2019 में जो संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया था, उसके सभी वादे सरकार ने 10 सालों में पूरे किए हैं। हरियाणा में जो वातावरण बना है, वह भाजपा के पक्ष में है। जिस प्रकार केंद्र में मोदी जी की सरकार बनी है, वैसे ही हरियाणा में भी बीजेपी की सरकार बनेगी।

**हर वर्ग से बातचीत करने की कोशिश की गई- मेनिफेस्टो कमेटी चेयरमैन**...मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि 2 लाख से ज्यादा लोगों ने इस घोषणा पत्र को बनाने में अपने सुझाव दिए हैं। घोषणा पत्र बनाने के लिए कमेटी ने हर जिले में जाकर समाज के हर वर्ग से बातचीत करने की कोशिश की है। इस बार हमारे घोषणा पत्र में एरिया वाइज जरूरत की चीजों का शामिल किया है। इस पत्र में हर जिले के लिए कुछ न कुछ रखा गया है। उसमें महिला, युवा, किसान, उद्योगपति, छोटे व्यापारी, पिछड़े वर्ग के लोग, हमारे बेरोजगार युवा समाज के हर वर्ग के लिए संकल्प पत्र में कुछ न कुछ रखा गया है।

हमारे संकल्प पत्र में ऐसी घोषणा नहीं करते हैं, जो हम पूरी न कर सकें। हमारे पास जो बजट होता है हम उसी के हिसाब से ही रखा है। धनखड़ ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ पार्टियां ऐसी घोषणाएं करते हैं जो वह कभी पूरी नहीं कर पाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो पार्टी झूठे वादे करती हैं, वह क्या उन वायदों को पूरा कर पाएंगी।

इस बार भाजपा अपने संकल्प पत्र में युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग के लिए विशेष घोषणाएं कर सकती है। संकल्प पत्र को लेकर भाजपा ने कमेटी बनाई थी, जिसने लोगों से भी सुझाव मांगे गए। वहीं केंद्रीय नेतृत्व ने घोषणा पत्र को तैयार करने में विशेष फोकस किया है।

**हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था- नड्डा**...जेपी नड्डा ने कहा कि मुझे ये सौभाग्य मिला है, हरियाणा की पवित्र भूमि से विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी करने का मौका मिला है। हमे मेनिफेस्टो के बारे में अगर समझना हो, तो मैं एक बात कहता हूं, हम मेनिफेस्टों को कैसे देखें। संकल्प पत्र को लोगों की नजर में डायल्यूटेड बना दिया। मैं सबसे पहले यह बताना चाहता हूं कि हरियाणा की छवि 10 साल पहले क्या थी। पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पर्ची और खर्ची चलती थी। नौकरी के कारण लोगों को सजाएं तक हुई। हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था।

**कांग्रेस का रियल मेनिफेस्टो था जमीन का घोटाला- जेपी नड्डा**...उनका रियल मेनिफेस्टो ये था कि जमीन का घोटाला। किसानों की जमीन को हड़पना। उनकी जमीन की श्रेणी को बदलना। इसलिए आज हम संकल्प पत्र की बात करते हैं, हमारे लिए ये संकल्प पत्र जितना महत्वपूर्ण है। इसलिए हमने कहा है कि नॉन स्टाप हरियाणा। हम हरियाणा की सेवा नॉन स्टाप करते हैं। भाजपा के लिए संकल्प पत्र सीरियस डाक्यूमेंट है। हम जो कहते हैं, वही करते हैं। इससे आपको साफ दिखेगा कि हरियाणा बदला है।

**एमबीबीएस की सीटें बढ़ाई- जेपी नड्डा**...उन्होंने कहा कि हरियाणा का एक्सपोर्ट दस साल पहले 68 हजार करोड़ था, जो आज ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है। पहले हरियाणा में 7 मेडिकल कॉलेज होते थे, जो आज 15 हो चुके हैं। पहले मेडिकल कॉलेज में 700 एमबीबीएस की सीटें थी, जो आज 2000 से ज्यादा हैं। हरियाणा में दस साल पहले पांच सौ करीब गांवों में बिजली थी, जो आज 5800 हो गया है।

**24 फसलों पर दिया एमएसपी- जेपी नड्डा**...यहां किसान की चर्चा बहुत होती है, कांग्रेस में ऐसे ऐसे नेता हैं, जो किसानों की बात करते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले किसानों एक दो रुपए के चेक मुआवजे में मिलते हैं, आज लाखों रुपए किसानों को सरकार दे रही है। किसानों को पहले प्रति एकड़ मिलता था, लेकिन अब 15 हजार रुपए कर दिया था।

इसी तरह पहले 8 फसलों पर एमएसपी देते थे, लेकिन आज उन्हें 24 फसलों पर एमएसपी सरकार दे रही है। सरकार ने जो कहा था वह सब करके दिखा दिया। 10 साल पहले आपने किसी को रिपोर्ट कार्ड रखते देखा था?। आज हर खेत को पानी बीजेपी सरकार दे रही है। हमारी सरकार ने आज हर खेत तक पहुंचा दिया है। हरियाणा में खेल को बढ़ावा देने के लिए 1000 खेल नर्सरियां बनाई जा चुकी हैं।

**संकल्प पत्र में युवाओं के लिए नौकरी की भी चिंता- मनोहर लाल**...रोहतक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हरियाणा के घोषणापत्र में बहुत संतुलित तरीके से हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। महिलाओं, युवाओं, किसानों, पिछड़े समाज, सबका ध्यान रखा गया है। उसमें युवाओं के लिए नौकरी की भी चिंता की गई है...हमने सोच-समझकर, सारा बजट का हिसाब लगाकर घोषणाएं की हैं।

### नॉनस्टॉप हरियाणा का संकल्प पत्र

1. सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपये
2. आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण। प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन
3. चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को ?10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा
4. 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीद
5. 2 लाख युवाओं को 'बिना पर्ची बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरी
6. 5 लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड
7. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास
8. सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस तथा सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस मुफ्त
9. हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी
10. हर घर गृहणी योजना तहत 500 रुपये में सिलेंडर
11. अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर
12. हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी
13. भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत
14. भारत सरकार के सहयोग से विभिन्न रैपिड रेल सेवाओं एवं फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा की शुरूआत
15. छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड
16. डीए और पेंशनों को जोड़ने वाले साइंटिफिक फॉर्मूले के आधार पर सभी सामाजिक मासिक पेंशनों में वृद्धि
17. भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति
18. सभी ओबीसी वर्ग के उद्यमियों की, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार उठाएगी
19. हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाकर आधुनिक स्किल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे
20. दक्षिण हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क

# दक्षिणी क्षेत्र में चौधर लाने के लिए राम-राव की जोड़ी ने झोंकी ताकत

**महेंद्रगढ़** दक्षिणी हरियाणा में चौधर लाने के लिए दो धुरंधरों की जोड़ी ने ताकत झोंक दी है। सार्वजनिक मंचों से भी दक्षिणी हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने के लिए दावेदारी जता चुके यह दोनों कद्दावर नेता अब एक-दूसरे की तारीफों के जमकर पुल बांध रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले प्रो. रामबिलास शर्मा दक्षिणी हरियाणा के मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। गत विधानसभा चुनावों तक दोनों एक-दूसरे के कार्यक्रमों में लगने वाले पोस्टरों तक से गायब रहते थे, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव से इनमें नजदीकियां बढ़ गई हैं। खुले मंच से इंद्रजीत राव कभी प्रो. रामबिलास शर्मा की तारीफ करते दिखाई देते हैं, तो रामबिलास शर्मा भी कार्यकताओं की बैठक में राव इंद्रजीत की जय-जयकार लगा चुके हैं।

**हरियाणा की 10 सीटों पर दोनों का है प्रभाव**...राम और राव दक्षिणी हरियाणा की राजनीति में धुरंधर माने जाते हैं। दोनों का दक्षिणी हरियाणा की करीब 10 विधानसभा सीटों पर प्रभाव है। हालांकि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा को पौधे से वटवृक्ष बनाने वाले प्रो. रामबिलास शर्मा को महेंद्रगढ़ सीट से टिकट न देकर ठिकाने लगा दिया। रामबिलास को टिकट दिलाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पार्टी पर खूब दबाव बनाया था।

**आरती को जिताने के लिए दोनों साझा कर रहे मंच**...अटेली विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरीं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव को जिताने के लिए प्रो. शर्मा व राव दोनों खूब मंच साझा कर रहे हैं। दोनों के प्रभाव के कारण तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन वापस ले लिया है। एक निर्दलीय ने आरती के समर्थन की घोषणा भी की। लेकिन, दो ने पत्ते नहीं खोले। हालांकि, अंदर खाते से कमल खिलाने में मदद का भी आश्वासन दिया है।

**केंद्रीय मंत्री कर चुके हैं हरियाणा में चौधर का दावा**...राव इंद्रजीत सिंह कई बार सार्वजनिक मंचों से मुख्यमंत्री की दावेदारी जता चुके हैं। लोकसभा चुनावों में भी उन्होंने कहा था कि हरियाणा में सरकार बनाने का रास्ता दक्षिणी हरियाणा से जाता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में राव ने कहा था 12 साल में तो कुरड़ी का भी समय आ जाता है। उनका इशारा इस बार उन्हें मौका मिलने से था।

# अभय चौटाला बोले- 20 साल का सूखा खत्म कर दो, छह महीने में गांव को आगे बढ़ा दूंगा

**फतेहाबाद** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला वीरवार को फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। गांव जांडवाला बागड़ में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि आप लोगों को वनवास काटते हुए 20 साल हो गए। 20 वर्षों में कांग्रेस का राज सिर्फ रोहतक तक सीमित रहा। भाजपा के दस साल में भ्रष्टाचार रहा, कानून व्यवस्था ठप हो गई। महंगाई बढ़ गई। नौजवानों का रोजगार खत्म हो गया। नशा और अपराध बढ़ गया। लोग भाजपा की सरकार को बदलना चाह रहे हैं। किसान आंदोलन के दौरान नेताओं ने खूब फोटो खिंचवाए। मगर किसी और ने उनके लिए इस्तीफा दिया क्या। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और किसानों के बीच जाकर बैठ गया।



**फतेहाबाद में कांग्रेस ने हमारे गद्दार को टिकट दी**...अभय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस की हालत ऐसी है कि एक-एक हलके में 50 कंडीडेट बना दिए। फतेहाबाद हलके में 19 कंडीडेट थे, उनमें से टिकट ऐसे को दे दी, जो हमारा गद्दार है। यह बलवान दौलतपुरिया किसी का नहीं है। कांग्रेस बात राज बनाने की कर रही है, लेकिन उसके पास कंडीडेट ही नहीं है। मेरे सामने भी ऐसे आदमी को टिकट दी है, जो खुद की गिनती भी आदमियों में नहीं करता। खुद को मुर्रा नस्ल का झोटा बताता है।

# डॉग बाइट के पीड़ितों को मुआवजा कब: हाईकोर्ट के आदेशों पर बनी कमेटी बैठक कर रही इंतजार

**चंडीगढ़** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नवंबर-2023 में कुत्तों व अन्य कुछ लावारिस जानवरों के काटने पर पीड़ितों को मुआवजा देने के आदेश जारी किए थे। आदेश के करीब सात महीने बाद डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जिसकी दो बैठकें भी हुईं, लेकिन आज तक पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिला। अधिकारी नियम-कानूनों के जाल में फंसे हैं। आज कमेटी की तीसरी बैठक होगी। उम्मीद है कि इस बैठक में फैसला हो जाएगा कि पीड़ितों को कब से मुआवजा देना है।



यह तय है कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार, डॉग बाइट पीड़ितों को मुआवजा देना है लेकिन अब तक के पीड़ितों को मुआवजा देना है, इसे लेकर कमेटी की तरफ से स्थानीय प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके अलावा कई केसों में पीड़ितों के पास डीडीआर की कॉपी नहीं थी लेकिन कमेटी ने मुआवजा देने के लिए जो नियम तय किए थे, उसमें डीडीआर की कॉपी अनिवार्य रखी थी। पहले लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी इसलिए भी कमेटी ने स्थानीय प्रशासन से पूछा था कि ऐसे केसों का क्या किया जाए। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि इस संबंध में कमेटी को खुद ही फैसला लेना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से दो मुद्दों पर फैसला लिया जाएगा। पहला कि कब से मुआवजा दिया जाना है और दूसरा कि पुराने जिन केसों में लोगों के पास डीडीआर की कॉपी नहीं है, उनका क्या करना है। बता दें कि एमओएच विभाग के पास 100 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। आवेदनों को डॉक्टर भी देख चुके हैं और सिफारिश कर चुके हैं। इसके अलावा डीसी ने मामले में एक सब-कमेटी का भी गठन किया है ताकि आवेदनों पर जल्द फैसला लिया जा सके।

**चार महीने के अंदर पीड़ितों को देना है मुआवजा**...पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नवंबर 2023 में गाय, बैल, गधे, कुत्ते, नीलगाय, भैंस और अन्य जंगली जानवरों के हमले या काटने पर प्रशासन की तरफ से पीड़ित को मुआवजा देने के आदेश जारी किए थे। इसके लिए कमेटी बनाने के आदेश दिए थे लेकिन प्रशासन ने सात महीने तक कमेटी का गठन नहीं किया।

अदालत ने डीसी को अवमानना का नोटिस जारी किया, जिसके बाद कमेटी बनी। डीसी की अध्यक्षता में बनी कमेटी में एसपी, संबंधित एरिया के एसडीएम, एसटीए के सचिव, जीएमएसएच-16 के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सदस्य हैं और नगर निगम के अतिरिक्त या संयुक्त आयुक्त को कन्वीनर बनाया गया है। जरूरत के अनुसार डीसीएफ (वाइल्ड लाइफ), नगर निगम के बीएंडआर के एक्सइन, एनिमल हसबेंडरी के संयुक्त निदेशक व अन्य सदस्यों की भी मदद ली जा सकती है। जांच के बाद चार महीने के अंदर मुआवजे की राशि पीड़ित के बैंक खाते में जारी किया जाएगा।

**कुत्ते के काटने पर प्रत्येक दांत के निशान के लिए देने होंगे 10 हजार रुपये**...हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार, कुत्ते के काटने पर प्रत्येक दांत के निशान के लिए 10 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां त्वचा से 0.2 सेमी तक मांस बाहर निकलता है तो उसमें मुआवजे के रूप में 10 हजार रुपये दिए जाएंगे।

# मेयर को जवाब नहीं देते अधिकारी, आठ दिन में पत्र लिखकर पांच सवाल पूछे

**चंडीगढ़** चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार को उनके ही विभाग के अधिकारी जवाब नहीं दे रहे हैं। 27 अगस्त को हुई सदन की बैठक के बाद मेयर ने आठ दिन में पांच पत्र लिखे और सदन में उठे मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जवाब मांगा लेकिन आज तक उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। दुखी होकर उन्होंने अब आयुक्त विनय प्रताप सिंह को पत्र लिखा है और पूरी जानकारी दी है। कहा है कि ऐसा कर अधिकारी नगर निगम एक्ट का उल्लंघन कर रहे हैं।




बीते 27 अगस्त को नगर निगम की सदन की बैठक हुई थी। इसमें पार्षदों ने विभिन्न विभागों में लंबे समय से काम कर रहे कर्मचारियों, भर्तियों समेत कई अन्य मुद्दे उठाए थे। बैठक के दो दिन बाद मेयर कुलदीप कुमार ने एक पत्र में सदन में उठे मुद्दों की एक्शन टेकन रिपोर्ट और दूसरे पत्र में सात बिंदु बनाकर संबंधित विभागों से सात दिन के अंदर जवाब मांगा था।

दूसरे पत्र में पूछा कि निगम के सभी विंग में 6 महीने से ज्यादा समय से कितने आउटसोर्सिंग कर्मचारी काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरी लिस्ट मांगी। पूछा कि कितने कर्मचारी पांच साल से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं। इन्हें एक्सटेंशन किसने दी और भर्ती के समय क्या अनुभव और शैक्षणिक योग्यता की जांच की गई थी। 30 सितंबर को एक विंग में नियमों को दरकिनार कर एक कर्मी की भर्ती के आरोप की जांच के लिए पत्र लिखा और सात दिन में रिपोर्ट मांगी।दो सितंबर को चौथा पत्र लिखा और पूछा कि निगम ने निजी एजेंसी से कई गाड़ियां हायर कर कई कर्मचारियों को दी हैं। कंपनी कैसे चुनी गई। इसके टेंडर की कॉपी मांगी। किस-किस कर्मचारी को गाड़ी दी गई है। उसकी भी लिस्ट मांगी। 5 सितंबर को पांचवां पत्र लिखा, जिसमें 27 अगस्त को हुई सदन की बैठक का हवाला दिया और कहा कि जो फायरमैन विभिन्न विभागों में क्लर्क का काम कर रहे हैं, उन्हें तुरंत फायर स्टेशन भेजकर मेयर ऑफिस को जानकारी भेजी जाए। मेयर कुलदीप कुमार का कहना है कि इस पत्र का भी उन्हें अब तक जवाब नहीं मिला।

**मेयर बोले- जवाब न देना एमसी एक्ट के सेक्शन 38 (6) का उल्लंघन**...लिखित में पांच सवाल पूछने के बाद जब उन्हें एक का भी जवाब नहीं मिला तो मेयर ने 16 सितंबर को आयुक्त व डीसी विनय प्रताप सिंह को पत्र लिखा और 29 अगस्त से लेकर 5 सितंबर के बीच लिखे पांचो पत्रों का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि उनकी ओर से लिखे गए पत्रों का जवाब नहीं दिया जा रहा है। न ही किसी अधिकारी ने यह बताने की जहमत उठाई है कि उत्तर देने में देरी क्यों हुई है। उन्होंने कहा है कि यह स्पष्ट रूप से म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट के सेक्शन 38 (6) का उल्लंघन है। मेयर ने पत्र में एक्ट की भी कॉपी लगाई है।

# पुलिस ने निकाला ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च



**झज्जर** पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव को पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए झज्जर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इस संबंध अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की जा रही है तथा एक-दूसरे को जानकारी देते हुए जिला के पुलिस जवानों व पैरामिलिट्री फोर्स द्वारा द्वारा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।

पुलिस उपायुक्त लोगेश कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता व निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल मांगा गया है उन्होंने बताया कि तीन पैरामिलिट्री की फोर्स पहुंच चुकी है जबकि कुछ पुलिस बल और पहुंचने की संभावना है

उन्होंने बताया कि जिला पुलिस तथा पैरामिलिट्री के जवानों द्वारा वीरवार को माछरौली व साल्हावास क्षेत्र गांव माछरौली, खुड्डन, सरौला, सुहाना, साल्हावास, बिठला, अमौली, लडायन, भुरावास, निलाहेडी में फ्लैग मार्च कर आम जन को निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाने का विश्वास दिलाया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

# दलों के समीकरण बिगाड़ते रहे हैं निर्दलीय इस बार भी 462 से अधिक रण में

**चंडीगढ़** । हरियाणा में निर्दलीय प्रत्याशी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के समीकरण बनाते और बिगाड़ते रहे हैं। आज तक हरियाणा में एक भी ऐसा विधानसभा चुनाव नहीं हुआ है, जिसमें निर्दलीय न जीते हों। मतलब हर विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने विधानसभा में दस्तक दी है। हरियाणा बनने के बाद से अब कुल 117 निर्दलीय विधायक विधानसभा में पहुंच चुके हैं। इस बार भी 90 सीटों पर 462 से अधिक निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी रण में उतरे हैं। इनमें से 40 उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस के बागी हैं। इनमें से 17 कांग्रेस के और 23 नेता भाजपा छोड़कर निर्दलीय रण में उतरे हैं। हालांकि, सोमवार तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद निर्दलीयों की स्थिति साफ हो जाएगी। प्रदेश में चार सीटें ऐसी हैं, जहां पर निर्दलीयों का वर्चस्व रहा है।



आज तक चुने गए 117 निर्दलीय विधायकों में से केवल एक महिला शारदा रानी बल्लभगढ़ से विधानसभा में पहुंची हैं। सबसे कम निर्दलीय 2014 और 1991 में 5-5 जीते हैं। खास बात ये है कि निर्दलीय के तौर पर विधानसभा पहुंचने वालों में बागी नेता ही शामिल रहे हैं, जिनकी टिकट गई और वो निर्दलीय चुनाव लड़े।

**2019 में भाजपा सरकार की बैसाखी बने थे निर्दलीय**...2019 के चुनावों की बात करें तो बागियों ने भाजपा और कांग्रेस का बना बनाया खेल बिगाड़ दिया था। भाजपा को 40 सीटें ही मिल पाईं, इसलिए मजबूरी में भाजपा ने निर्दलीयों को सरकार में शामिल किया। इतना ही नहीं भाजपा को जजपा के साथ भी गठबंधन करना पड़ा। पिछली बार बरवाला से जोगीराम सिहाग, पृथला से नयनपाल रावत, पूंडरी से रणधीर गोलन भाजपा से टिकट के दावेदार थे, लेकिन टिकट नहीं मिला तो नयनपाल रावत और गोलन निर्दलीय चुनाव में उतर गए। जोगीराम सिहाग को जजपा ने टिकट दिया था। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर रणजीत सिंह निर्दलीय उतरे और देवेंद्र बबली, रामकुमार गौतम, रामनिवास सुरजाखेड़ा और रामकरण काला ने जजपा से चुनाव लड़ा और जीते।

**टिकट नहीं मिला तो विज ने अपनी ही पार्टी को हराया**...टिकट नहीं मिलने पर अनिल विज ने दो बार निर्दलीय चुनाव लड़ा और अपनी ही पार्टी के उम्मीदवारों को हराया। 1996 और 2000 के विधानसभा चुनाव में विज ने जीत दर्ज की। इसी प्रकार इंद्री से भीमसेन मेहता ने चार बार निर्दलीय चुनाव लड़ा। वह 1996 और 2000 में मंत्री भी रहे। इसके बाद से वह कांग्रेस पार्टी में हैं। वहीं, निर्दलीयों ने दलों के समीकरण बनाए भी हैं। 2009 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में निर्दलीयों को मंत्री परिषद में कई अहम पद मिले थे। गोपाल कांडा को गृह राज्यमंत्री तक का दर्जा मिला। इसी प्रकार, ओमप्रकाश जैन, सुखबीर कटारिया और पंडित शिवचरण भी मंत्री बने।

# वारदात से पहले बदमाश गिरफ्तार, बठिंडा में व्यापारी के घर पर करनी थी फायरिंग, खुद को गैंगस्टर बता मांगी रंगदारी

**बठिंडा।** गैंगस्टर दविंदर बंबीहा ग्रुप के नाम पर रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को सीआईए पुलिस ने अवैध हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के पास से 32 बोर का देसी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी पीड़ित व्यापारी को डराने के लिए उसके घर के सामने फायरिंग करने आ रहे थे, लेकिन उससे पहले ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों की पहचान परमिंदर सिंह उर्फ गोलू निवासी प्रीत नगर गिद्दड़वाह जिला मुक्तसर साहिब और सुशील कुमार उर्फ टिकोला निवासी ढाणी चौटाला जिला सिरसा हरियाणा के तौर पर हुई है।



वीरवार को प्रेसवार्ता कर एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया है कि शहर के एक व्यापारी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 सितंबर को व्हाट्सएप काल के जरिए उससे रंगदारी की मांग की गई थी। फोन करने वाला खुद को दविंदर बंबीहा ग्रुप का सदस्य बता रहा था। आरोपी ने उसे धमकी दी है कि अगर पैसे नहीं दिए, तो उसे बठिंडा के कारोबारी हरमन कुलचा वाले की तरह मार दिया जाएगा। बता दें कि पिछले साल स्थानीय माल रोड पर हरमन कुलचा के मालिक की गैंगस्टरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसएसपी कौंडल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत मिलने के बाद एसपी डी अजय गांधी, डीएसपी टू सरबजीत सिंह और डीएसपी डिटेक्टिव राजेश शर्मा के नेतृत्व में आपरेशन चलाया गया और सीआईए विंग वन को उक्त गिरोह को पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच में पता चला कि व्यापारी को आरोपी परमिंदर सिंह उर्फ गोलू और सुशील कुमार उर्फ टिकोला ने फोन पर धमकी दी थी। इसके बाद आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

इसी बीच बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गांव गोबिंदपुरा की नहर पटरी के पास देखे गए हैं। इसके बाद सीआईए स्टाफ ने छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने कहा है कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान कथित आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे पीड़ित व्यापारी को डराने के लिए उसके घर के सामने फायरिंग करने वाले थे।एसएसपी के मुताबिक आरोपी परमिंदर सिंह के खिलाफ पहले भी दो केस सिरसा और गिद्दड़बाहा में दर्ज हो चुके हैं। आरोपित वर्ष 2016 में गिद्दड़बाहा में दर्ज मामले में फरार चल रहा था। इसी तरह सुशील कुमार के खिलाफ हरियाणा के डबवाली और संगरिया में तीन अलग-अलग मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पता लगाया जाएगा कि आरोपियों ने ऐसी और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है और उन्हें अवैध हथियार कहां से मिले।

# कनाडा के बाद न्यूयॉर्क में भी मंदिर को निशाना बनाए जाने पर भड़के अमेरिकी सांसद, कहा- बर्दाश्त नहीं कर सकते



**नई दिल्ली** कई अमेरिकी सांसदों ने न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में नफरत भरे संदेश लिखे जाने और तोड़फोड़ किए जाने की घटना की निंदा की। उन्होंने इस घटना को अस्वीकार्य बताना। साथ ही अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की।

**ऐसे कृत्यों की हो पूरी जांचः थानेदार...**सांसदों ने देश में नफरत और हिंसा की बार-बार होने वाली घटनाओं पर भी चिंता जताई। भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने इस घटना की कड़ी निंदा की और जोर देकर कहा कि मंदिर में तोड़फोड़, कट्टरता और घृणा भरे संदेशों के लिखे जाने जैसे कृत्यों की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। मैं मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाकर की गई घटना की कड़ी निंदा करता हूं। बर्बरता, कट्टरता और नफरत के ऐसे कृत्यों की पूरी जांच होनी चाहिए। बीएपीएस समुदाय जवाब और न्याय का हकदार है।'

**सांसद रो खन्ना ने भी की कड़ी निंदा...**भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने भी घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि पूजा की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके लिए जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने आगे कहा, 'मैं मेलविले में हिंदू मंदिर में हुई घटना की कड़ी निंदा करता हूं। पूजा की स्वतंत्रता हमारे लोकतंत्र की नींव है। धमकी, उत्पीड़न या हिंसा के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। हमें जवाबदेही की जरूरत है और यह सुनिश्चित करना है कि ऐसा दोबारा न हो।'

**ऐसी नफरत के खिलाफ एक साथ खड़ा होना चाहिएः कृष्णामूर्ति...**एक अन्य भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णामूर्ति ने कहा कि वह घटना से दुखी हैं। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक हिंसा और कट्टरता के कृत्यों में वृद्धि पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'मेलविले में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाकर की गई बर्बरता के घृणित कृत्यों से मैं स्तब्ध हूं। जैसा कि हमारे देश में राजनीतिक हिंसा और कट्टरता के कृत्यों में वृद्धि हुई है, हमें किसी भी नफरत के खिलाफ एक साथ खड़ा होना चाहिए।'

**नेताओं के भड़काऊ बयानों से होती हैं ऐसी घटनाएंः सुओजी...**अमेरिकी सांसद टॉम सुओजी ने कहा कि नेताओं की भड़काऊ बयानबाजी, उग्रवाद और जवाबदेही की कमी के कारण बर्बरता, कट्टरता और घृणा की ऐसी घटनाएं अक्सर हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा, 'यहां बहुत ज्यादा नफरत है! मैं मेलविले में स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाकर की गई बर्बरता की घिनौनी हरकतों से हैरान हूं। राष्ट्रीय नेताओं द्वारा भड़काऊ बयानबाजी, उग्रवाद और जवाबदेही की कमी के कारण बर्बरता, कट्टरता और नफरत की ऐसी हरकतें अक्सर होती रहती हैं। इस तरह की हरकतें गैर-अमेरिकी हैं और हमारे देश के मूल मूल्यों के विपरीत हैं।'

**न्याय तुरंत मिलना चाहिएः फिट्जपैट्रिक...**सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने घटना पर चिंता व्यक्त की और कहा कि ये घटनाएं हमारे सबसे मौलिक मूल्यों पर हमला हैं। ब्रायन ने आगे कहा, 'पूजा स्थलों पर किए गए हमले हमारे सबसे बुनियादी मूल्यों पर हमले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और न ही किया जाएगा। हम अपने हिंदू-अमेरिकी समुदाय के साथ मजबूती से खड़े हैं और बिना किसी अपवाद के हिंसा और घृणा के सभी रूपों की निंदा करते हैं। पूरी जांच होनी चाहिए और न्याय तुरंत मिलना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए।'

इससे पहले, बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने भी बीएपीएस मंदिर को अपवित्र करने की निंदा की और कहा कि उत्तरी अमेरिका में विभिन्न हिंदू मंदिरों में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

**जुलाई में कनाडा में हुई थी तोड़फोड़...**बता दें कि जुलाई में कनाडा में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने हिंदू-कनाडाई समुदायों के खिलाफ नफरत भरी बढ़ती हिंसाओं पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने बताया था कि पिछले कुछ वर्षों से ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को नष्ट किया गया है।

# गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से पटना में बंद किए गए 76 सरकारी स्कूल



## पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी बाढ़ का खतरा

संवाददाता।

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में कई जगहों पर गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाने के कारण जिला प्रशासन ने ग्रामीण इलाकों में 76 सरकारी विद्यालयों को 21 सितंबर तक बंद करने का आदेश दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ह्लगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर पटना जिले के आठ प्रखंडो में कुल 76 सरकारी स्कूल 21 सितंबर तक बंद रहेंगे। गंगा नदी का जलस्तर कुछ जगहों पर खतरे के निशान को पार कर गया है। जिले के ग्रामीण इलाकों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए यह फैसला लिया गया है।

बिहार सरकार ने हाल ही में जिलाधिकारियों को अपने अधिकार क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर विद्यालयों को बंद करने के बारे में निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, ह्लगंगा नदी पटना के गांधी घाट पर खतरे के निशान 48.60 मीटर (बुधवार सुबह 6 बजे तक) से ऊपर बह रही थी। इसी तरह हाथीदह और दीघा घाट पर गंगा नदी क्रमशः 41.76 मीटर और 50.45 मीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी ह्लबता दें कि बिहार में गंगा नदी उफान पर है और नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इस कारण गंगा नदी के आसपास बसे कई गांव बाढ़ की चपेट में आने वाले हैं। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण समस्तीपुर और वैशाली जिले के कई इलाकों, घरों और स्कूलों में गंगा नदी का पानी घुस गया है। ऐसे में लोगों को तमाम परेशानियों सो जूझना पड़ रहा है। बता दें कि पिछले तीन दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। बाढ़ के प्रभाव से बचने के लिए लोग ऊंचे स्थानों पर ठिकाना ले रहे हैं। बता दें कि इससे पहले अगस्त महीने में भी बिहार के कई गांव जलमग्न हो गए थे।इस बीच उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का भी ऐसा ही हाल है। गाजीपुर, बलिया, वाराणसी इत्यादि जिलों में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, इस कारण कई गांवों पर बाढ़ की चपेट में आने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा इसे लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

# सिकंदराः अज्ञात बोलेरो वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत



संवाददाता।

**जमुई/सिकंदरा।** जमुई जिले के सिकंदरा आईसीआईसीआई बैंक के पास बुधवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार लक्ष्मी प्रसाद वर्णवाल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध बुरी तरह घायल हो गए।घायल वृद्ध को परिजन द्वारा आनन- फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है की लक्ष्मी प्रसाद वर्णवाल साइकिल पर सवार होकर कुछ कागजात लाने किसी परिचित व्यक्ति के पास गए थे, जहां से वापस साइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वृद्ध आईसीआईसीआई बैंक के पास पहुंचे, इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गई। जिससे घायल हुए लक्ष्मी प्रसाद वर्णवाल की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। वहीं सूचना के बाद पुलिस दुर्घटना की जांच में जुटी हुई है।फिलहाल फरार बोलेरो वाहन की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक को दो पुत्र और एक पुत्री है। वृद्ध की मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन का रोरो कर बुरा हाल हो रहा है।

# ट्रेन की चपेट में आने से गैंगमैन की मौत,जांच में जुटी पुलिस

## रेलवे ट्रैक पर काम करने के दौरान हुआ हादसा



संवाददाता।

**पटना/जमुई।** जमुई जिले के झाझा- जसीडीह रेलखंड के लाहाबान के पास ट्रेन की चपेट में आने से गैंगमैन की मौत हो गई। उंसके बाद मौके पर पहुंची रेल पुलिस द्वारा मृतक गैंगमैन के शव को कागजी प्रक्रिया पूरी कर बुधवार की शाम पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। उंसके बाद शव को परिजन के हवाले कर दिया गया। मृतक गैंगमैन की पहचान मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबिंदपुर निवासी कृष्णदेव राम के पुत्र सुनील राम के रूप में हुई है।बताया जाता है कि गैंगमैन सुनील कुमार राम अपने अन्य सहयोगियों के साथ लाहाबान के पास काम कर रहे थे। इसी दौरान वे पानी लाने के लिए रेलवे लाइन से होकर ही मोबाइल देखते हुए जा रहे थे। तभी पीछे से सुपर एक्सप्रेस ट्रेन आई और टक्कर मारते हुए फरार हो गई। जिससे घटना स्थल पर ही गैंगमैन की मौत हो गई। गैंग मैन की मौत के बाद पूरे परिवार में मातमी सन्नाटा पसर गया। परिजन का रोरो कर बुरा हाल होने लगा।

# हम सरकार बनाने जा रहे : NPP नेता दिसानायके

**कोलंबो** श्रीलंका में अगले हफ्ते राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इसी को लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। इस बीच, नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अनुरा कुमार दिसानायके ने आगामी चुनाव के लिए अपना अभियान पूरा कर लिया है। उन्होंने दावा किया है कि वह इस साल का चुनाव जीतने जा रहे हैं।

**इस दिन होना है मतदान...**बता दें, श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के लिए 21 सितंबर को मतदान होना है। ऐसे में 48 घंटे पहले यानी बुधवार को प्रचार अभियानों पर रोक लगा दी गई है। मतदान शनिवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 13,400 से अधिक मतदान केंद्रों पर होगा। यहां 1.7 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं।

**निश्चित रूप से बनाएंगे सरकार...** जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी के नेता दिसानायके ने कोलंबो के घनी आबादी वाले नुगेगोडा में अपनी अंतिम रैली की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी जीत सुनिश्चित है। हम 22 सितंबर की सुबह राष्ट्रपति पद पर जीत हासिल कर निश्चित रूप से सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी एनपीपी जीत के बाद संपूर्ण शासन और सामाजिक परिवर्तन लाएगी।

# सकरीमन उच्च विद्यालय में महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर/बन्दरा।** हत्था थाना अंतर्गत ग्राम सकरीमन स्थित उच्च विद्यालय में महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकार और कर्तव्यों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 छात्राओं को परि.पु.अ.नि. कंचन कुमारी द्वारा महिला हेल्प डेस्क, नए आपराधिक कानूनों, डायल 112 की सुविधा और उससे संचालित सुरक्षित सफर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, पॉक्सो अधिनियम और साइबर क्राइम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी छात्राओं के साथ साझा की गईं। कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा और सतर्कता पर विशेष जोर दिया गया। छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क पदाधिकारी का मोबाइल नंबर भी प्रदान किया गया ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करना था, जिससे वे सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें।

# आरपीएफ व जीआरपीएफ के सूझबूझ से बच्ची महिला यात्री की जान





बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** रेलवे लगातार ये प्रचार करता रहता है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश ना करें इससे हादसा हो सकता है लेकिन कई लोग रेलवे की इस चेतावनी को नजरअंदाज करते हैं और मुश्किल में फंस जाते हैं। ऐसा ही घटनाएं बेतिया रेलवे स्टेशन पर होने से बच गई जो रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर व जीआरपीएफ जवान की सतर्कता से एक महिला की जान बच गई है। महिला चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म और रेल गाड़ी के बीच गिर गई।

महिला यात्री को नीचे गिरते देखते ही आरपीएफ सब इंस्पेक्टर निरंजन कुमार हेड कांस्टेबल संजय प्रसाद तथा जीआरपीएफ जवानों ने उसकी तरफ दौड़ लगाई और काफी हिम्मत के साथ उस महिला की जान बचाई। आपको बता दे की यह घटना बेतिया रेलवे स्टेशन की है जो गाड़ी संख्या 15653 अमरनाथ एक्सप्रेस जो सप्ताह में प्रत्येक गुरुवार को गुवाहाटी से अमरनाथ तक जाती है। इसी ट्रेन को पकड़ने के लिए शीला देवी अपने दो बेटों के साथ रेलवे स्टेशन पर आई थी जैसे ही ट्रेन स्टेशन से खुली वह जल्दी से ट्रेन पकड़ने के चक्कर में महिला का पैर फिसल गया और वह गाड़ी तथा प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। महिला का बोगी संख्या इ6 था।

वह लोरिया के परसा मठिया के रहने वाली थी। वही सब इंस्पेक्टर निरंजन कुमार ने बताया कि महिला की स्थिति सामान्य है और उनको जीएमसीएच में भर्ती करा दिया गया है। मौके पर सब इंस्पेक्टर शशि भूषण सिंह हेड कांस्टेबल संजय प्रसाद तथा जीआरपीएफ जवान रहे।

# नेपालः जानकी मंदिर में एक दर्जन महिलाओं के आभूषण की चोरी




मिश्री लाल मधुकर ।

**जनकपुरधाम।** विश्व के हिन्दूओं के आस्था का केंद्र जनकपुरधाम की जानकी मंदिर चोर उच्चके का अड्डा बनता जा रहा है। बुधवार को पूर्णिमा को लेकर जानकी मंदिर में काफी भीड़ थी। पूजा के दौरान चोर उचक्के ने एक दर्जन महिलाओं के आभूषण चोरी कर भीड़ का फायदा उठाकर चंपत हो गये। राजस्थान से आयी आराधना तथा किरण को चोरों ने गले से चेन छीन लिए। इसी तरह आधा दर्जन महिलाओं के कान के कनफूल चोरों ने निकालने में सफल रहा।कुछ महिलाओं के पर्श से रुपए निकालने में सफल रहा। पीड़ित महिला अपने आभूषण तथा नगद लूटने से वेवश और लाचार होकर रो रहे थे। जानकी मंदिर के भीतर आधा दर्जन पर्यटक प्रहरी तैनात हैं। जानकी मंदिर के भीतर ही पुलिस चौकी भी है। मंदिर में सी.सी.कैमरा भी लगा हैं।इसके बाद भी इस तरह की घटनाएं होना की तरह के सबाल पैदा करते हैं। कहीं जानकी मंदिर के काम करने वाले सेवादार का हाथ तो नहीं है। चोरी घटना जानकी मंदिर के लिए नयी बात नहीं है। इसी तरह नये जूते चप्पल भी चोर हाथ कर रहे हैं।रोज एक दर्जन यात्री का जूता चप्पल चोर चोरी कर लेते हैं। जानकी चौकी के इंचार्ज का कहना है सीसी कैमरा को खंगाला जा रहा है।इस आधार पर चोरी को अंजाम देने वाले को बक्सा नहीं जाएगा।

# मॉनसून पर ब्रेक लगने से बिहार में चिलचिलाती धूप से लोग होंगे परेशान



संवाददाता।

**पटना** । बिहार में पिछले दिनों हुए रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया था. लेकिन अब मॉनसून कमजोर पड़ गया है. जिससे अब पटना समेत पूरे राज्य में लोगों को फिर से गर्मी का एहसास हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार देहरादून, पूर्वोत्तर छत्तीसगढ़ और उससे सटे झारखंड से होते हुए बंगाल की खाड़ी में मॉनसून टर्फ जा रही है। इससे मौसम विभाग के अनुसार बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पुर्णिया, कटिहार ,बक्सर ,रोहतास, औरंगाबाद ,अरवल ,भोजपुर में अगले 24 घंटे में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आर्द्रता वाली हवाएं चलेगीं लेकिन इन हवाओं में उतनी क्षमता नहीं है कि घने बादल बन सकें। हालाकि मौसम शुष्क रहने के कारण बक्सर, कैमूर, रोहतास और गया के आसपास इलाकों में बादल आ सकते हैं। पटना में भी बीच बीच में बदलों का बसेरा रहेगा। आने वाले तीन चार दिनों तक मानसून की गतिविधि कमजोर रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहेगा और तेज धूप होगी, जिससे गर्मी का अहसास होगा।

# आरा से मोतिहारी...मुजफ्फरपुर से पूर्णिया तक,दनादन छापेमारी



संवाददाता।

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार में गुरुवार को कई जिलों के जेलों में प्रशासन ने छापेमारी की। डीएम और एसपी ने सुबह-सुबह मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, आरा और मोतिहारी के केंद्रीय कारागारों में छापेमारी की। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। जेलों के अंदर से कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए हैं। मोतिहारी सेंट्रल जेल में छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। इनमें चाकू, कैची, बेल्ट और कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर शामिल हैं। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। मुजफ्फरपुर के शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में भी छापेमारी से हड़कंप मच गया। सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक लगभग दो घंटे चली इस कार्रवाई में डीएम सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी राकेश कुमार खुद मौजूद रहे। हालांकि इस छापेमारी में कोई प्रतिबंधित सामान नहीं मिला। डीएम और एसएसपी ने बताया कि जेल के अस्पताल, वार्ड, सेल, शौचालय और रसोईघर सभी जगह तलाशी ली गई। कैदियों से भी पूछताछ की गई। दरअसल, मुजफ्फरपुर में शराब माफिया के सक्रिय होने की खबरें हैं। आशंका जताई जा रही थी कि जेल के अंदर से ही शराब का धंधा चलाया जा रहा है। इसकी पुष्टि तो नहीं हुई, लेकिन एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि कैदियों से पूछताछ की गई है। इधर, आरा में मंडल कारा जेल में अचानक छापेमारी हुई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इस छापेमारी का नेतृत्व किया। छापेमारी के दौरान जेल में अफरातफरी मच गई। भोजपुर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अपने दल के साथ अचानक आरा मंडल कारा पहुंचे। और जेल में छापेमारी शुरू हो गई। जेल के अंदर से क्या बरामद हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, बेतिया ने मंडल कारा बेतिया का किया औचक निरीक्षण

## मंडल प्रशासन को दिया आवश्यंक दिशा-निर्देश।



बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन कुमार द्वारा मंडल कारा बेतिया का औचक निरीक्षण किया गया तथा मंडल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुरूप मंडल कारा में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि समूचे मंडल कारा में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मंडल कारा के बंदियों के संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित गति से सख्ती के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि बंदियों को निर्धारित समय एवं मेन्यू के अनुरूप भोजन की व्यवस्था सहित महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाय। सभी बंदियों विशेषकर महिला बंदियों एवं उनके बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जाँच सहित इम्यूनाइजेशन पर ध्यान दिया जाय। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# समस्तीपुरः दुष्कर्म व हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग,पुलिस ने भांजी लाठी



संवाददाता।

**समस्तीपुर।** जिले के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पुलिस ने एक महिला समेत 6 लोगों को हिरासत में लिया है। आक्रोशित लोगों का कहना था कि किशोरी की हत्या में पुल निर्माण में जुड़े ठेकेदार और मजदूरों का हाथ है। बावजूद पुलिस इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। दोषी को फांसी देने व मुफस्सिल थाना अध्यक्ष को निलंबित करने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम कर रहे लोगों का आरोप है कि तीन दिन पूर्व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर राजघाट के पास पुल का निर्माण चल रहा है। इसी दौरान एक किशोरी रात के करीब 2 बजे घर से गायब हो गई। किशोरी मंद बुद्धि बताई गई है। लोगों का आरोप था कि उक्त किशोरी को पुल निर्माण कंपनी के रास्ते जाते हुए देखा गया है।

उसे रात में दो-तीन कर्मी खदेड़ते हुए भी दिखे हैं। लोगों को शक है कि किशोरी से रेप के बाद उसकी हत्या कर उसके शव को बूढ़ी गंडक नदी में फेंक दिया गया। उक्त शव बाद में खानपुर थाना क्षेत्र के शोभन गांव के पास मिला थी। पुलिस ने शव को जब्त कर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। इस घटना के तीन दिन गुजर जाने के बाद भी अब तक पुल निर्माण से जुड़े किसी भी कर्मी अथवा ठेकेदार से न हीं पूछताछ की गई ना ही किसी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कारण लोगों में आक्रोश बढ़ गया। गांव के लोग बैनर लेकर दोषी को फांसी देने व मुफस्सिल थाना अध्यक्ष पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर शहर में जुलूस निकाला और हॉस्पिटल गोलंबर को जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसके बाद सूचना पर एएसपी संजय पांडे के साथ सदर एसडीओ दिलीप कुमार मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम समाप्त करने का प्रयास किया।

बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद बलपूर्वक लोगों को सड़क से हटाकर यातायात को बहाल किया गया। एएसपी संजय पांडे ने बताया कि इस घटना के बाद शक के आधार पर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया था। सभी बिंदुओं पर जांच कराई गई है। अभी किशोरी के सॉइल टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आई है, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किशोरी के साथ रेप भी हुआ था। मौत का सही कारण क्या है। हालांकि इस दौरान मुफस्सिल थाना अध्यक्ष द्वारा परिवार के लोगों से कई बार लिखित बयान लेने का प्रयास किया गया, लेकिन परिवार के लोगों द्वारा अब तक लिखित आवेदन अथवा बयान नहीं दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## सुप्रीम कोर्ट से दूरसंचार कंपनियों को झटका, एजीआर गणना में गड़बड़ी से जुड़ी क्यूरेटिव पिटीशन खारिज



**नई दिल्ली** दूरसंचार कंपनियों को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल सहित कई कंपनियों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) में कथित त्रुटियों को सुधारने का अनुरोध किया गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने दूरसंचार कंपनियों की उस याचिका को भी खारिज कर दिया। पिटीशन में सुधारात्मक याचिकाओं (क्यूरेटिव पिटीशन) को खुली अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की मांग की गई थी।

सुधारात्मक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में अंतिम पड़ाव होती है, उसके बाद इस अदालत में गुहार लगाने का कोई कानूनी रास्ता नहीं होता। इस पर आम तौर पर बंद कमरे में विचार किया जाता है, जब तक कि प्रथम दृष्टया फैसले पर पुनर्विचार के लिए मामला नहीं बन जाता।

पीठ ने 30 अगस्त को आदेश सुनाया था जो बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया। न्यायालय ने कहा, ह्यह्य सुधारात्मक याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने का आवेदन खारिज किया जाता है। हमने सुधारात्मक याचिकाओं और संबंधित दस्तावेजों पर गौर किया है। हमारा मानना है कि रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा में इस अदालत के फैसले में बताए गए मापदंडों के भीतर कोई मामला नहीं बनता है। सुधारात्मक याचिकाएं खारिज की जाती हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल नौ अक्टूबर को कुछ दूरसंचार कंपनियों की दलीलों गौर किया था। इनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया मुद्दे पर उनकी याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने इससे पहले जुलाई 2021 में एजीआर बकाया की मांग में त्रुटियों को सुधारने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

दूरसंचार कंपनियों ने शीर्ष अदालत का रुख कर दावा किया था कि एजीआर बकाया राशि तय करने में कई त्रुटियां थीं, जो कुल एक लाख करोड़ रुपये से अधिक थीं।

## स्टार इंडिया ने जी एंटरटेनमेंट पर किया 94 करोड़ डॉलर का दावा, क्रिकेट प्रसारण से जुड़ा है मामला

ZEE Extraordinary Together | Disney Star

**नई दिल्ली** । वॉल्ट डिज्नी की भारतीय इकाई स्टार इंडिया ने लंदन की मध्यस्थता अदालत में जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज से 94 करोड़ डॉलर का हजार्ना मांगा है। स्टार इंडिया के अनुसार पुनीत गोयनका की कंपनी ने क्रिकेट प्रसारण अधिकारों के लिए भुगतान में चूक की है। स्टार ने इस मामले में पूर्ण भुगतान किए जाने तक लागत, व्यय और उस पर लागू ब्याज की भी मांग की है। उधर, जी ने स्टार इंडिया के हजार्ने के दावों का खंडन करते हुए कहा है कि वह इस दावे का विरोध करेगा। मुंबई में सूचीबद्ध प्रसारक ने एक विनियामक फाइलिंग में कहा, "मध्यस्थता अपने शुरूआती चरण में है और लंदन न्यायाधिकरण को अभी यह निर्धारित करना है कि कंपनी किसी भी तरह से उत्तरदायी है या नहीं।

इस साल मार्च में, स्टार ने लंदन कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन का रुख किया था, क्योंकि जी 26 अगस्त 2022 के एक समझौते का पालन करने में विफल रहा था। इस समझौते के तहत उसे (स्टार इंडिया को) आईसीसी के लिए टेलीविजन प्रसारण लाइसेंस जी को देना था। टूनार्मेंटों की मेजबानी चार वर्षों के लिए, अर्थात 2024 से 2027 तक, उसे सौंप दी गई है।


हालांकि, छह महीने बाद सितंबर में, स्टार ने जी के साथ समझौता समाप्त कर दिया और अन्य शुल्कों के साथ 31 अगस्त तक 94 करोड़ डॉलर का हजार्ना निर्धारित मांग। जी ने बुधवार को कहा, हम, योग्यता के आधार पर, स्टार के सभी निराधार दावों का दृढ़ता से विरोध करेंगे और अपने सभी अधिकार सुरक्षित रखेंगे।" जी के अनुसार स्टार ने ही समझौते का उल्लंघन किया है और उसे 68.5 करोड़ डॉलर चुकाने चाहिए। इस साल जनवरी में, जी ने स्टार को अपना पहला भुगतान नहीं किया था क्योंकि वह कथित तौर पर भुगतान करने की स्थिति में नहीं था।

## दक्षिण कोरिया ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से बिल ऑफ लैडिंग साझा करना शुरू किया- DGFT



**दिल्ली।** भारत और दक्षिण कोरिया ने दोनों पक्षों के सीमा शुल्क के बीच इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण मोड में बिल ऑफ लैडिंग साझा करना शुरू कर दिया है, एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि यह कदम व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने में मदद करेगा। बिल ऑफ लैडिंग एक कानूनी दस्तावेज है जो भेजे गए माल के लिए रसीद, अनुबंध और स्वामित्व के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। विदेश व्यापार महानिदेशक (उ्रॠळ) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि जब यह प्रणाली सभी देशों के लिए एक मानक बन जाएगी, तो रिकॉर्ड को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने यहां 'डेलोइट गवर्नमेंट समिट' में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "भारत ने दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर अब दोनों पक्षों के सीमा शुल्क के बीच इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण मोड में बिल ऑफ लैडिंग साझा करने की इस अवधारणा को शुरू किया है।" दक्षिण कोरिया भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों ने 2010 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता लागू किया है। 2023-23 में देश को भारत का निर्यात 6.41 बिलियन डॉलर रहा, जबकि आयात कुल मिलाकर 21.13 बिलियन डॉलर रहा। सारंगी ने कहा कि अगले 1-1.5 वर्षों में भौतिक प्रस्तुतियाँ समाप्त की जा सकती हैं।अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर संयुक्त राष्ट्र आयोग (वठउक्ळफ्ब्रछ) ने यह पहल यह सुनिश्चित करने के लिए की है कि सभी व्यापार दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण मोड के माध्यम से हों और यह कार्य प्रगति पर है क्योंकि विभिन्न देश इसमें भाग ले रहे हैं।

# अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ढाई साल में पहली बार घटाई ब्याज दरें, पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर दिखेगा असर



**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को ब्याज दरों में 50 बेसिस अंकों की कटौती का ऐलान कर दिया है। फेडरल रिजर्व ने इस कटौती के लिए महंगाई कम होने को लेकर कॉन्फिडेंस ज्यादा बढ़ने को मुख्य कारण बताया है।

मार्च 2020 के बाद पहली बार ब्याज दरों में कमी की गई है। अमेरिकी ब्याज दरों में कमी का असर गुरुवार को भारत समेत दुनिया के शेयर बाजार में दिखाई देगा। माना जा रहा है कि इससे शेयर मार्केट में तेजी आ सकती है। इस कटौती से पहले फेड रिजर्व की दरें 5.25 से 5.5 फीसदी के बीच थीं जो 23 साल में सबसे ज्यादा रहीं। ब्याज दरों में कमी की घोषणा के बाद नई ब्याज दर 4.75 से 5 फीसदी के बीच हो गई हैं। महंगाई के बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक पर ब्याज दरें कम करने का दबाव भी था। विशेषज्ञ उम्मीद जता रहे हैं कि इस साल अभी और 50 बेसिस अंकों की कटौती ब्याज दरों में हो सकती है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीति निमार्ताओं ने कटौती की घोषणा के साथ एक बयान में कहा, कमेटी इस बात को लेकर ज्यादा आश्वस्त है कि महंगाई 2 फीसदी के आसपास रहने की ओर बढ़ रही है। इसके साथ ही हमें अपने रोजगार और महंगाई लक्ष्यों में संतुलन बने रहने की भी उम्मीद है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से होने वाली इस कटौती का अर्थ है कि वहां के सरकारी बॉन्डों की ब्याज दरें भी कम हो जाएंगी। ऐसे में लोग बॉन्ड में पैसा लगाने के बदले शेयर बाजारों में ज्यादा निवेश करेंगे। इसका सीधा असर भारतीय व अन्य उभरते शेयर बाजारों पर देखने को मिलेगा क्योंकि ये बाजार पहले से ही निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हैं।

**घोषणा से भी नहीं उछले बाजार...**आम तौर पर ब्याज दरों में कटौती से शेयर बाजार में उछाल आता है लेकिन अमेरिकी शेयर बाजार इस घोषणा के बाद भी नीचे लुढ़क गए। माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को देखते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी ने फेडरल रिजर्व पर दरें घटाने का दबाव बना रखा था। हालांकि केंद्रीय बैंक ने घोषणा में किसी तरह के राजनीतिक दखल से इन्कार किया है।

# 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बैंकों की भूमिका अहम': वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** बैंकिंग क्षेत्र को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही। सीतारमण ने पुणे में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, बैंकों को प्रधानमंत्री की ओर से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को साकार करने में और अधिक गति प्रदान करेंगे।

सीतारमण ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को मजबूत गति प्रदान करनी होगी, एमएसएमई को जरूरत आधारित वित्तपोषण की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी, बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग चैनलों के दायरे में लाना होगा और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी।

उन्होंने कहा कि तकनीक बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसान डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि "आप (बैंक) ऐसा डिजिटल सिस्टम नहीं रख सकते जो कहीं हैक हो जाए और पूरा सिस्टम व उस पर भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसलिए आपके पास एक मजबूत और लचीला सिस्टम होना चाहिए जिसके लिए आपको समय-समय पर यह सुनिश्चित करना होगा कि फायरवॉल पर्याप्त हों।

# एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस मामले में गूगल को राहत सीसीआई के आदेश के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** गूगल ने गुरुवार सुप्रीम कोर्ट में बताया कि एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस मामले में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों से संबंधित मामले में दलीलें सुनने में पांच-छह दिन लग सकते हैं। पिछले साल 29 मार्च को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने इस मामले में गूगल की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों पर मिश्रित फैसला सुनाया था। फैसले में 1,338 करोड़ रुपये का जुमार्ना बरकरार रखा गया था, लेकिन प्ले स्टोर पर तीसरे पक्ष के एप स्टोर की मेजबानी की अनुमति जैसी शर्तों को हटा दिया गया था। शीर्ष अदालत गूगल और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की ओर से दायर की गई दलीलों पर विचार कर रही है। याचिका में एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस मामले में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों से संबंधित एक मामले में अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पहले ही इन याचिकाओं को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। दिन की कार्यवाही की शुरूआत में, प्रौद्योगिकी दिग्गज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने याचिका का उल्लेख किया और कहा कि मामले की सुनवाई में पांच-छह दिन लग सकते हैं।

सीजेआई ने कहा, "यह (याचिका) बोर्ड (कार्यसूची) में अपनी स्थिति बनाए रखेगी। देखते हैं चीजें आगे बढ़ती हैं...इस मामले को शुरू होने दीजिए। हम देखेंगे।" इससे पहले जुलाई में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि वह इस मामले में गूगल और सीसीआई की दलीलों पर सितंबर के दूसरे सप्ताह में सुनवाई करेगा।

पीठ ने मामले के आसान निर्णय के लिए दोनों पक्षों के वकीलों की मदद से आम डिजिटल याचिका तैयार करने के लिए वकील समीर बंसल को नोडल वकील नियुक्त किया था। एनसीएलएटी ने अपने फैसले में एंड्रॉयड में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाने के लिए सीसीआई द्वारा प्रौद्योगिकी दिग्गज पर लगाए गए जुमार्ने को बरकरार रखा था।एनसीएलएटी ने एंटी-ट्रस्ट विनियामक के आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि गूगल उपयोगकताओं द्वारा अपने प्री-इंस्टॉल किए गए ऐप्स को हटाने पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा। गूगल और सीसीआई दोनों एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आये। पिछले वर्ष 7 जुलाई को शीर्ष अदालत ने पहली बार इन अपीलों पर सुनवाई की थी।

# सहारा में निवेश कर फंसे लोगों के लिए राहत भरी खबर, पैसों की वापसी पर सरकार का बड़ा फैसला





**नई दिल्ली** सरकार ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के छोटे जमाकताओं के लिए धन वापसी की सीमा को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया है। सहकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ने अब तक सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह के सहकारी समितियों के 4.29 लाख से अधिक जमाकताओं को 370 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

अधिकारी ने कहा, "रिफंड राशि की सीमा बढ़ाकर 50,000 रुपये करने से अगले 10 दिनों में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।" अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह छोटे जमाकताओं के लिए रिफंड राशि की सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई थी। सरकार रिफंड जारी करने से पहले जमाकताओं के दावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद, सहारा समूह की चार बहु-राज्य सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकताओं को पैसे लौटाने के लिए 18 जुलाई, 2023 को सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल शुरू किया गया।

ये समितियां हैं – सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, लखनऊ; सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, भोपाल; हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, कोलकाता; तथा स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, हैदराबाद। 29 मार्च, 2023 के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, 19 मई, 2023 को सेबी-सहारा रिफंड खाते से 5,000 करोड़ रुपये की राशि केंद्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित की गई। डिजिटल माध्यम से धन के वितरण की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी द्वारा की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल में जोमैटो को 17.7 करोड़ का जीएसटी नोटिस




**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को जीएसटी विभाग से 17.7 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने बुधवार को बताया, उसे जुमार्ने और ब्याज के साथ यह नोटिस पश्चिम बंगाल जीएसटी प्राधिकरण से मिला है। कंपनी ने कहा, मामला अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 के बीच का है। फिलहाल जोमैटो इसके खिलाफ अपील करने पर विचार कर रही है।डिब्बा बनाने वाली कंपनी टपरवेयर होगी दिवालिया

रसोई और घरों में इस्तेमाल के लिए डिब्बे (कंटेनर) बनाने वाली टपरवेयर ब्रांड्स कॉर्प ने दिवालियापन के लिए आवेदन किया है। कंपनी ने यह फैसला वैश्विक स्तर पर बिक्री में आ रही गिरावट और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ कई सालों तक संघर्ष करने के बाद किया है।

कंपनी ने चैप्टर-11 बैंकरप्सी प्रोटेक्शन के लिए आवेदन किया है, जो बिजनेस को काम जारी रखने के लिए अपने ऋण और संपत्ति को पुनर्गठित करने की अनुमति देता है। कंपनी ने अमेरिका के डेलावेयर में दिवालियापन के लिए दाखिल आवेदन में कहा कि उसकी संपत्ति 50 करोड़ डॉलर से एक अरब डॉलर के बीच है, जबकि कंपनी पर एक अरब डॉलर से 10 अरब डॉलर के बीच का कर्ज है।

**लंबे समय से आर्थिक संकट में घिरी थी कंपनी...**कोविड-19 महामारी के शुरूआती दिनों में टपरवेयर की बिक्री में कुछ सुधार हुआ, लेकिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण 2018 से कुल बिक्री में लगातार गिरावट आ रही है। पिछले साल, कंपनी ने अतिरिक्त वित्तपोषण की मांग की थी। कंपनी ने निवेशकों को व्यवसाय में बने रहने की अपनी क्षमता और न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवायएसई) से डीलिस्ट होने के जोखिम के बारे में चेतावनी भी दी थी। जून 2024 तक कंपनी ने अपने आखिरी अमेरिकी प्लांट को बंद करने का फैसला किया। इसके चलते कई लोग बेरोजगार हो गए। टपरवेयर का शेयर पिछले 5 दिन में 56.04% गिर चुका है। वहीं, इस साल अब तक इसके शेयर में 75% की गिरावट देखने को मिली है। पिछले 5 साल में टपरवेयर का शेयर 96.75% गिर चुका है।

**शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16 फीसदी उछाल...**शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 16.12 फीसदी बढ़कर 9.95 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पहुंच गया।?अग्रिम कर संग्रह में तेज बढ़ोतरी के कारण यह उछाल दर्ज किया गया है। इस दौरान 2.05 लाख करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो एक साल पहले की समान अवधि से 56.49 फीसदी ज्यादा है।

# शेयर बाजार में ऊपरी स्तरों से बिकवाली, सेंसेक्स 236 अंक ऊपर बंद, निफ्टी 25450 के नीचे




**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा चार साल से अधिक समय में पहली बार नीतिगत दर में कटौती की घोषणा के बाद मजबूत वैश्विक रुझानों के अनुरूप बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 236.57 अंक या 0.29 प्रतिशत चढ़कर 83,184.80 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 825.38 अंक या 0.99 प्रतिशत चढ़कर 83,773.61 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 38.25 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 25,415.80 पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 234.4 अंक या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 25,611.95 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 83.66 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में एनटीपीसी, नेस्ले, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक सर्वाधिक लाभ में रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टूब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस गिरावट वाले शेयरों में शामिल रहे। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में तेजी रही। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की अपेक्षा से अधिक कटौती किए जाने तथा आगे और कटौती किए जाने के संकेत दिए जाने के बाद बेंचमार्क सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद नीचे आए पर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। ब्याज दरों में भारी कटौती से वैश्विक मंदी को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं, इसके कारण मिड और स्मॉल कैप शेयरों में मुनाफावसूली दिखी।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,153.69 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। वॉलफोर्ट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के संस्थापक विजय भारडिया ने कहा, "50 आधार अंकों की दर कटौती अमेरिकी फेड द्वारा अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए एक साहसिक कदम है, जो बदले में आरबीआई सहित अन्य वैश्विक केंद्रीय बैंकों के लिए नरम ब्याज दर व्यवस्था शुरू करने का रास्ता खोलेगा।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 74.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स 131.43 अंक या 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 82,948.23 पर बंद हुआ था। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 41 अंक या 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 25,377.55 पर बंद हुआ था।

# डेढ़ माह में 35 लाख शादियों पर खर्च होंगे 4.25 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** देश में इस साल नवंबर से दिसंबर मध्य तक यानी डेढ़ महीने में 35 लाख शादियां होंगी, जिन पर 4.25 लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। एक साल पहले की समान अवधि में 32 लाख शादियां हुई थीं। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024-25 के बजट में सोने पर आयात शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी करने से शादियों में बड़े खर्च को बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से सोने की खरीदारी में बड़ी तेजी देखने को मिल सकती है। 15 जनवरी से 15 जुलाई के बीच देश में 42 लाख से अधिक शादियों पर 5.5 लाख करोड़ खर्च हुए थे।

**विवाह पर हर साल खर्च होते हैं 130 अरब डॉलर...**रिपोर्ट के मुताबिक, शादियों के लिहाज से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। देश में हर साल करीब एक करोड़ शादियां होती हैं।

द इकनॉमिस्ट के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि यह क्षेत्र भारत का चौथा सबसे बड़ा उद्योग है, जो लाखों नौकरियां देता है।

देश में शादियों पर हर साल होने वाला खर्च बढ़कर 130 अरब डॉलर (10.88 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है।

**देश में 25 वेडिंग साइट्स विकसित कर रही सरकार...**भारत को अंतरराष्ट्रीय विवाहों के लिए शीर्ष विकल्प के रूप में प्रोत्साहन देकर सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। इस पहल के तहत देशभर में करीब 25 प्रमुख स्थलों को वेडिंग साइट्स के रूप विकसित किया जा रहा है। मेक इन इंडिया अभियान की सफलता के आधार पर इस पहल का लक्ष्य करीब 12.1 अरब डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये) का फॉरेक्स प्राप्त करना है, जो वर्तमान में विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग पर खर्च होते हैं।

# फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती के बाद बाद सोना 100 रुपये चढ़ा



**नई दिल्ली।** स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 100 रुपये बढ़कर 75,650 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 75,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में लगातार छठे सत्र में तेजी आई। गुरुवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। छह कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमतों में 7,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है।

इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 100 रुपए मजबूत होकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। व्यापारियों के अनुसार घरेलू बाजारों में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण पीली धातु की कीमतों में तेजी आई है।

इस बीच, वायदा कारोबार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया। एमसीएक्स पर अक्तूबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 498 रुपये या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 73,553 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

एक्सचेंज में दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 2,105 रुपये अथवा 2.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 90,404 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अपनी प्रमुख ब्याज दर में 50 आधार अंकों की कटौती करने के निर्णय से आया। यह 4.75 प्रतिशत से 5 प्रतिशत के दायरे में आ गई। 2020 के बाद यह पहली बार है जब फेड ने ब्याज दरों में कटौती की है। यह निर्णय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में धीमी आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति में कमी जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए लिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.45 प्रतिशत उछलकर 2,610.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के कारण गुरुवार को सोने की कीमतों में शुरूआती गिरावट के बाद सुधार हुआ और इसमें तेजी आई।"

जूलियस बेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक- वरिष्ठ सलाहकार, अन्मेश कुलकर्णी के अनुसार, सोने के बाजार का ध्यान पूरी तरह से चीनी निवेश मांग और केंद्रीय बैंक की खरीद से हटकर पश्चिम में ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर केंद्रित हो गया है। निकट भविष्य में, हम सोने पर सकारात्मक बने हुए हैं। कुलकर्णी ने कहा कि ब्याज दरों में कमी की उम्मीदों से वायदा बाजार में धारणा मजबूत हो रही है और सुरक्षित निवेश चाहने वाले लोग वापस भौतिक बाजार की ओर आकर्षित हो रहे हैं। एशियाई कारोबारी घंटों में चांदी भी 2.58 प्रतिशत बढ़कर 31.48 डॉलर प्रति औंस हो गई।

कोटक सिक्योरिटीज में मुद्रा, कमोडिटी और ब्याज दरों के शोध प्रमुख, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिंद्य बनर्जी ने कहा, "व्यापारियों का अनुमान है कि अल्पकालिक अस्थिरता के अलावा मौद्रिक नीति में ढील से सोने और चांदी दोनों को लाभ होगा, क्योंकि अमेरिकी डॉलर कमजोर हो रहा है।" बनर्जी ने कहा कि सोने की कीमतें 2,530 से 2,630 डॉलर प्रति औंस के बीच रह सकती हैं, जबकि चांदी की कीमतें 30 से 32 डॉलर प्रति औंस के दायरे में रह सकती हैं।




# मानसून के सीजन में दिखें फैब

-जेबा खान-

जैसे ही मानसून आता है अपने साथ लता है उमस और चिप चिप वाली गर्मी जो के देती है खर किसी को बेहाल जिसमें फैशन करना हो जाता है आफत का काम अगर आप कूल दिखना चाहती हैं, तो लेटेस्ट ट्रेंड जानना आपके लिए बेहद जरूरी हो जाता है। इन गार्मियों में करे धमाल पेस्टल, फ्लोरल प्रिंट और सॉफ्ट न्यूट्रल कलर्स जैसे नरम सफेद, चारकोल ग्रे, हल्का नीला, हल्का गुलाबी, क्रैनबेरी लाल और नेवी जैसे कलर का ट्रेंड है। यह आपको गर्मी के मौसम में कूल लुक देने के साथ कूल रखता भी है।

## को ऑर्ड सेट

इस सीजन में को ऑर्ड सेट है काफी इन जो आपको कम्फर्टेबल फील करवाने के साथ ही देता है एक कूल लुक आज कल के टाइम को ऑर्ड सेट बच्चे, जवान और बुजुर्गों का भी काफी फेवरेट बन चूका है।

## ट्रेंडी हैं क्रोशिया निट ड्रेसेज



क्रोशिया ड्रेसेज भी इस समर में खूब ट्रेंड में है। इनके डिजाइंस को उभारने के लिए इनमें क्रोशिया का यूज बहुत खूबसूरती से किया गया है। डिफरेंट स्टाइल देने में ये ड्रेसेज भी आपके खूब काम आएंगी।

## परफेक्ट है चिकनकारी कुर्ता और कॉटन पैंट



चिकनकारी कुर्ता और कॉटन पैंट इस गर्मी के मौसम के लिए परफेक्ट हैं। इसलिए आप इन्हें अपनी कालेक्शन में बेहिचक शामिल कर सकती हैं। ये शोर्ट-लॉन्ग दोनों साइज में मिलती हैं। इसलिए इसमें आपके पास चॉइस की पूरी गुंजाइश है।

## हमेशा से है ट्रेंड में शॉर्ट

## कॉटन स्कर्ट



ट्रेंड है शॉर्ट कॉटन स्कर्ट का। ये टाइट और फ्लोई, दोनों डिजाइंस में आपको मिल जाएंगी। प्लेन में वाइट व यलो कलर, तो फ्लोरल में भी कई पैटर्न आपको मिल जाएंगे।

## स्किन फिट जींस की जगह पहनें लूज फिट जींस

गर्मी और सर्दी के मौसम में स्किन फिट जींस कैरी करना पसंद करते हैं, लेकिन बारिश में जींस पहनना दिक्कत पैदा कर सकता है। कोशिश करें कि इस मौसम में लूज फिट लोअर ही पहनें। अगर जींस पहनना ज्यादा पसंद है तो भी स्किन टाइट जींस न पहनें।

पेस्टल, लैवेंडर, ऑफ व्हाइट, पीच ज्यादातर लोग समर में पेस्टल, लैवेंडर, ऑफ व्हाइट, पीच कॉम्बिनेशन इन है। आप भी फैशन के साथ चलना चाहती हैं, तो इन कलर कॉम्बिनेशन की ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ब्राइट बोल्ड कलर और सॉफ्ट न्यूट्रल के ट्रेंड के साथ चलने के लिए इन्हें आप यूज कर सकती हैं। इसके अलावा, ग्लैमरस लुक पाने के लिए नेवी ब्लू, ग्रे या वाइन कलर के बारे में भी सोच सकती हैं।

## पॉप्युलर है अब भी मैक्सी ड्रेस

लंबे समय से पॉप्युलर मैक्सी ड्रेस का ट्रेंड अभी गया नहीं है। इसलिए अभी भी ये मार्केट में कई कलर्स व डिजाइंस में आपको मिल जाएंगी। इनकी खासियत यह है कि ये हर ओकेजन के लिए डिजाइन की गई हैं।

कार्गोज

कार्गोज समर के लिए परफेक्ट और अच्छा चयन है। चूंकि इसमें कई डिजाइंस व कलर्स इस समय छाए हुए हैं। यह किसी भी मौसम में पहले जाने वाली ड्रेंस है।

## अट्रैक्टिव स्कार्फ का करें चयन



अगर सही ढंग से यूज किया जाए, तो स्कार्फ से ज्यादा अट्रैक्टिव चीज और कुछ नहीं। अपने आउटफिट से मैच करता प्यारा-सा स्कार्फ चुनें और फिर देखें कि आप पर लोगों की नजर ठहर जाएगी।

## सूट्स में भी काफी वैराइटीज...



पाकिस्तानी सूट

आज कल पाकिस्तानी सूट का चलन युवतियों में सबसे अधिक दिख रहा है। इस स्टाइल के लिए लोग लूज और टाइट एंक्ल लेंथ का पजामे प्रयोग कर सकती हैं। कुरते को आकर्षक लुक देने के लिए आप चाहें तो रंग से मेल खाता या फिर कन्ट्रास्ट लेकर गोटा भी लगवा सकती हैं। पार्टी से लेकर रोजमर्रा में भी आप इस स्टाइल को पहन सकती हैं।

अगर आप रेडिमेड पाकिस्तानी सूट चाहेंगी तो लगभग 2500 रुपए से इसकी शुरूआती कीमत है, पर वहीं अगर आप कपड़ा लेकर सिलवाना चाहती हैं तो वह थोड़ा महंगा पड़ जाता है। वैसे बाजार में इस स्टाइल की भरमार है, तो बेहतर आप बाजार से इसे खरीद लें।

## अंगरखा स्टाइल



कितने ही नए ट्रेंड क्यों न आ जाएं लेकिन यह स्टाइल युवतियों को कभी पुराना नहीं लगता। इसकी खासियत है की इस स्टाइल को जब भी पहना जाए ये नयेपन का अहसास देता है। इस स्टाइल के लिए चटख रंगों का चुनाव करना बेहतर होगा चूंकि हल्के रंग में यह स्टाइल फब कर नहीं आता। इस स्टाइल पर क्वॉटर स्लीवस सुंदर लगती हैं। वैसे बाजार में इस स्टइल के बहुत से सूट और कुरते की भरमार है पर अगर आपकी बुटीक वाली पेशेवर है तो वह भी उसमें कोई नई कारीगिरी आजमा सकती है।

सभी फ्लोरल कलर्स इन गर्मी में हॉट सेल्लिंग हैं। ये यंग और फ्रेश लुक पाने में खूब इस्तेमाल किए जा रहे लेवेंडर, नरम सफेद, चारकोल ग्रे, हल्का नीला, हल्का गुलाबी, क्रैनबेरी लाल और नेवी भी इस समर में इन हैं।



# प्री-वेडिंग शूट के लिए ताजमहल के पास बेहतरीन जगहें

हाल के दिनों में प्री-वेडिंग शूट का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। शादी से पहले कपल्स अपने प्यार और रिश्ते को यादगार बनाने के लिए खास फोटोशूट करवाते हैं। इसके लिए वे कई जगहों की खोज करते हैं और अक्सर एक विशेष थीम चुनते हैं। ताजमहल को प्यार की मिसाल माना जाता है, लेकिन यहां प्री-वेडिंग शूट की अनुमति नहीं है। हालांकि, ताजमहल के आसपास कुछ खूबसूरत जगहें हैं जहां आप शानदार प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं। आइए जानते हैं उन बेहतरीन जगहों के बारे में।

## दशहरा घाट



ताजमहल के पास स्थित दशहरा घाट प्री-वेडिंग शूट के लिए एक बेहतरीन स्थान है। यहां पर यमुना नदी के किनारे फोटोशूट का अलग ही मजा आता है। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां की खूबसूरती दोगुनी हो जाती है। आप यहां छोटी नाव की सवारी भी कर सकते हैं, जो आपके फोटोशूट को और भी खास बना देगी। यमुना नदी और ताजमहल का संयोजन यहां एक अनोखा दृश्य प्रस्तुत करता है। अगर आपने सोशल मीडिया पर यमुना घाट और ताजमहल की तस्वीरें देखी हैं, तो यह जगह आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है।

## मेहताब बाग



आगरा में स्थित मेहताब बाग भी प्री-वेडिंग शूट के लिए एक शानदार जगह है। यह बाग यमुना नदी के विपरीत दिशा में स्थित है और यहां पर फूल, पेड़ और पौधों की प्राकृतिक खूबसूरती देखने को मिलती है। यहां से आप सुबह और शाम के समय ताजमहल की अद्भुत सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। मेहताब बाग में प्री-वेडिंग शूट आपके फोटोज को एक सुंदर और प्राकृतिक बैकग्राउंड देगा।

## ताज नेचर वॉक



ताजमहल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित ताज नेचर वॉक एक खूबसूरत स्थल है। यहां पर हरियाली के बीच ताजमहल का नजारा देखने को मिलता है। ताज नेचर वॉक में शाहजहां और मुमताज व्यू पॉइंट बने हुए हैं, जहां से आप शानदार तस्वीरें ले सकते हैं। यदि आपको नेचर फोटोग्राफी पसंद है, तो यह जगह आपके लिए आदर्श होगी। यहां की हरियाली और ताजमहल का खूबसूरत दृश्य आपके प्री-वेडिंग फोटोशूट को एक खास ट्विस्ट देगा। इन जगहों पर जाकर आप ताजमहल के पास एक अद्वितीय और खूबसूरत प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं। इन स्थानों की प्राकृतिक सुंदरता और ताजमहल के नजदीक होना आपके फोटोशूट को और भी यादगार बना देगा।




आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब दिनचर्या से दिल पर बुरा असर पड़ रहा है। सही खान-पान और जीवनशैली की कमी के कारण दिल कमजोर हो रहा है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे खतरनाक रोगों का खतरा बढ़ गया है। दिल की सेहत जानने के लिए एउत्रॄ और एँङ्ग जैसे टेस्ट आमतौर पर कराए जाते हैं, लेकिन आप घर पर भी कुछ आसान तरीके से अपने दिल की सेहत जान सकते हैं।

## 1. हर दिन 40 सीढ़ियां चढ़ें

डॉक्टर्स के मुताबिक, अगर आप 1.5 मिनट में 40 सीढ़ियां चढ़ सकते हैं बिना सांस चढ़े या थके हुए, तो इसका मतलब है कि आपका दिल स्वस्थ है। अगर सीढ़ियां चढ़ते समय आपको सांस फूलने या धड़कन बढ़ने की समस्या होती है, तो इसका मतलब दिल में कमजोरी या ब्लॉकेज हो सकता है।

## 2. कमर का साइज नापें

जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक स्टडी के अनुसार, दिल की सेहत का पता कमर के साइज से लगाया जा सकता है। पुरुषों के लिए अगर कमर की साइज 37 इंच या उससे ज्यादा है, और महिलाओं के लिए 31.5 इंच या उससे ज्यादा है, तो यह कमजोर दिल का संकेत हो सकता है। अगर पुरुषों की कमर 40 इंच और महिलाओं की 35 इंच या उससे ज्यादा है, तो दिल पर गंभीर खतरा हो सकता है। मोटापा दिल पर अतिरिक्त प्रेशर डालता है और ब्लॉकेज का कारण बन सकता है।

## 3. नब्ज (पल्स रेट) गिनें

नब्ज, जिसे पल्स रेट भी कहते हैं, से भी दिल की सेहत का पता लगाया जा सकता है। सामान्य स्थिति में, एक मिनट में नब्ज की संख्या 60 से 100 बीट्स होनी चाहिए। एथलीट्स की नब्ज सामान्यतः 40-50 बीट्स प्रति मिनट हो सकती है। अगर नब्ज कम है और इससे सांस फूलने या सिर घूमने जैसी समस्याएं होती हैं, तो यह दिल की सेहत के लिए चिंता का विषय हो सकता है। इन आसान तरीकों से आप घर पर ही अपनी दिल की सेहत को चेक कर सकते हैं। अगर इनमें से कोई भी संकेत दिखे, तो डॉक्टर से सलाह लेना उचित होगा।




पढ़ने वालों बच्चों के रूम में जरूर लगाएं ये 5 पौधे, बनी रहेगी सकारात्मक एनर्जी

बच्चों की पढ़ाई में मन न लगने की समस्या कई पेरेंट्स की शिकायत होती है। अक्सर इसका कारण फोकस की कमी या स्टडी रूम का वातावरण होता है। स्टडी रूम को कुछ इंडोर प्लांट्स से सजाकर बच्चों के पढ़ाई के लिए अनुकूल बनाया जा सकता है। ये प्लांट्स ना सिर्फ हवा को शुद्ध करते हैं बल्कि एक खुशहाल माहौल भी बनाते हैं, जिससे पढ़ाई में मन लगाना आसान होता है। यहां कुछ ऐसे पौधों की जानकारी दी जा रही है जिन्हें स्टडी रूम या स्टडी टेबल पर रखा जा सकता है:

## कॉर्डलाइन फ्रुटिकोसा

इसे लकी प्लांट भी कहा जाता है। यह प्लांट एयर प्यूरीफायर की तरह काम करता है और वातावरण को शांति प्रदान करता है, जिससे कंसंट्रेशन बढ़ता है।

## विनेश फोगाट का आरोप

# पीएम मोदी के दिल में खिलाड़ियों के लिए सच्चा प्यार नहीं है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने के बावजूद पदक जीतने से चूक गईं। वह फाइनल में स्वर्ण पदक की दावेदार मानी जा रहीं थीं, लेकिन प्रतिस्पर्धा वाले दिन उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला और वह डिस्क्वालिफाई हो गईं। उनके डिस्क्वालिफाई होने पर देश भर के खेल प्रेमियों ने निराशा जाहिर की। राजनेताओं ने ओलंपिक आयोजन समिति के फैसले पर अपना विरोध जताया।

हालांकि, नतीजा सिफर रहा और विनेश पेरिस से खाली हाथ भारत लौटीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें चैंपियन ऑफ चैंपियन कहा, लेकिन विनेश फोगाट को लगता है कि ऐसा सिर्फ उन्होंने जनता की सहानुभूति लेने के लिए किया। विनेश फोगाट का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में खिलाड़ियों के प्रति सच्चा प्यार नहीं है। वह सिर्फ अपनी ताकत दिखाने के लिए ऐसा करते हैं। इंटरव्यू में विनेश ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की।

● **सवाल:** आपने जंतर-मंतर पर अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री की चुप्पी के बारे में बात की है

●विनेश फोगाटः यह बहुत निराशाजनक था। वह एथलीट्स से मिलते रहते हैं और कई अलग-अलग काम करते रहते हैं। अगर वह खेलों के बारे में वाकई सोचते हैं और खिलाड़ियों के लिए उनका सच्चा प्यार है, तो मुझे नहीं लगता कि इतनी बड़ी घटना (विरोध प्रदर्शन) के बाद वह खुद को रोक पाते. जब उन्हें सब कुछ पता होता है, तब भी कुछ नहीं कहनाज यह खिलाड़ियों के लिए सच्चा प्यार नहीं है, वह सिर्फ अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं।

● सवालः आपके पदक से चूकने के बाद प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया था कि 'आप चैंपियनों में चैंपियन हैं'

●विनेश फोगाटः उन्होंने कब ट्वीट किया? मेरे फाइनल में पहुंचने के एक पूरे दिन बाद तक कोई ट्वीट नहीं किया। इससे पहले उन्होंने तुरंत सभी एथलीट्स को फोन किया था। वजन मापने का मुद्दा अगले दिन हुआ। फाइनल में पहुंचने के बाद मुझे प्रधानमंत्री का फोन क्यों नहीं आया? कारण स्पष्ट है।

● सवालः खबर है कि हरियाणा सरकार आपको ओलंपिक रजत पदक विजेता जितना इनाम देने को तैयार है.

●विनेश फोगाटः पूरा देश उम्मीद कर रहा था कि मैं स्वर्ण पदक जीतूंगी। अगर सरकार कहती कि हम स्वर्ण पदक विजेता जितना इनाम देंगे तो लगता कि वादा दिल से किया गया है, लेकिन इसमें राजनीति ज्यादा थी कि हम आपको रजत पदक विजेता जितना इनाम देंगे और आपको सम्मानित करेंगे।

देशवासियों के दिल में मेरे प्रति भावनाएं थीं, मैं किसी को भावनाओं के साथ राजनीति नहीं करने दूंगी। पहले सुना कि कोई कार्यक्रम (सम्मान) होगा। मैंने चेक लौटा दिया। फिर उन्होंने कहा कि खाते में आ जाएगा, लेकिन कुछ नहीं आया। यह सिर्फ बातें थीं क्योंकि चुनाव नजदीक थे। मुझे ओलंपिक खेलने के लिए सिर्फ 15 लाख रुपये मिले।

● सवालः क्या आपको लगता है कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संस्था को दूसरे दिन कम से कम 1 घंटा वजन घटाने की छूट देनी चाहिए?

●विनेश फोगाटः बिल्कुल। मुझे लगता है कि फाइनल में पहुंचने वालों का वजन दोबारा जांचने की भी जरूरत नहीं है। या उन्हें दूसरे दिन वजन मापने में थोड़ी देरी करनी चाहिए ताकि उन्हें अधिक समय मिल सके। इसमें छूट होनी चाहिए, खासकर महिलाओं के लिए क्योंकि उनकी शारीरिक संरचना पुरुषों से अलग होती है।

जब आप अपनी फिटनेस के चरम पर होती हैं तो महिलाएं एक दिन में 3 किलो से अधिक वजन नहीं घटा सकती हैं क्योंकि आपका वसा प्रतिशत पहले से ही बहुत कम होता है। पुरुष पहलवान ऐसा कर सकते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि हमारे शरीर में पानी जमा रहता है। सभी महिला एथलीट्स दूसरे दिन वजन घटाने को लेकर चिंतित रहती हैं। खेल गांव में अलग-अलग खेलों से कम से कम 50 ऐसे एथलीट थे, जिन्होंने मुझे गले लगाया और कहा कि यह गलत है।

# 38 साल के अश्विन का चेन्नई में गरजा बल्ला ठोका टेस्ट क्रिकेट का छठा शतक

**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में चेन्नई में जहां भारत के दिग्गज खिलाड़ियों जैसे कि रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल ने निराश किया तो वहीं यशस्वी जायसवाल ने 56 रन की पारी खेली। लंबे समय बाद टेस्ट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी अच्छा प्रयास किया और टीम के लिए 39 रन बनाए, लेकिन पहली पारी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रवि अश्विन ने कमाल कर दिया और बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का छठा शतक लगा दिया।

### बांग्लादेश के खिलाफ अश्विन का टेस्ट में पहला शतक

आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार शतकीय पारी खेली तो वहीं भारतीय धरती पर टेस्ट क्रिकेट में ये उनका चौथा शतक भी रहा। अश्विन ने इस शतक से पहले टेस्ट क्रिकेट में एक शतक इंग्लैंड के खिलाफ तो वहीं 4 शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाए थे।

इस मैच में भारत के 6 विकेट 144 रन के स्कोर पर गिर गए थे और उसके बाद अश्विन ने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए कमाल की साझेदारी की और भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



### अश्विन ने खेली तेज पारी, लगाया शतक

आर अश्विन ने इस मैच में 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था और फिर उन्होंने अपना शतक 108 गेंदों पर पूरा किया। इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने 2 छक्के और 10 चौके लगाए।

टेस्ट क्रिकेट में चेन्नई में ये उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक रहा। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथी बार शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में पहली पारी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली बार शतक लगाने का भी कमाल किया। इस शतकीय पारी के साथ अश्विन ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर के 101वें मैच को यादगार बना दिया। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 339 रन बनाये। अश्विन नाबाद 102 जडेजा 86 नाबाद रहे।

# 634 दिन बार टेस्ट में वापसी कर ऋषभ पंत ने टेस्ट में हासिल किया खास मुकाम



**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के जरिए ऋषभ पंत ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 634 दिन के बाद वापसी की। टेस्ट में वापसी से पहले पंत ने दलीप ट्रॉफी 2024 में भी अपना हाथ आजमाया था और अच्छा प्रदर्शन किया था। पंत को पहले टेस्ट मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया और उन्होंने पहली पारी में कठिन परिस्थिति में भारत के लिए संघर्षपूर्ण पारी खेली। हालांकि पंत अपनी इस पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन प्रभावी साबित हुए। अपनी इस पारी के जरिए पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर 4000 रन पूरे किए और एमएस धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने।

ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन की पारी खेली और बतौर विकेटकीपर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले पंत दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत का बतौर विकेटकीपर इंटरनेशनल क्रिकेट में अब टोटल स्कोर 4014 रन हो गया। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 4000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज एमएस धोनी थे।

# मोहन बागान ने ड्रॉ के साथ की एफसी चैंपियंस लीग 2 की शुरुआत, रावशन कुलोब से था मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के कोलकाता का फुटबॉल क्लब मोहन बागान के लिए एफसी चैंपियंस लीग 2 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. भारतीय फुटबॉल क्लब को पहला मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त करना पड़ा. मुकाबले में मोहन बागान के सामने तजाकिस्तान के रावशन कुलोब की चुनौती थी. दोनों के बीच यह मुकाबला बुधवार (18 सितंबर) को खेला गया.

### दोनों टीमों ने गंवाए मौके

मुकाबले में मोहन बागान की तरफ से कई मौके मिस किए गए. पहला मौका 19वें मिनट पर मिला. हालांकि इस मौके को भुनाया नहीं जा सका. फिर 27वें मिनट पर रावशन कुलोब को लगभग गोल करने का मौका मिल ही गया था, लेकिन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ ने उसे सेव कर लिया. इसके अलावा भी रावशन कुलोब की तरफ से कुछ अटैक किए गए, लेकिन मोहन बागान के सामने वो विफल रहे.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहन बागान और रावशन कुलोब के बीच खेले गए मुकाबले को देखने के लिए करीब 18 हजार लोग पहुंचे थे.



### ग्रुप ए में मौजूद है मोहन बागान

बता दें कि मोहन बागान एफसी चैंपियंस लीग 2 के ग्रुप ए में मौजूद है. 4 टीमों वाले ग्रुप में मोहन बागान पहले ड्रॉ के साथ तीसरे पायदान पर है, जबकि तजाकिस्तान की रावशन कुलोब दूसरे नंबर पर है. वहीं 1 में 1 जीत के साथ ईरान का ट्रैक्टर एस सी क्लब पहले नंबर पर है. एक जीत के साथ ट्रैक्टर एस सी के पास 3 प्वाइंट्स मौजूद हैं. वहीं मोहन बागान और रावशन कुलोब के पास ड्रॉ के बाद 1-1 प्वाइंट मौजूद है. ग्रुप में कतर का अल-वकरा क्लब एससी बिना किसी जीत के सबसे नीचे यानी चौथे पायदान पर है.

### ईरान के ट्रैक्टर एस सी से होगी अगली भिड़ंत

गौरतलब है कि पहला मैच ड्रॉ पर खत्म करने वाले मोहन बागान की अगली भिड़ंत ईरान के ट्रैक्टर एस सी से होगी. दोनों के बीच यह मुकाबला 02 अक्टूबर, बुधवार को खेला जाएगा. टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए मोहन बागान के लिए यह मैच जीतना बहुत जरूर होगा.

## शतरंज ओलंपियाड

# गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और बुधवार को यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की।



जॉर्जिया 2008 में शतरंज ओलंपियाड का पूर्व विजेता है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे। ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की।

ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया। हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं। सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं।

# आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा मारे छक्के, सीपीएल 2024 में 240 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 15 गेंदों में जिताया...



**गयाना, एजेंसी।** आंद्रे रसेल का नाम भी सुना होगा और उनके काम के बारे में भी जानते होंगे. बिल्कुल वैसा ही वो सीपीएल 2024 में 18 सितंबर को खेले मुकाबले में करते दिखे हैं. त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए रसेल ने सिर्फ 15 गेंदों पर मैच जिताने वाली पारी खेली. गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रसेल आखिर तक नाबाद रहे. 240 की स्ट्राइक रेट से खेली अपनी इनिंग के बाद वो ना सिर्फ अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रहे बल्कि सबसे ज्यादा रन भी उन्होंने ही बनाए.

गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही. उसके टॉप के 5 विकेट सिर्फ 89 रन पर गिर गए. लेकिन, उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे आंद्रे रसेल ने अपने साथी खिलाड़ी टिम डेविड के साथ मिलकर मैच को पलटने वाली इनिंग खेली.

# चीन को हराने के अगले ही दिन हैक हुआ हॉकी इंडिया का अकाउंट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** हॉकी के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी इस बार चीन के हाथों में थी. 17 सितंबर को हुए फाइनल में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से मात देकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया था.

इसके अगले ही दिन यानि बुधवार 18 सितंबर की देर रात हॉकी इंडिया 'एक्स' (पहले ट्विटर) का अकाउंट हैक हो गया. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पर भारत के हॉकी टीम की जानकारी 'हॉकी इंडिया' के जरिए ही दी जाती हैं. हैकर्स ने रात के करीब 11.30 बजे इस अकाउंट पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा एक पोस्ट किया. हालांकि, फिलहाल इसे रिकवर कर लिया गया है और पोस्ट को भी हटा दिया गया है. हॉकी इंडिया के एक्स अकाउंट के जरिए हैकर्स ने क्रिप्टकरेंसी की एक लिंक दी और इसके जरिए प्रोफिट कमाने की कोशिश की. पोस्ट में हैकर्स ने लिखा कि 'यह अकाउंट हो चुका है.

हम जिस भी अकाउंट को हैक करते हैं, उस पर एक टोकन एड्रेस पब्लिश करते हैं और साथ में प्रोफिट कमाते हैं.' भारतीय फैंस ने इस पोस्ट को तुरंत संज्ञान में लिया और जानकारी फैलानी शुरू कर दी. टीम इंडिया चीन में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को अपने नाम करने के बाद से भारत लौट चुकी है.

19 सितंबर की सुबह टीम ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया. भारत ने पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम किया है. फाइनल में चीन ने भारत को कड़ी टक्कर दी थी. भारतीय टीम को फॉर्म को देखते हुए फैंस को उम्मीद थी कि आसानी से जीत मिल जाएगी.

## अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

# साउथ अफ्रीका को पहला वनडे 6 विकेट से हराया

**शारजाह, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए साउथ अफ्रीका को किसी भी फॉर्मेट में पहली बार हरा दिया है। बुधवार को शारजाह के मैदान पर पहले वनडे में टीम ने साउथ अफ्रीका को 106 रन पर ऑलआउट किया। फिर 26 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल भी कर लिया।

अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 4, अल्लाह घजनफर ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। बैटिंग में गुलबदीन नईब ने 34 और अजमतुल्लाह ओमरजई ने 25 रन बनाकर टीम को आसानी से जीत दिला दी। इसी के साथ अफगानिस्तान से 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत



अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को तीनों फॉर्मेट में पहली बार ही हराया। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 और 2 वनडे खेले गए थे। सभी में साउथ अफ्रीका को जीत मिली थी।

अफगानिस्तान ने अब इतिहास पलटा और साउथ अफ्रीका को हरा दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप की हार का हिसाब बराबर किया दोनों टीमें आखिरी बार इसी साल 26 जून को टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में आमने-सामने हुई थीं। तब साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 56 रन पर ऑलआउट कर दिया था। साउथ अफ्रीका ने फिर 9 ही ओवर में मुकाबला जीत लिया था। अफगानिस्तान ने अब हिसाब बराबर किया और साउथ अफ्रीका को वनडे में 106 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 26 ही ओवर में मैच भी जीत लिया।

वायन मुल्डर ने लगाई फिफ्टी टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 36 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए। टोनी डी जॉर्जी 11, काइल वेरियन 10 और रीजा हेंड्रिक्स 9 ही रन बना सके। 3 बैटर खाता भी नहीं खोल सके, जबकि कप्तान ऐडन मार्करम 2 ही रन बना पाए। वायन मुल्डर ने फिर फिफ्टी लगाई और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

उनके साथ बोर्न फोर्च्यून ने 16 रन बनाए। नांद्रे बर्गर ने एक रन बनाया, जबकि लुंगी एनगिडी खाता भी नहीं खोल सके। टीम 33.3 ओवर में 106 रन ही बना सकी। फजलहक फारूकी पावरप्ले में ही 3 विकेट झटक लिए थे। फारूकी को 4 विकेट अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर अल्लाह घजनफर ने महज 20 रन देकर 3 विकेट झटक लिए। जबकि राशिद खान ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। एक बैटर रनआउट भी हुआ।

अफगानिस्तान की भी खराब शुरुआत 107 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 35 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। रियाज हसन 16 और रहमत शाह 8 ही रन बना सके, रहमानुल्लाह गुरबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। टीम का स्कोर 50 रन के पार ही पहुंचा था कि कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी भी 16 रन बनाकर आउट हो गए।



# श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 नहीं थकने वाली, 27 वें दिन भी की करोडों में कमाई, जवान को मात देने से बस इतनी है दूर


राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में धूम मचाई हुई है. ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई थी तब से ये बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है और हर दिन करोड़ों में कमाई कर रही है. ये फिल्म अब तक एनिमल, पठान, गदर 2 जैसी तमाम बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ चुकी है और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी फिल्म बन चुकी है. चलिए यहां जानते हैं स्त्री 2 ने रिलीज के चौथे मंगलवार यानी 27वें दिन कितनी कमाई की है?साल 2018 की सीक्वल स्त्री ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों से कई गुना ज्यादा शानदार परफॉर्म किया है. रिलीज के पहले दिन से लेकर अब तक स्त्री 2 को सिनेमाघरों में खूब दर्शक मिल रहे हैं. खासतौर पर वीकेंड पर फिल्म को देखने के लिए ऑडियंस की भीड़ थिएटर्स में उमड़ पड़ती है. इसी के साथ स्त्री 2 करोड़ों में कारोबार कर रही है. साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्म बन चुकी स्त्री 2 चौथे हफ्ते में भी बमफाड़ कमाई कर रही है और नए बेंचमार्क भी सेट करती जा रही है.फिल्म की कमाई की बात करें तो ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श द्वारा शेयर किए दए आंकड़ों के मुताबिक स्त्री 2 ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 145.80 करोड़, तीसरे वीक में फिल्म ने 72.83 करोड़ की कमाई की. वहीं चौथे शुक्रवार फिल्म ने 4.84 करोड़, चौथे शनिवार 8.77 करोड़ और चौथे रविवार 11.40 करोड़ और चौथे मंडे 3.60 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ स्त्री 2 के 26 दिनों की कुल कमाई 555.04 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के चौथे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक स्त्री 2 ने रिलीज के 27वें दिन यानी चौथे मंगलवार को 3 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ स्त्री 2 की 27 दिनों की कुल कमाई अब 558.04 करोड़ रुपये हो गई है.स्त्री 2 की कमाई में हर दिन इजाफा होता जा रहा है. ये फिल्म सबसे बड़ा रिकॉर्ड तोड? की ओर बढ़ रही है. दरअसल जिस तरह फिल्म चौथे हफ्ते में भी करोड़ो में कमाई कर रही है उसे देखकर लग रहा कि ये फिल्म हिंदी में 600 करोड़ का क्लब शुरू करने की तैयारी कर रही है. दरअसल अभी तक कोई भी हिंदी फिल्म 600 करोड़ के कल्ब में शामिल नहीं हो पाई है.जवान का लाइफटाइन कलेक्शन 643.87 करोड़ रुपये था लेकिन इसमें तमिल और तेलुगु की कमाई भी शामिल थी. जवान का हिंदी वर्जन में लाइफटाइम कलेक्शन 584 करोड़ था. ऐसे में स्त्री 2 की 27 दिनों की कुल कमाई 558 करोड़ हो चुकी है और अब ये जवान के हिंदी वर्जन के रिकॉर्ड को ब्रेक करने से चंद ही करोड़ दूर है. इसके बाद फिल्म 600 करोड़ के क्लब में एंट्री कर इतिहास भी रच सकती है. देखने वाली बात होगी कि अब आने वाले दिनों में स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करती है.



# ध्वनि भानुशाली की पहली फिल्म कहां शुरू कहां खत्म का ट्रेलर जारी

गायिका ध्वनि भानुशाली गायकी में अपना हुनर पहले ही दिखा चुकी हैं। अब वे अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। वे कहां शुरू कहां खतम फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। आज आखिरकार फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ट्रेलर कॉमेडी ड्रामा का भरपूर डोज दे रहा है। फिल्म की कहानी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है।फिल्म में भानुशाली के साथ आशिम गुलाटी हैं और इसका निर्देशन सौरभ दासगुप्ता ने किया है। शादी की कहानी पर आधारित ट्रेलर में ध्वनि को मंडप से भागी हुई दुल्हन और आशिम गुलाटी को शादी तोड? वाले के रूप में दिखाया गया है। कहानी एक दिलचस्प मोड़ लेती है, जब आशिम के घर वाले ध्वनि को बहू मान लेते हैं और उन्हें अरेंज मैरिज के बंधन में बंधकर रहना पड़ता है। इसके बाद उनकी अरेंज्ड एक्सीडेंटल लव स्टोरी शुरू होती है।ट्रेलर वीडियो साझा करते हुए ध्वनि भानुशाली ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के कैप्शन में लिखा, शादी से बचना आसान है, लेकिन प्यार से बचना? असंभव। कहां शुरू कहां खतम का ट्रेलर अभी रिलीज हो गया। 20 सितंबर को सिनेमाघरों में फिल्म देखें। ध्वनि अपनी डेब्यू फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।वहीं फिल्म के कलाकारों की बात करें तो कहां शुरू कहां खतम में ध्वनि और आशिम के साथ सुप्रिया पिलगांवकर, राकेश बेदी, सोनाली सचदेव, राजेश शर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, चितरंजन त्रिपाठी, विक्रम कोचर, हिमांशु कोहली और विकास वर्मा सहित कई कलाकार हैं। सौरभ दासगुप्ता द्वारा निर्देशित और लुका छुपी और मिमी फेम लक्ष्मण उटेकर और ऋषि विरमानी द्वारा लिखित यह फिल्म कॉमेडी-ड्रामा और रोमांच का भरपूर डोज देगी।लक्ष्मण उटेकर की फिल्म कहां शुरू कहां खतम 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशन्स प्रोडक्शन की इस युवा संगीतमय पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, लक्ष्मण उतेकर, करिश्मा शर्मा और कमलेश भानुशाली द्वारा किया गया है।

# बिग बी ने दो तस्वीरें शेयर कर लिखा भावुक पोस्ट



मुंबई, 12 सितंबर (वेब वार्ता)। बिग बी यानि की बालीवुड के सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर अपनी दो तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर उनके करियर के शुरूआत की है और दूसरी वर्तमान की। बिग बी ने दो तस्वीरें शेयर कर एक भावुक पोस्ट लिखा है। अमिताभ ने लिखा, जब उन्होंने आईने में अपना चेहरा देखा तो उन्हें आश्चर्य हुआ, क्योंकि जो चेहरा वह अब देख रहे हैं, कुछ साल पहले वह कुछ और था।

अमिताभ बच्चन ने लिखा, जब मैंने आईने में देखा तो मैं हैरान रह गया, यह चेहरा जो मैं अब देख रहा हूं, कुछ साल पहले कुछ और था। बावजूद मेरे बदलते चेहरों के बीच मुझे मेरे प्रशंसकों से भरपूर प्यार व स्नेह मिलता रहा। बता दें कि दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन से मिलने के लिए उनके फैंस मुंबई स्थित उनके आवास के बाहर इकठ्ठा होते हैं, लेकिन, एक दिन शायद ऐसा नहीं होगा, क्योंकि एक दिन जीवन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा, गणपति का उत्सव शुरू हो गया है और गणपति हम सभी को शांति और सिद्धि के मार्ग पर ले जाएं और जीवन को खुशियों से भर दें। क्योंकि, खुशी अनंत है। अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इकठ्ठा हुए थे। कोई गणेश जी की मूर्ति के साथ उनकी फोटो लेकर आया था, कोई ढोल बजा रहा था, तो कोई उनकी फिल्मों से जुड़ी तस्वीरें लेकर पहुंचा था। अमिताभ अपने फैंस के इस कदर प्यार से खुद को रोक नहीं पाए।

कुछ देर के लिए वह घर के दरवाजे पर आए, हाथ हिलाते हुए उन्होंने अपने फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म स्त्री-2 में सरकटे का रोल निभाने वाले कलाकार से अमिताभ मिले थे। अमिताभ ने कहा, अब तक लोग मुझे ही लंबू बुलाया करते थे। लेकिन, मुझे खुशी है कि अब लोगों को मुझसे बड़ा लंबू मिल गया है। बता दें कि अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। 80 वर्ष के हो चुके अमिताभ एक निजी चैनल पर टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के लिए काफी मशहूर हैं।



# 15 साल से ऊपर के हर शख्स को दें सीपीआर की ट्रेनिंग : काजोल

हाल ही में फेमस एक्ट्रेस काजोल ने हार्ट अटैक से मरने वालों की बढ़ती संख्या पर अपनी चिंता जाहिर की है और लोगों का खास सलाह दी है। एक्ट्रेस काजोल ने लोगों से अपील की कि 15 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को सीपीआर देना सीखना चाहिए।

सीपीआर देकर कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित व्यक्ति को बचाया जा सकता है। उन्होंने वीडियो शेयर कर लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग लेने के लिए जागरुक किया और कहा, नमस्ते. कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अगर कार्डियक अरेस्ट के पीड़ितों को सीपीआर नहीं दिया गया तो उसका बचना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, रिवाइव हार्ट फाउंडेशन के साथ जुड़कर 2024 में चलिए एक कोशिश करें। 15 साल से ऊपर के हर शख्स को सीपीआर की ट्रेनिंग दें। आप अपनी जान पहचान के कार्डियोलॉजिस्ट से भी सीपीआर देना सीख सकते हैं। ये मुश्किल नहीं है, लेकिन किसी के मुश्किल वक्त में काम जरूर आ सकता है। वहीं इस वीडियो को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा, मैं कार्डियक अरेस्ट अवेयरनेस वीक के कैंपेन एम्बेसडर के रूप में रिवाइव हार्ट फाउंडेशन के अविश्वसनीय काम का सपोर्ट करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस वर्ष, यह कार्डियक अरेस्ट के बारे में जागरूकता पैदा करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि ज्यादा से ज्यादा लोग सीपीआर सीखें। हमारा उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को ट्रेनिंग देना और उन्हें भविष्य में किसी की जान बचाने में मदद करने के लिए सशक्त बनाना है।

बता दें, हाल ही में टीवी एक्टर विकास सेठी का निधन भी हार्ट अटैक से हुआ है। एक्टर को नींद में सोते वक्त दिल का दौरा पड़ा और 48 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए।

# गे की भूमिका में शाहरुख को पहचानना मुश्किल

आपको जानकर हैरानी होगी कि बालीवुड एक्टर शाहरुख खान ने असल में हिंदी से नहीं, बल्कि अंग्रेजी भाषा में बनी एक फिल्म से अपने सिनेमा की दुनिया में कदम रखा था। सोशल मीडिया पर शाहरुख खान का एक पुराना वीडियो इन दिनों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें किंग खान एक समलैंगिक किरदार में नजर आ रहे हैं।

ये फिल्म एक आदर्शवादी छात्र आनंद ग्रोवर/एनी की कहानी है, जो पढ़ाई करने के बजाय भारत की समस्याओं के लिए काल्पनिक समाधान के बारे में सोचना पसंद करता है। यहां तक कि अरुंधति को भी आनंद की प्रेमिका बोहेमियन राधा की भूमिका में दिखाया गया है।



इसमें रोशन सेठ, ऋतुराज सिंह और चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मनोज बाजपेयी भी नजर आए थे। अरुंधति के एक्स हसबैंड प्रदीप किशन द्वारा निर्देशित इन विच ऐनी गिव्स इट टू दोज वन्स को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। एक इसकी स्क्रीन प्ले के लिए जो रॉय को मिला और दूसरा सर्वश्रेष्ठ इंग्लिश फीचर फिल्म के लिए जो प्रदीप को मिला। यह फिल्म 1989 में रिलीज हुई थी। इसमें दिल्ली में 1970 के दशक के अंत में छात्र जीवन की झलक मिलती है। वैसे शाहरुख ने मनोरंजन की दुनिया में इससे एक साल पहले ही कदम रख दिया था। फेमस टीवी सीरियल फौजी से एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद वे कई अन्य टीवी सीरियल में दिखें जिसमें उम्मीद और वागले की दुनिया और अजीज मिर्जा की सर्कस शामिल है। आज, शाहरुख खान दुनिया के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं और सबसे अमीर भी।

एक्टिंग से अलग उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और उनकी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जैसे कई व्यवसायों से उनकी कमाई और बढ़ जाती है।